www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:45 सूर्यास्त 6:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.8 न्यू | 17.08 अधि |
| धर्मशाला | 6.04 न्यू | 21.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72500.30 |
| निफ्टी | 21982.80 |
| सोना 62,840 | चांदी 71,967 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 1 मार्च 2024 | 18 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 73 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



कंगना अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई पेश ... पेज 14

# सुक्खू बने रहेंगे हिमाचल के सीएम

## भाजपा का ऑपरेशन लोटस फेल, बागी विधायक अयोग्य करार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस ने वीरवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षकों में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और हिमाचल सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू शामिल थे। पर्यवेक्षकों ने कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है और सुक्खू सीएम बने रहेंगे। सरकार व संगठन में समन्वय के लिए छह सदस्यीय समन्वय समिति बनाई जाएगी। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य सदस्य होंगे। लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पार्टी एकजुट होकर काम करेगी। इससे पहले कांग्रेस पार्टी के छह बागी विधायकों पर गाज गिर गई है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया है, जिन्होंने सदन में वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के लिए पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया था। (अनंत ज्ञान)

### इन विधायकों की गई सदस्यता

| | |
|---|---|
| सुधीर शर्मा | धर्मशाला |
| राजेंद्र राणा | सुजानपुर |
| देवेंद्र भुट्टो | कुटलैहड़ |
| चैतन्य शर्मा | गगरेट |
| रवि ठाकुर | लाहौल-स्पीति |
| इंद्र दत्त लखनपाल | बड़सर |



शिमला। सचिवालय में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### हिमाचल में ऐसे बची रहेगी सरकार

कुल सीटें 68 | बहुमत 35

कांग्रेस विधायक 40 — अयोग्य 6 विधायक = बचे 34 विधायक

अब बहुमत का आंकड़ा 32 विधायक | सरकार को समर्थन 34 विधायक | बहुमत से दो ज्यादा

### ...इधर सुक्खू सरकार की कार्रवाई

## मनाली में विधायक रवि ठाकुर की जमीन को जाने वाली सड़क बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

लाहौल-स्पीति के विधायक रवि ठाकुर की मनाली के रांगड़ी में पुश्तैनी जमीन को जोड़ने वाली सड़क वन विभाग ने अचानक बंद कर दी है। वन विभाग की टीम के रांगड़ी पहुंचते ही माहौल गरमा गया। हालांकि वन विभाग का कहना है कि यह मामला पुराना है, लेकिन अब चर्चा यह है कि सरकार का साथ न देने से यह कार्रवाई हुई है। वन विभाग ने पत्थर की दीवार लगाकर फिर से सड़क को बंद कर दिया है।

वन विभाग की मानें तो यह सड़क वन भूमि में बनी है और इसे पहले भी बंद किया था। वन विभाग की यह कार्रवाई सोशल मीडिया में



चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं, वन विभाग मनाली के आरओ चेत राम ने बताया कि यह पुराना मामला है, सड़क वन भूमि में बनी है। रवि ठाकुर का वन विभाग के साथ 2013 से यह मामला चला हुआ है।

### धृत शृंगार में वीरभद्र लेपाक्षी महादेव का स्वरूप



**मंडी।** छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर आंध्र प्रदेश के वीरभद्र लेपाक्षी महादेव का धृत शृंगार किया गया। बता दें कि यह वही मंदिर है, जिसमें 70 स्तंभ हैं और एक स्तंभ वेदी से जुड़ा हुआ नहीं है। श्रद्धालु इस स्तंभ के नीचे से कपड़े आदि की चादर आर-पार कर देते हैं। वीरभद्र की कथा दक्ष प्रजापति के यज्ञ से जुड़ी हुई है, जिस समय भगवान शिव ने अपनी जटा उखाड़ कर वीरभद्र को प्रकट किया था। इस रूप की पूजा करने पर पाप और अन्याय का नाश होता है।

## कैबिनेट के फैसले

## पंचायतों और शहरी निकायों में फंड आवंटन के लिए बनेगा 7वां वित्त आयोग

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में वीरवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। राज्य की पंचायतों और शहरी निकाय में फंड आवंटन किस तरह होगा, इसके लिए सातवें वित्त आयोग को बनाने की कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कंप्यूटर और एसएमसी शिक्षकों, मल्टीटास्क वर्करों, पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, नगर निकाय पदाधिकारियों, अध्यक्ष के 1 अप्रैल 2024 से मानदेय में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा औद्योगिक निवेश नीति में संशोधन को मंजूरी दी है। अब उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए आवास बनाने होंगे। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का अस्पताल में निशुल्क उपचार होगा। (अनंत ज्ञान)

- एक अप्रैल से एकल नारी को मकान बनाने को 3-3 लाख
- सवा लाख कर्मियों को एक अप्रैल से बढ़ा हुआ मानदेय
- 50 प्रतिशत डॉक्टरों की हार्ड एरिया में होगी तैनाती

### मेधावियों को लैपटॉप के लिए मिलेंगे 25-25 हजार

**10वीं और 12वीं के** मेधावी विद्यार्थी अब अपनी पसंद के लैपटॉप खरीद सकेंगे। हर मेधावी को 25-25 हजार रुपए की राशि बैंक खाते में डलेगी।

### रिज पर लगेगी वीरभद्र की प्रतिमा

**कैबिनेट** के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि रिज पर स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। 14 महीने से पूर्व सीएम की प्रतिमा नहीं लगने पर विक्रमादित्य सिंह ने नाराजगी जताई थी और बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विक्रमादित्य इसी बात को लेकर भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा कि वीरभद्र के नाम पर कांग्रेस सरकार बनी है, मगर उनकी प्रतिमा के लिए दो गज जमीन नहीं दी गई।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अब छह महीने में स्टे ऑर्डर अपने आप खत्म नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने स्टे ऑर्डर को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 के अपने ही उस आदेश को पलट दिया है, जिसके तहत पहले हाई कोर्ट और निचली अदालत की तरफ से स्टे के अंतरिम आदेशों को जब तक कि विशेष रूप से उन्हें बढ़ाने का आदेश न स्पष्ट हो, छह महीने बाद अपने आप रद्द मान लिया जाता था। अब किसी कोर्ट की तरफ से आपराधिक और दीवानी मामलों में दिए गए स्टे ऑर्डर अपने आप छह महीने में खत्म नहीं होंगे।

### सीरियल ब्लास्ट केस में करीम 30 साल बाद बरी

**अजमेर।** सीरियल बम ब्लास्ट केस में अजमेर की टाडा कोर्ट ने आतंकी अब्दुल करीम टुंडा को बरी कर दिया है, जबकि इरफान और हमीमुद्दीन को दोषी माना गया है। सीरियल बम ब्लास्ट केस में करीब 30 साल बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अब्दुल करीम टुंडा के एडवोकेट शफकत सुल्तानी ने बताया कि सीबीआई कोर्ट द्वारा लगाए गए आरोप कोर्ट ने नहीं माने।

### मध्य प्रदेश में पिकअप पलटी, 14 लोगों की मौत

**डिंडौरी।** मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में वीरवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बिछिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़झर घाट पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। घायलों को शहपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में छह पुरुष और आठ महिलाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए और घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की।

### फडणवीस को मिली जान से मारने की धमकी, केस दर्ज



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## टॉप स्टोरीज

शिवरात्रि महोत्सव के लिए रवाना हुए आराध्य देव कमरुनाग ...पेज 2

कड़ेला में एक साथ लगी तीन गोशालाओं में आग, लाखों का नुकसान ...पेज 6

धर्मशाला में होंगे आईपीएल मुकाबले: अरुण धूमल ...पेज 14

## राम रहीम को पैरोल देने से पहले इजाजत लें : हाई कोर्ट



**चंडीगढ़।** एसजीपीसी ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट याचिका दाखिल कर राम रहीम को पैरोल दिए जाने का विरोध किया था, जिस पर हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा है कि अब आगे से राम रहीम को पैरोल देने से पहले हाई कोर्ट से अनुमति ली जाए। साथ ही ऐसे कितने लोग और हैं, जिन्हें राम रहीम की तरह ही पैरोल दी गई है, इसकी भी लिस्ट कोर्ट को सौंपी जाए।

## गुरुग्राम : निवेश के नाम पर डॉक्टर से 1.36 करोड़ की ठगी

**एजेंसी, गुरुग्राम**

भले ही पुलिस रोजाना साइबर ठगों पर शिकंजा कस रही हो, लेकिन इन ठगों की वारदातें बढ़ती ही जा रही हैं। लोग कितने भी जागरूक हों, लेकिन ये साइबर ठग लोगों को चूना लगाने में कामयाब हो जाते हैं। ताजा मामला यहां एक डॉक्टर के साथ हुआ है। साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर उनसे 1 करोड़ 36 लाख रुपए की ठगी कर ली।

गत रात को साइबर थाना ईस्ट में पीड़ित ने




शिकायत दर्ज कराई है। केंद्रीय विहार गुरुग्राम के रहने वाले डॉ. पुनीत सरदाना ने बताया कि गत चार जनवरी को उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक विज्ञापन देखा। उन्होंने विज्ञापन देखकर स्टॉक और आईपीओ के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग करके कमाई करने की बात कही गई थी।

उन्होंने यह प्रक्रिया आगे बढ़ाई। उनके व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजा गया। उनके मोबाइल में एक शेयर खरीदने वाला ऐप आरोपियों की ओर से डाउनलोड कराया गया। फिर उसे शेयर खरीदने के लिए कहा गया। उनसे 1 करोड़ 36 लाख रुपए आरोपियों को ट्रांसफर किए। खुद के साथ ठगी का अहसास होने पर उन्होंने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की। जब भी कॉल करता तो मोबाइल स्विच ऑफ आता

## 8.4 प्रतिशत रही जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली।** भारत की जीडीपी के तीसरी तिमाही के आंकड़े सामने आ गए हैं। अक्तूबर-दिसंबर 2023 के बीच भारत का जीडीपी ग्रोथ रेट 8.4 प्रतिशत रहा। देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए संशोधित अनुमान सात प्रतिशत की तुलना में अधिक है।

## 55 दिन से फरार संदेशखाली हिंसा का मुख्य आरोपी शाहजहां शेख गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का संदेशखाली चर्चा में है। गांववालों की जबरन जमीन हड़पने और ईडी पर हमला करके फरार होने वाला शाहजहां शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना के मिनाखान इलाके से गिरफ्तार किया है। ममता सरकार ने इस मामले की जांच का जिम्मा पश्चिम बंगाल सीआईडी को सौंपा है।

पुलिस उसे गिरफ्तार कर बशीरहाट कोर्ट ले गई। शेख पर ईडी पर हमले, महिलाओं के यौन उत्पीड़न और राशन घोटाले में शामिल होने के संगीन आरोप हैं।



आरोप है कि शाहजहां शेख महिलाओं का उत्पीड़न करता था।

कोर्ट में पेशी के दौरान शाहजहां शेख जिस तरह से विक्ट्री साइन बनाता नजर आया है। उससे फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या ममता सरकार में अपराधियों की इसी तरीके से पेशी होती है। शाहजहां शेख के खिलाफ 42 मामले दर्ज हैं।

### छह साल के लिए पार्टी से सस्पेंड

शेख शाहजहां को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने छह साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन ने बताया कि शाहजहां शेख को छह साल के लिए पार्टी से सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। ब्रायन ने कहा, ''हमने शेख शाहजहां को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। हमेशा की तरह, हम जो कहते हैं वह करते हैं। हमने अतीत में उदाहरण स्थापित किए हैं और हम आज भी ऐसा कर रहे हैं।''

## बुजुर्ग को व्हील चेयर नहीं देने पर एयर इंडिया पर 30 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** 80 साल के बुजुर्ग की मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल पर मौत हो गई थी। वीरवार को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इस मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख का जुर्माना लगाया है। दरअसल, 16 फरवरी को बुजुर्ग ने व्हीलचेयर की डिमांड की थी, जो एअर इंडिया ने पूरी नहीं की। पैदल चलकर जाने के कारण बुजुर्ग को हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

एयरलाइन ने जवाब में कहा, ''उस दिन व्हीलचेयर की डिमांड भी बहुत ज्यादा थी। इसके चलते हमने उन्हें थोड़ा इंतजार करने को कहा ताकि हम दूसरी व्हीलचेयर का इंतजाम कर सकें, लेकिन वह पत्नी के साथ पैदल ही चल पड़े।''

## शुभकरण के अंतिम संस्कार के कारण किसानों ने नहीं किया दिल्ली कूच

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पंजाब**-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर एमएसपी पर खरीद के गारंटी कानून सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने आंदोलन के 17वें दिन दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया है।

वीरवार को शुभकरण का अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भीड़ देखी गई है। इस वजह से किसानों ने दिल्ली कूच के फैसले को कुछ दिनों के लिए टाल दिया।



### एफआईआर में देरी पर हाई कोर्ट की फटकार

किसान आंदोलन में शुभकरण की मौत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं जो इस प्रकार किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने शुभकरण की मौत के बाद एफआईआर दर्ज करने में हुई एक सप्ताह की देरी के लिए हरियाणा व पंजाब दोनों राज्यों को जमकर फटकार लगाई।

**रिपोर्ट** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जारी किए आंकड़े

# देश में 13,874 तेंदुए, सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वीरवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 है जो 2018 में 12,852 हुआ करती थी। इसके साथ रिपोर्ट तैयार करने में सर्वे के क्षेत्रफल का दायरा भी बढ़ाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में तेंदुओं की सबसे बड़ी संख्या मध्य प्रदेश (3,907) में है।

इसके बाद महाराष्ट्र 1,985, कर्नाटक 1,879, और तमिलनाडु 1,070 में है। मंत्री भूपेंद्र यादव ने



कहा कि तेंदुए की स्थिति रिपोर्ट स्पष्ट रूप से संरक्षण प्रयासों को प्रदर्शित करती है। रिपोर्ट में वन विभाग के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए संरक्षित क्षेत्रों से परे संरक्षण प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। प्रोजेक्ट टाइगर का समावेशी दृष्टिकोण पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्संबंध और विविध प्रजातियों के संरक्षण पर जोर देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, यह संरक्षण यात्रा एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लोकाचार का प्रतीक है। इस महत्वपूर्ण मिशन में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों को बधाई।

इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा, ''तेंदुए की स्थिति रिपोर्ट मानव-तेंदुए के सह-अस्तित्व पर प्रकाश डालते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम' दर्शन का उदाहरण देती है। जैव विविधता में गिरावट के बीच वन्यजीवों के प्रति सामुदायिक सहिष्णुता एक वैश्विक मॉडल के रूप में कार्य करती है।''

### आकलन का पांचवां चक्र 18 बाघ राज्यों के भीतर वन आवासों पर केंद्रित

**भारत** में तेंदुए की आबादी के आकलन का पांचवां चक्र (2022) 18 बाघ राज्यों के भीतर वन आवासों पर केंद्रित है, जिसमें चार प्रमुख बाघ संरक्षण परिदृश्य शामिल हैं। 2000 एमएसएल (30 प्रतिशत क्षेत्र) से ऊपर गैर-वन निवास, शुष्क और उच्च हिमालय में तेंदुए के लिए नमूना नहीं लिया गया था। इस चक्र के दौरान शिकार के अवशेषों और शिकार की बहुतायत का अनुमान लगाने के लिए 6,41,449 किमी तक पैदल सर्वेक्षण किया। कैमरा ट्रैप को रणनीतिक रूप से 32,803 स्थानों पर रखा गया था, जिससे कुल 4,70,81,881 तस्वीरें आईं और इनमें से तेंदुए की 85,488 तस्वीरें प्राप्त हुईं।

# 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली' योजना को कैबिनेट की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपए के खर्च के साथ एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर लगाने के लिए 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली' योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 13 फरवरी को इस योजना की शुरुआत की थी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

प्रत्येक घर को एक किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपए और दो किलोवाट प्रणाली के लिए



- एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी : अनुराग ठाकुर

60,000 रुपए की सब्सिडी मिल सकती है। उन्होंने कहा कैबिनेट ने भारत में मुख्यालय के साथ इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की स्थापना को मंजूरी दी और 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपए के एकमुश्त बजटीय समर्थन को भी मंजूरी दी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कैबिनेट ने फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर खरीफ सीजन 2024 (1 अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों और एनबीएस योजना के तहत 3 नए उर्वरक ग्रेड को शामिल करने को मंजूरी दी। सरकार एनबीएस आधारित पोषक तत्वों पर 24,420 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी।

# आईआईटी मंडी ने की पार्किंसंस रोगियों को सताने वाले प्रोटीन की पहचान

**अनिल शर्मा, मंडी**

पार्किंसंस रोग से त्रस्त दुनिया के लिए आईआईटी मंडी ने राहत भरी खबर दी है। शोध से पता चला है कि अगले तीन दशकों में भारत में पार्किंसंस रोग के मामलों में सौ से तीन सौ प्रतिशत वृद्धि हो सकती है। दुनियाभर के शोधकर्ताओं के साथ आईआईटी मंडी भी इस बीमारी की जटिलताओं को सुलझाने में लगी हुई है। आईआईटी मंडी ने इस रोग के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण प्रोटीन का अध्ययन किया है।

बता दें कि पार्किंसंस रोग एक विकार है जो तंत्रिका तंत्र और तंत्रिकाओं द्वारा नियंत्रित शरीर के हिस्सों को प्रभावित करता है। डॉ. दुबे धीरज प्रकाश चंद सहायक प्रोफेसर स्कूल ऑफ मेकेनिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग आईआईटी मंडी ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सैनडिएगो यूएसए में कार्यरत पद्मिनी रंगमणि पीएचडी और मुख्य लेखक डॉ. सुभोजित रॉय एमडी पीएचडी के साथ मिलकर पार्किंसंस में दिखने वाले प्रोटीन की पहचान की है। इस प्रोटीन का अल्फा-सिन्यूक्लिन कहा जाता है और यह हमारे दिमाग में अधिक मात्रा में पाया जाता है।

पार्किंसंस रोग और इससे जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त लोगों में यह प्रोटीन अत्यधिक फॉस्फोराइलेटेड होता है यानी इस प्रोटीन के एक विशेष अमीनो एसिड (सेरीन-129) से जुड़े फॉस्फेट समूहों की संख्या बहुत अधिक होती है। मस्तिष्क में मौजूद प्रोटीनों के ऊपर फॉस्फोराइलेशन को आप आणविक स्तर पर मास्टर स्विच की तरह समझ सकते हैं। इसमें बहुत छोटा फॉस्फेट समूह प्रोटीन से जुड़ जाता है। यह क्रिया एक स्विच को दबाने के समान है, जो उस प्रोटीन को सक्रिय या निष्क्रिय कर देता है। इससे प्रोटीन के दूसरे प्रोटीनों से जुड़ने का तरीका प्रभावित होता है और यही जुड़ाव पार्किंसंस रोग को बढ़ा सकता है। अल्फा-सिन्यूक्लिन भी एक प्रोटीन ही है, जो अमीनो एसिड की एक लंबी शृंखला से बना है।

इस शृंखला में 129वें स्थान पर एक खास जगह होती है, जहां फॉस्फोराइलेशन हो सकता है। यदि इस जगह को रोका जा सके, तो प्रोटीन के दूसरे प्रोटीनों से गलत तरीके से जुड़ने की संभावना कम हो जाएगी, जिससे पार्किंसंस रोग के बढ़ने को नियंत्रित किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रो. डॉ. दुबे



आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड मटीरियल्स इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. दुबे धीरज प्रकाश चंद ने इस शोध के बारे में कहा कि यह महत्वपूर्ण अध्ययन पार्किंसंस से जुड़े एक प्रोटीन परिवर्तन को समझने का नया तरीका देता है। फॉस्फोराइलेशन नामक परिवर्तन सिर्फ बीमारी का सूचक ही नहीं है, बल्कि सामान्य मस्तिष्क कार्य के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से पता चलता है कि इस प्रक्रिया को रोकने से मस्तिष्क क्रिया को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं इससे पार्किंसंस के इलाज के बारे में सोचने के नए तरीके सामने आ सकते हैं, जो बीमारी को ठीक करने के साथ-साथ मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में भी सहायक होते हैं।

### चूहों पर किया अध्ययन

वैज्ञानिकों की एक टीम ने चूहों पर इस प्रक्रिया का अध्ययन करके यह समझने की कोशिश की है कि यह खास प्रोटीन कैसे काम करता है और उस पर होने वाले बदलाव यानी फॉस्फोराइलेशन का क्या असर होता है। उन्होंने पाया कि अगर इस प्रोटीन के बदलाव को रोका जाए, तो दिमाग के सामान्य काम पर बुरा असर पड़ता है। वैज्ञानिक अब यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि इस बदलाव को कैसे नियंत्रित किया जा सके, ताकि पार्किंसंस का इलाज किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### रूट परमिट से संबंधित बैठक पांच को

**मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी सोमिल गौतम ने बताया कि पांच मार्च को सुबह 11 बजे परिवहन निदेशालय शिमला में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की रूट परमिट से संबंधी बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के सभी आवेदनकर्ताओं, जिन्होंने ई-बस के प्रकाशित स्टेज कैरिज रूट परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है उनको अपने मूल कागजात सहित पांच मार्च को निदेशालय परिवहन भवन शिमला में आना होगा।

### पनारसा कॉलेज में स्वयंसेवी नवाजे




एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवी शिक्षकों के साथ।

**पंडोह।** पनारसा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर उपप्राचार्य प्रो. चारू अहलूवालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कृष्ण लाल ने बताया कि समापन समारोह में स्वयंसेवियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान स्वयंसेवियों को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने बताया की इस बार सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी का खिताब निलेश, तिजेंद्र, सविता और गुलशना के नाम रहा। उपप्राचार्य ने स्वयंसेवियों के सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन की सहराना की। इस मौके पर प्रो. हीरा सिंह, रतन नेगी, डॉ. डिंपल जामटा, डॉ. निशा शर्मा व बिंदु सूर्यवंशी मौजूद रहे।

### रिया मिस, देवेंद्र बने मिस्टर फेयरवेल



मिस व मिस्टर फेयरवेल चुने गए होनहार शिक्षकों के साथ।

**मंडी।** राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला गढ़गांव में वीरवार को विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। प्राथमिक पाठशाला में रिया को मिस जबकि देवेंद्र को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया, वहीं माध्यमिक पाठशाला में अंतरिक्षा को मिस जबकि ऋषि को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। इस दौरान नौनिहालों ने पहाड़ी नाटी पेश कर खूब धमाल मचाया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के प्रभारी शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने बताया कि फेयरवेल पार्टी में नौनिहालों ने खूब धमाल मचाया। इस मौके पर राजकीय माध्यमिक पाठशाला गढ़गांव के प्रभारी शिक्षक विरेंद्र शर्मा सहित अभिभावक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### अपने दायित्व का निर्वहन करें: एसडीएम

**करसोग।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत चुनावी कार्य संबंधी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने के लिए तैनात विभिन्न नोडल अधिकारियों की बैठक सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम करसोग नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न नोडल अधिकारियों को एसडीएम ने उनके कार्य व दायित्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों को चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 61 मतदान केंद्रों पर मतदान संबंधी प्रक्रिया की बैव कास्टिंग की जानी है। बैठक में बीडीओ करसोग वैशाली शर्मा सहित अन्य विभिन्न नोडल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### भगेहड़ में छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल में जमा दो की छात्रा द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौंतड़ा पंचायत के भगेहड़ गांव की 17 वर्षीय पल्लवी ने घर के अंदर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पल्लवी चौंतड़ा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जमा दो कक्षा की छात्रा थी। घटना के समय वह घर में अकेली थी उसकी माता किसी काम से घर से बाहर गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा के परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की पुष्टि एएसपी सागर चंद्र ने की है।

### लडभड़ोल कॉलेज ने मनाया वार्षिक समारोह



सालाना समारोह के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**लडभड़ोल।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रो. उपेंद्र शर्मा प्राचार्य केडीसी राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर सीएससीए अध्यक्ष सूजल भारती ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन के अंतर्गत महाविद्यालय की वर्षभर की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने साल भर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित भी किया। मुख्यातिथि प्रो. उपेंद्र शर्मा ने जीवन में प्रेरणा और प्रयास को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ-साथ जीवन में सादगी और समाज लिए योगदान सुनिश्चित करना ही शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए।

# शिवरात्रि महोत्सव के लिए रवाना हुए आराध्य देव कमरुनाग

## 22 स्थानों में मेहमाननवाजी कर सात मार्च को पहुंचेंगे मंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में शरीक होने के लिए मंडी जनपद के आराध्य देव कमरुनाग वीरवार को सुबह आठ बजे लाव लश्कर के साथ मंडी रवाना हो गए हैं। कमरुनाग देव सरयाच भंडार गृह से सुबह आठ बजे निकले।

बता दें कि देवता सप्ताह भर पैदल पदयात्रा करके अपने कारदारों के साथ शिवरात्रि महोत्सव में शरीक होते है। बड़ा देव कमरुनाग के मंडी पहुंचने के बाद ही शिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू होते है। सप्ताह भर की पैदल यात्रा के दौरान देवता अपने निर्धारित कार्यक्रम के चलते विभिन्न जगहों पर ठहराव करके मेहमाननवाजी में शरीक होते है। इस पैदल यात्रा के दौरान बड़ा देव कमरुनाग को मंडी पहुंचने से पूर्व 20-22 मेहमानबाजियों में शरीक होना है। देवता शिवरात्रि से एक दिन पहले मंडी पहुंच जाते हैं। देव कमरुनाग के मंडी पहुंचते ही अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का भी आगाज हो जाता है।



देव कमरुनाग अपने मूल स्थान से रवाना होते हुए।

सर्व देवता सेवा समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा ने बताया कि मंडी के प्रमुख देवता देव कमरुनाग अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के लिए अपने मूल स्थान से चल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि कमरुनाग सात मार्च को मंडी पहुंचेंगे और यहां पर उनका जिला प्रशासन और सर्व देवता सेवा समिति की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा। इसी के साथ चौहारघाटी के प्रसिद्ध देव हुरंग नारायण अपने मूल स्थान से वीरवार शाम को अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

**जिला प्रशासन और सर्व देवता समिति करेगी भव्य स्वागत**

उन्होंने कहा कि देव श्री हुरंग नारायण भी कई जगह मेहमाननवाजी करते हुए मंडी पहुंचेगें साथ ही रास्ते में उन्हें देव पशाकोट जो कि देव हुरंग नारायण के वजीर माने जाते है साथ-साथ आगे का सफर तय करेंगे। बता दें कि देव हुरंग नारायण और देव पशाकोट आठ मार्च को महाशिवरात्रि मंडी में पहुंचेगे। शिवपाल शर्मा ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव धार्मिक महोत्सव है और इसमें कई लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।

# लोकसभा चुनाव में भंवर भी ठोंक सकते हैं दावेदारी

**भगत सिंह गुलरिया, मंडी**

लोकसभा चुनावों की आहट के बीच उम्मीदवारी के दावे भी सामने आने लगे हैं। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा के जहां कई दिग्गज चेहरे सामने हैं, वहीं पर एबीवीपी, भाजयुमो, हिंदू जागरण मंच जैसे संगठनों में अढ़ाई तीन दशकों से कार्यरत एक युवा चेहरा भी सामने हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि जिला बार एसोसिएशन के वर्तमान प्रधान व पूर्व सचिव एडवोकेट भंवर भारद्वाज दावेदारी ठोंक सकते हैं। भंवर भारद्वाज ब्राह्मण समुदाय से संबंधित हैं।

जिला न्यायालय में अधिवक्ता के तौर पर संघर्षरत भारद्वाज ने वर्ष 2021 के उपचुनाव में उम्मीदवारी का दावा ठोक कर जहां सियासी पारा चढ़ा दिया था, वहीं इस बार भी अपनी उम्मीदवारी के लिए भाजपा में ताल ठोंक सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस वक्त मंडी सीट से भाजपा के उम्मीदवारी के तलबदारों में अधिकतर अन्य वर्गों से संबंधित हैं, वहीं भंवर भारद्वाज ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि हो सकते हैं। मूल रूप में भंवर भारद्वाज बल्ह आरक्षित सीट से संबंधित हैं, इसलिए वे सामान्य व ब्राह्मण वर्ग से संबंधित होने के चलते अपना राजनीतिक कार्य क्षेत्र लोकसभा को बनाना चाहते हैं। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के गांव गागल निवासी भंवर भारद्वाज बीजेपी खेल प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक, भाजयुमो में प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश सचिव, हिंदू जागरण मंच व एबीवीपी के जिला संयोजक व वर्तमान में भाजपा के बूथ पालक हैं। पैंतालीस वर्षीय बीए एलएलबी भंवर भारद्वाज ने मंडी कॉलेज व हिमाचल विश्वविद्यालय में एबीवीपी का कार्य किया है। कालेज में केंद्रीय छात्र संघ में अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ा था।

**वर्तमान में जिला बार एसोसिएशन के है प्रधान**



जिला बार एसोसिएशन के वर्तमान प्रधान व पूर्व सचिव एडवोकेट भंवर भारद्वाज।

## मंडी व गागल स्कूल में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**मंडी।** भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के सौजन्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गागल में वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी भारत राज आनंद ने उपस्थित छात्रों को बैंकिंग प्रणाली के बारे में जागरूक किया। पंजाब नेशनल बैंक के वित्तीय साक्षरता समन्वयक हरि सिंह कौंडल ने विद्यार्थियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि आजकल कई तरह से ऑनलाइन ठगी की जा रही है उससे बचें। कार्यक्रम में संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्यों सहित अन्य अध्यापक भी मौजूद थे।

# एनसीवीटी परीक्षा में स्थान पाने वाले नवाजे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में आईएमसी के अध्यक्ष शिव कुमार व प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की उपस्थिति में संस्थान के विद्यार्थियों का एनसीवीटी आल इंडिया ट्रेड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ड्रेस मेकिंग ट्रेड वर्ष 2021-22 की छात्रा रिया व कोमल रानी ने प्रदेशभर में एनसीवीटी आल इंडिया ट्रेड परीक्षा हिमाचल प्रदेश में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए हिमाचल तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से छात्रा रिया व कोमल को प्रमाण पत्र 21 हजार रुपए व गोल्ड तथा ब्रांज मेडल व 5500 रुपए प्रदान किए गए। एंब्रोडरी ट्रेड की संगीता देवी व वर्षा देवी ने प्रदेशभर में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके साथ एम्ब्रोडरी की छात्रा संगीता देवी को सिल्वर मेडल व 11000, वर्षा देवी को ब्रांज मेडल व 5500 रुपए प्रदान किए। सविंग टेक्नोलॉजी अंकिता को सिल्वर मेडल व 11000 रुपए, मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड के टेक चंद व अजीत कुमार को क्रमश: गोल्ड व 3100 तथा ब्रांज मेडल व 1100 रुपए प्रदान किए। कोपा ट्रेड के कृषण कुमार को ब्रांज मेडल व 5500 रुपए प्रदान किए गए। इस मौके पर अनुदेशक मैकेनिक मोटर व्हीकल अशोक कुमार, अनुदेशक कोपा लव जम्वाल व अनुदेशिका ड्रेस मेकिंग वंदना देवी व अनुदेशिका सुनीता कुमारी, अनुदेशिका मधु वर्षा उपस्थित रही।

# उर्वरक के संतुलित उपयोग का महत्व बताया

## कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में परियोजना निदेशक जाइका हमीरपुर फेस-दो के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के 17 कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर की प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, उपप्रधानाचार्य, सभी प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी व प्रसार अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. मीना, डॉ. बीएस देओर व डॉ. हितेंदर सिंह ने पौधों की पोषक तत्वों की आवश्यकता और उर्वरक के संतुलित उपयोग का महत्व, पोषक तत्वों की कमी संबंधी विकार और उनका सुधार, जीवा अमृत, घन जीवा अमृत सप्तधान्यकुर आदि बनाने की विधि बारे जानकारी दी।



कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सामूहिक चित्र में।

कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ. बीडी शर्मा ने एकीकृत पोषण प्रबंधन में जैव उर्वरक एवं हरी खाद की भूमिका, पोषक तत्व प्रबंधन और नैनो यूरिया बारे चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम दिन डॉ. टीआर शर्मा द्वारा अनाज, तिलहन, दलहन और सब्जियों की फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग, जैविक खाद और वर्मिन-कंपोस्ट की भूमिका और वर्मी-कंपोस्ट तैयार करना, डॉ. नरेश द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग के माध्यम से उत्पादन और आय बढ़ाने के लिए समूह जुटाना बारे चर्चा की गई।

# गांधी भवन में कांग्रेसियों ने पटाखे फोड़कर मनाया जश्न



गांधी भवन मंडी में जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा भाजपा के ऑपरेशन लोटस फेल होने पर गांधी भवन मंडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीरवार को पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। मंडी शहरी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सेन ने बताया कि जिस तरह से भाजपा ने षड्यंत्र रचकर कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए ऑपरेशन लोटस चलाया था, उसको मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फेल कर दिया। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। उन्होंने कहा की जिस तरह पार्टी से बगावत करने वाले विधायकों को बाहर का रास्ता दिखाया गया, यह पार्टी का सही फैसला हैं। इस दौरान कांग्रेस के पार्षद और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, गोहर**

शिक्षा, बेसिक साइंसेज और मानविकी संकाय के सौजन्य से अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समन्वयक डॉ. रीना ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास और विज्ञान के प्रति उनमें रुचि पैदा करने के लिए प्रतियोगिता करवाई गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मुख्य विषय विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक पर आधारित पोस्टर मेकिंग कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन के जीवन पर आधारित एक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इस अवसर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, सेक्रेटरी नरेंद्र कुमार ने डीन, शिक्षा, बेसिक साइंसेज और मानविकी संकाय डॉ. प्रोमिला अभिलाषी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ. अंकिता चौधरी ने विजेता टीमों को डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कर कमलों द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पोस्टरों सहित छात्राएं।

**दिशा-निर्देश** विपाशा सदन मंडी में कार्यशाला के दौरान बोले डीसी अपूर्व देवगन

# निष्पक्ष चुनाव के लिए व्यय पर्यवेक्षकों का अहम रोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विपाशा सदन मंडी में सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी टीम के सदस्यों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की।

इस दौरान उन्होंने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी टीम के सदस्यों को लोकसभा चुनाव-2024 को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।



विपाशा सदन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए व्यय पर्यवेक्षकों का अहम रोल होता है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के निर्धारित सीमा में खर्च करने पर व्यय पर्यवेक्षक नजर रखते हैं। इसके लिए उनका प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है ताकि वे अपने दायित्वों का सही निर्वहन कर सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यशाला में व्यय पर्यवेक्षकों व व्यय निगरानी टीम के कार्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला और उन्हें क्या करना एवं क्या नहीं करना चाहिए के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

निर्वाचन तहसीलदार राजेश कुमार शर्मा ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यशाला में लगभग 170 सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, हरनाम सिंह ने भी भाग लिया।

हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां (मस्सल) के रुदविक को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं।

हैप्पी बर्थडे



बनेहड़ (जोगिंद्रनगर) के शिवांश सकलानी को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं।

शादी मुबारक



चक्कर की सीमा और पठाकोट के अनमोल शर्मा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

# चंबा के लुडेरा में 'मेपल' लकड़ी के साथ तीन लोग गिरफ्तार

## बोरों में भरकर ले जा रहे थे लकड़ी, बर्तन व वाद्ययंत्र बनाने में होती है इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**चंबा** जिले में वन विभाग ने लुडेरा में मेपल लकड़ी के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

**दो आरोपी नेपाली और एक स्थानीय व्यक्ति**

वन विभाग चंबा ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चंबा-साहो मार्ग पर स्थित लुडेरा पंचायत क्षेत्र में लड़की को दो नेपाली व एक स्थानीय निवासी एकत्रित कर रहे थे, तो किसी ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। आरोपी मेपल लकड़ी के टुकड़े कर उसे बोरी में भरकर तस्करी की फिराक में थे। विभागीय टीम ने लुडेरा में नाका लगाकर इन आरोपियों को दबोच लिया। दो आरोपी नेपाली, जबकि एक स्थानीय व्यक्ति है। गौर रहे कि मेपल लकड़ी का इस्तेमाल लकड़ी बर्तन बनाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा इस लकड़ी का इस्तेमाल वाद्ययंत्र बनाने में किया जाता है। यह लकड़ी बेशकीमती है।



तस्करी के लिए बोरियों में भरे मेपल लकड़ी के गोले।

> मेपल ट्री की तस्करी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी दो नेपाली, जबकि एक स्थानीय व्यक्ति है। मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।
> -मनोज कुमार, आरओ।

# दो दिन भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में एक बार फिर से मौसम करवट बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के सात जिलों में पहली से तीन मार्च तक भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

चार और पांच मार्च को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर मौसम खराब रह सकता है। छह मार्च को फिर कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। पहली मार्च को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिले के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट व दो मार्च के लिए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल-स्पीति जिले के लिए अलर्ट जारी किया है।

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 5.8 |
| सुंदरनगर | 4.5 |
| भुंतर | 3.6 |
| कल्पा | -0.4 |
| धर्मशाला | 6.4 |
| केलांग | -8.4 |
| मनाली | 2.1 |
| मंडी | 4.9 |
| कुफरी | 3.2 |
| कुकुमसेरी | -8.9 |



रिज मैदान पर वीरवार को सुहावने मौसम के बीच फोटो खिंचवाते पर्यटक।

## सीआईडी टीम ने की दूसरी फर्म का जीएसटी बिल काटने की जांच

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में लीज पर चल रही एक कंपनी के जीएसटी बिल की जांच की गई। सूत्रों की मानें तो कंपनी ने किसी दूसरी फर्म का जीएसटी बिल काट दिया था, जिसकी जांच करने के लिए दिल्ली सीआईडी की टीम सुंदरनगर आई। मामले की गहन जांच करने के बाद टीम कागज साथ ले गई और लीज पर चल रही कंपनी को जवाब देने को कहा गया है। बता दें कि दिल्ली के एक व्यापारी ने सुंदरनगर में एक कंपनी लीज पर ली है, गलती से जीएसटी बिल किसी दूसरी फर्म के काट दिए, जिस कारण जांच हुई है।

## बद्दी में गाड़ी से 17 पेटी अवैध शराब बरामद

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्द के तहत एक स्कॉर्पियो गाड़ी से 17 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बद्दी पुलिस को बुधवार रात को सूचना मिली कि बिल्लांवाली में बंद पड़ी कंपनी में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी में अवैध शराब है, जिसकी तस्करी की जा रही है। पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें देसी, अंग्रेजी व बीयर की 17 पेटी बरामद हुईं। पुलिस ने अजय कुमार पुत्र जगीर सिंह निवासी कालका पंचकूला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राकेश राय ने बताया कि गाड़ी से 17 पेटी अवैध शराब की बरामद की हैं।

## गुन्नुघाट चौकी के गोदाम में लगी आग लाखों का नुकसान



**नाहन।** गुन्नुघाट पुलिस चौकी के सामने वीरवार को कारोबारी प्रकाश जैन के गोदाम में अचानक आग लग गई, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। लोगों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। गोदाम में आग दोपहर एक बजे लगी। आग लगने से गोदाम में रखा सामान राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# कांग्रेस सरकार खो चुकी है बहुमत अपने कर्मों से हुई यह स्थिति : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता और अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं, मंत्रियों और विधायकों की नजर में गिर गई है।



**जनता से लेकर नेताओं की नजर में गिर चुकी सरकार**

उन्होंने कहा कि अगर हमारे विधायकों को सदन से आलोकतांत्रिक तरीक से निष्कासित नहीं किया जाता, तो कांग्रेस सरकार बुधवार को सदन में भी गिर गई थी। सरकार अल्पमत में हैं और इस तरह से सरकार को कब तक बचाया जा सकता है।

प्रदेश में जिसे भी सरकार की ओर से प्रताड़ित किया जाएगा, भाजपा हर उस व्यक्ति के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। चाहे वह आम आदमी हो या खास आदमी। नेता प्रतिपक्ष अपने विधायकों के साथ मॉल रोड पर चहलकदमी भी की। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस सरकार की जो दुर्दशा हुई है। यह सरकार के अपने कर्मों का ही फल है। जब सरकार में बैठे लोग जनता, कार्यकर्ताओं और नेताओं की आवाज को अनसुना कर देंगे तो यही स्थिति होगी। आज जो हुआ वह दीवार पर लिखी साफ इबारत की तरह था, जिसे मुख्यमंत्री अनदेखा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कह रही है हमारी सुनी नहीं जा रही है। पार्टी के कार्यकर्ता व नेता कह रहे हैं कि हमारी नहीं सुनी जा रही है। जब किसी की सुनी ही नहीं जाएगी तो वह कुछ न कुछ करेगा ही।

### अंगुली उठाने के बजाय अपने गिरेबान में झांकें कांग्रेस

**जयराम** ने कहा कि जनप्रतिनिधि की अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जिम्मेदारी होती है, उन्हें भी जवाब देना होता है। वे कब तक उन लोगों से नजरें चुराएंगे, जिन्होंने उन्हें विधायक बनाया। सरकार समेत कांग्रेस के नेताओं को हम पर अंगुली उठाने की बजाय अपने गिरेबान में झांककर देखने की आवश्यकता है। उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि उनके 43 की संख्या 34 हो गई है। इस समय जो हो रहा है, उसमें हमारा कोई योगदान नहीं है। हमें कुछ करने की आवश्यकता ही नहीं हैं।

## बागी विधायकों के निलंबन में हुई जल्दबाजी: प्रतिभा

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि विधायकों के निलंबन में जल्दबाजी की गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका नुकसान होगा। हॉलीलॉज में पत्रकारों से बातचीत में प्रतिभा सिंह ने कहा कि छह विधायकों का नाराज होना जायज है, उन्हें बिठाकर उनकी बात को सुना जाना चाहिए था। मैंने भी बातें हाईकमान के समक्ष रखी हैं। बुधवार को मामला पर्यवेक्षकों के समक्ष रखा है।



**विधायकों का नाराज होना जायज, बिठाकर उनकी बात सुनते**

उन्होंने कहा कि आज जो परिस्थिति बनी है, उसे कई बार हाईकमान के समक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की एक बहुत बड़ी राजनीतिक विरासत थी। वह क्या चाहते थे और क्या हो रहा है, इन सारी चीजों को हाईकमान के समक्ष रखा गया है। पार्टी आलाकमान को तय करना है कि आगे क्या करना है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह मंत्री पद से इस्तीफा दिया है और वह अभी भी इस पर कायम हैं।

# जनता के बीच भरोसा खो चुकी कांग्रेस: बिंदल

## सत्ता में रहने का नहीं अधिकार, प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुई ऐसी घटना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा का चुनाव राज्य के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। इस चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन निर्वाचित हुए हैं और उनका निर्वाचन प्रदेश में एक बहुत बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम है।

**बहुमत के बाद भी नहीं जीत पाई राज्यसभा चुनाव**

वर्तमान में कांग्रेस सरकार अपना मॉरल ग्राउंड सत्ता में रहने का खो चुकी है। वर्तमान में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चलने वाली सरकार बहुत बड़े बहुमत के साथ चलने वाली सरकार रही, लेकिन 34-34 वोटों पर टाईअप हो जाना और किसी भी तरह से मॉरली सत्ता में रहने का हक वर्तमान सरकार खो चुकी है। बिंदल ने कहा कि पिछले एक साल और दो महीने की वर्तमान सरकार की जो कार्यशाली है, वह कार्यशाली पूरी तरह से डिस्गास्टिंग है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने 14 महीने में प्रदेश में जो कुछ खोया है, वह अभूतपर्व हैं। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ की सवा साल की सरकार इस तरह से जनमानस के हृदय से उतर जाए।





शिमला में प्रेसवार्ता करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल।

### कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त

**प्रदेश** अध्यक्ष ने कहा कि झूठी गारंटी और बहुत बड़ी चमक के साथ सत्ता में आई यह सरकार अपनी चमन को हो चुकी है और जिस तरह का एक राजनीतिक घटनाक्रम प्रदेश में बना है, उससे जनता पूरी तरह से त्रस्त है। जनता की जनभावनाओं की रिफ्लेक्शन राज्यसभा के चुनाव में दिखाई दे रही है, क्योंकि जो विधायक जनता की अपेक्षा के अनुसार चुनकर आता है और जब सरकार उसकी अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाती तो स्वाभाविक रूप से जनता अपने विधायक को एक ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा करती है, जिसका परिणाम यह राज्यसभा के चुनाव की वोटिंग है। बिंदल ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से सजकता के साथ लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हमारे कार्यक्रम मंडल स्तर, विधानसभा स्तर और बूथ स्तर पर लगातार जारी है। संगठनात्मक दृष्टि से एक बड़ा अभियान चला हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली मंडपम में संपन्न हुआ और वह अधिवेशन अनेक मामलों में भाजपा के इतिहास में ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ।

# सदस्यता रद्द करने के फैसले को हाई कोर्ट में दी चुनौती: सुधीर

## बोले- हमें नहीं मिला नोटिस, सिर्फ एक सदस्य को मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में अयोग्य घोषित छह कांग्रेस विधायकों ने विस स्पीकर के फैसले को अब हाई कोर्ट में चुनौती दे दी है। विधायक कोर्ट से स्टे लेने का प्रयास करेंगे। हाई कोर्ट से भी राहत नहीं मिली, तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली तो तो छह माह में उनकी सीटों पर दोबारा चुनाव करवाने होंगे। अभी इसमें कई कानूनी पड़ाव हैं।



**28 फरवरी को हम सदन में आए थे और रजिस्टर पर साइन भी किए**

सुधीर शर्मा ने कहा कि सदस्यता रद्द करने के फैसले को कोर्ट में चुनौती देंगे। 28 फरवरी को सभी विधायक विधानसभा सदन में आए थे और रजिस्टर पर साइन भी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्पीकर खुद सदन में डेढ़ घंटे तक नहीं आए। हमें कोई नोटिस नहीं मिला, केवल एक सदस्य को मिला है। सुधीर शर्मा ने कहा कि हम डरकर राजनीति नहीं करते। प्रदेश हित में सरकार का जाना तय है। सरकार अल्पमत में है।

### सदन में न पहुंचने पर की कार्रवाई : कुलदीप

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि रजिस्टर में हस्ताक्षर किए हैं। इसका प्रतिदिन 5000 रुपए दैनिक भत्ता मिलता है, लेकिन सदन में वित्त विधेयक पेश करते हुए व्हिप जारी करने के बावजूद छह कांग्रेस विधायक नहीं पहुंचे, इसलिए कार्रवाई की गई। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 में से 62 सदस्य रह गए हैं। इनमें से कांग्रेस के पास 34, भाजपा 25 और तीन निर्दलीय विधायक हैं। निर्दलीय विधायकों ने राज्यसभा सदस्य के चुनाव में भाजपा का साथ दिया है। यदि वे भाजपा के साथ बने रहते हैं तो भी भाजपा के पास 28 सदस्य होंगे यानी कांग्रेस सरकार के पास वर्तमान में बहुमत है। प्रदेश सरकार बने रहने के लिए 32 विधायक चाहिए।



## करसोग में युवती के साथ दुराचार आरोपी गिरफ्तार



**करसोग।** करसोग क्षेत्र में 21 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर करसोग पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती को भगाकर ले गया था और उसके साथ जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने कुछ कागजात शादी के बनाए हैं और घर पर जबरदस्ती रखा। डीएसपी करसोग दत्तात्रेय वर्मा ने बताया कि युवती के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी को करसोग न्यायालय में पेश किया गया है।

### राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने राशन उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत

# उपभोक्ता 31 मार्च तक करवा सकेंगे ई-केवाईसी अपडेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** के सरकारी राशन डिपों में ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाने वाले करीब दो लाख उपभोक्ताओं को राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने एक बार फिर से बड़ी राहत प्रदान की है। प्रदेशभर सरकारी डिपुओं से हर माह करीब 19 लाख से अधिक राशन कार्डधारक उपभोक्ता सस्ता राशन प्राप्त करते हैं।

उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी अपडेट करवाने के लिए 29 फरवरी को आखिरी तिथि तय की थी, लेकिन ग्रमीण व दूरदराज क्षेत्रों में लोगों ने ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवा पाए। छोटे बच्चों की ई-केवाईसी अपडेट करवाने को लेकर भी लोगों को समय पर जानकारी नहीं मिलने से अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में राज्य खाद्य आपूर्ति निगम ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। अब राज्य में उपभोक्ता 31 मार्च तक ई-केवाईसी अपडेट करवा सकेंगे। इसके बाद जिन उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाई तो राशन कार्ड अस्थायी रूप से बंद किए जाएंगे। राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से ई-केवाईसी अपडेट करवाने के लिए जल्द ही ऑनलाइन वर्जन लांच किया जाएगा। दो से तीन दिन के भीतर ऑनलाइन वर्जन के माध्यम से लोग ई-केवाईसी अपडेट कर सकेंगे। विभाग ने इसके लिए सभी आवश्यकत तैयारियां पूरी कर ली हैं।





**ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाने से अस्थायी रूप से बंद होंगे राशन कार्ड**

**सुविधा के लिए विभाग करेगा ऑनलाइन वर्जन लांच**

> **प्रदेशभर** के राशन डिपुओं में राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी अपडेट करवाने के लिए एक माह का और समय दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने परिवार की ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाई है वह अब 31 मार्च तक राज्य के सभी डिपुओं में ई-केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।
> -राम कुमार गौतम, निदेशक राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

## इक्डोल ने प्रवेश तिथि 23 मार्च तक बढ़ाई

**शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केंद्र इक्डोल के शैक्षणिक सत्र 2023-24 (जनवरी-2024) के लिए बीएड को छोड़कर स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की तिथि 23 मार्च तक बढ़ा दी है।

(बीए, बीकॉम), स्नातकोत्तर कक्षाओं में (एमए-हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, एमकॉम, एमबीए, एमए (एजुकेशन) और डिप्लोमा कोर्सों में योगा, डीसीए, डीडीएस एवं टूरिस्ट गाईड आदि कोर्सों में ऑनलाइन प्रवेश 23 मार्च तक ले सकते हैं।

यह जानकारी इक्डोल की निदेशक आचार्य संजू करोल ने दी। प्रवेश पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल 23 मार्च तक खुला रहेगा। यह तिथि यूजीसी (डेब) के आदेशानुसार बढ़ाई गई। अधिक जानकारी के लिए इक्डोल की वेबसाइट और 0177-2832239, 0177-2833444 नंबर पर फोन कर सकते हैं।

**सियासत** बड़सर के विधायक आईडी लखनपाल पर अपने ही कस रहे तंज, सोशल मीडिया पर दे रहे सफाई

# चले थे तख्ता पलटने, न इधर के रहे, न उधर के

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**सुक्खू** सरकार से नाराजगी को लेकर सूबे में अपनी ही पार्टी का तख्ता पलटने के चक्कर में कांग्रेस के विधायक न इधर के रहे और न उधर के। बड़सर के आईडी लखनपाल तो ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि अब फेसबुक या सोशल मीडिया पर वे 'सफाई' तो दे रहे हैं, पर लोगों के गले कितनी उतर पाएगी? अब लखनपाल पर अपने ही तंज कस रहे हैं। भले ही भाजपा अब इन्हें अपनाने की बात तो कर रही है, लेकिन राजनीति में कब क्या हो जाए, कोई भी कुछ नहीं कर सकता। इस पर लोगों में चर्चा शुरू हो गई है।

हमीरपुर जिले की राजनीति में आया तूफान अब शांत हो गया है, लेकिन अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में इस नए माहौल में यह पूर्व विधायक अब कैसे पांव रखेंगे, इस पर उन्हें अपनों से ही कई सवालों की बौछार होने की स्थिति तैयार हो गई है। (अनंत ज्ञान)



### जनता को जवाब देना नहीं होगा आसान

**सुजानपुर** में भले ही हालात अलग हों, लेकिन जनता के बीच में पहुंचकर जवाब देना आसान नहीं होगा। हमीरपुर जिले में पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को खोया है, क्योंकि जब सरकार बन रही थी तो धूमल हार गए थे। अब जिले की राजनीति को एक बार फिर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के रूप में मुख्यमंत्री का रुतबा मिला, तो 14 माह की सरकार के बाद 'अपने' ही विरोध में खड़े हो गए। हमीरपुर से तीन विधायकों की खासी चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर तंज करने वाले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### भाजपा नेता चुप, कांग्रेसी कर रहे पलटवार

**अब** जिले की राजनीति में करवट लेने वाले इन पूर्व विधायकों की स्थिति कैसी होगी? इसका अभ्यास तो मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शुरू होगा। सीएम जल्द हमीरपुर जिले के दौरे पर आने वाले हैं। शिलान्यास भी करेंगे और जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। किस-किस की किस अंदाज में बखियां उधेड़ेंगे? इसका जनता में इंतजार शुरू हो गया है। फिलहाल भाजपा का कुनबा इस जिला की राजनीति में शांत दिख रहा है। बयानबाजी पर कोई भी आगे नहीं आ रहा, लेकिन कांग्रेस के लोग अब जमकर हमले करने लग पड़े हैं। इसमें सुजानपुर और बड़सर में नेताओं की बयानबाजी खास अंदाज में बमबारी करने लगी है।

### आशीष की नए माहौल में राजनीति किस करवट बैठेगी, रहेगा इंतजार

**हमीरपुर** के आजाद विधायक आशीष शर्मा की अब अपने क्षेत्र में इस नए माहौल में राजनीति किस करवट में बैठेगी, उसका इंतजार रहेगा। शुरुआती दौर में तो वे सुक्खू सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए जनसभाओं में कोर कसर नहीं छोड़ते थे। पिछले कुछ महीनों से उनकी नाराजगी किन कारणों से बढ़ी, उसके पीछे के कारण क्या थे, लोगों को सारा मालूम है। अब परिस्थितियों यहां के माहौल में उनके अनुकूल नहीं दिखेंगी, जो भी हो आने वाले दिनों में कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा की राजनीति भी जिले में अजीबोगरीब मरहले में यदि दिखेगी, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सुक्खू सरकार का अंदाज तो निश्चित रूप में बदलने वाला है, लेकिन भाजपाइयों के लिए कांग्रेस के दो निष्कासित विधायक और फिर निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा का उसके लिए राज्यसभा सीट जीतने में कितना महत्वपूर्ण रहा है। इसका पता यहां के नेताओं के रवैये से ही चलेगा।

## मेरी नाराजगी क्यों थी, मुख्यमंत्री को सब पता : लखनपाल

**हमीरपुर।** विधानसभा से विधायक की गंवाने पर बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने लिखा है कि सुक्खू सरकार में उन्होंने खूब जलालत झेली। चपरासी की ट्रांसफर तक के लिए जो कुछ सहा, वह बयां नहीं कर सकता। समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के पास जब भी जाते थे, अनदेखी होती थी। स्वास्थ्य सेवाओं का मामला हो, बस अड्डे के निर्माण का हो, पेयजल संकट के निवारण का हो, किसी पर भी गौर नहीं होता था। कई बार इस पीड़ा को बताने के बाद भी अनदेखी होती थी। उन्होंने लिखा कि 42 साल तक उन्होंने पार्टी में रहकर सेवा की है। अपना घर-बार बेचकर सेवा दल जैसा महत्वपूर्ण संगठन चलाया, लेकिन जब अनदेखी हो तो फिर कोई क्या करें।

**कहा- सरकार में झेलता रहा जलालत**

# प्रदेश में थे बड़े वरिष्ठ नेता, फिर क्यों बाहरी राज्यसभा प्रत्याशी: देवेंद्र

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**राज्यसभा** चुनाव में हमने जनता के हितों की पैरवी करते हुए अपना मतदान किया है, क्योंकि प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर बाहरी राज्य से प्रत्याशी देकर वरिष्ठ नेताओं का अपमान किया है। हमने उन वरिष्ठ नेताओं के मान सम्मान के लिए अपना मतदान किया है।



यह बात कुटलैहड़ विस क्षेत्र से विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपनी सदस्यता रद्द करने पर प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की ओर से हमारी विधायकी सदस्यता रद्द की है और हमने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हमें विश्वास है कि हाई कोर्ट हमारी सदस्यता को बहाल करके हमें राहत प्रदान करेगा।

भुट्टो ने सुक्खू सरकार को तानाशाही करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने 14 माह पूर्व कुटलैहड़ विस क्षेत्र से चुनाव लड़कर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस का घोषणा पत्र था, हमने चुनावों में हर मंच पर जनता को पढ़कर सुनाया, लेकिन राज्य में सुक्खू सरकार बनने के बाद 14 माह में काई भी घोषणा पूरी नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

**कुटलैहड़ की जनता की अनदेखी होने पर लिया फैसला**

**बोले- विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ कोर्ट जाना पड़ा**

### जनता के साथ बैठक कर होगी रणनीति तय

**भुट्टो** ने कहा कि जल्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के साथ बैठक कर अगली रणनीति तय करेंगे। हमारा एक-एक कदम और एक-एक सांस पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता का नाम लिखा जा चुका है। जनता का जो फैसला होगा, वह मुझे मान्य होगा।

# स्वच्छता, स्वास्थ्य, अतिक्रमण और वेंडर फ्री सड़कें नगर निगम के लिए चुनौती

## नगर निगम सोलन मार्च महीने के पहले सप्ताह में पेश करेगा वित्तीय बजट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर नगर निगम सोलन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम पर शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य, सड़कों का अतिक्रमण और वेंडर फ्री सड़कें चुनौती होगी। जानकारी के मुताबिक मार्च माह के पहले सप्ताह में नगर निगम बजट पेश कर सकता है। यह निगम बनने के बाद तीसरा बजट होगा।

शिमला, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम ने पहले ही वित्तीय वर्ष का बजट पेश कर दिया है, जबकि नगर निगम सोलन के बजट में देरी हो गई।

फरवरी माह के शुरुआत में निगम से आयुक्त का भी तबादला हो गया था। हालांकि अब निगम को नया आयुक्त मिल गया है। इससे भी बजट लंबित हो गया। निगम पर शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल रहने के लिए खास इंतजाम करने होंगे। इसी तरह शहर में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए राजगढ़ रोड पर फुटपाथ का निर्माण और लोगों के स्वास्थ्य के अंतर्गत स्वच्छ पानी और रेहड़ी-फड़ी की समस्या के समाधान के लिए वेंडर मार्केट में अतिरिक्त दुकानों का निर्माण निगम की प्राथमिकता रहेगी। पिछले वित्त वर्ष में निगम ने 193 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इस बार का बजट दो सौ करोड़ रुपए से अधिक रहने की उम्मीद है।


नगर निगम सोलन का कार्यालय। (फाइल फोटो)

> निगम ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। बजट में आय के साधन बढ़ाने और वार्ड क्षेत्रों के विकास को धनराशि उपलब्ध करवाने का प्रयास रहेगा।
> -उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### बिजली पर सैस भी विकल्प

**निगम** ने गत वर्ष के बजट में शहर में शराब के ठेकों से प्रति बोतल दो रुपए के बजाये पांच रुपए सैस लेने के प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी का भेजा था, लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पाया। यदि सरकार से इसकी मंजूरी मिली तो निगम को प्रति वर्ष 75 लाख रुपए अतिरिक्त आय होगी, साथ ही स्ट्रीट लाइट पर प्रति यूनिट लगने वाले एक पैसा सैस में को 10 पैसा करने के प्रस्ताव को भी बजट में शामिल किया जा सकता है। इस निर्णय से 65 लाख रुपए की अतिरिक्त आय का अनुमान है। बजट में शहर के सौंदर्यीकरण के साथ पार्कों के जीर्णोद्धार पर फोकस किया जा सकता है। इसी तरह वार्डों में सामान्य कार्यों के अलावा मिनी पार्क और सेल्फी प्वाइंट निर्माण को बजट का प्रावधान किया जा सकता है।

### होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से बढ़ेगी आर्थिकी

**नगर** निगम सोलन को वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में आय जुटाने की चुनौती रहेगी। शहर की जनता को पिछले तीन वर्ष से एक अच्छे बजट का इंतजार है क्योंकि पिछले वर्ष के बजट की अधिकतर प्रस्तावित योजनाएं अभी अधर में लटकी हैं। ऐसे में नगर निगम सोलन पर लोगों को राहत देने और आय के साधन जुटाने की चुनौती रहेगी। इस बार शहर में लगी एलईडी स्क्रीन से आय के साधन जुटाने का लक्ष्य है। इसी तरह होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से भी निगम की आर्थिक में सुधार होने की उम्मीद है। आय के साधन जुटाने के लिए नए वित्तीय वर्ष में वार्ड क्षेत्रों में छोटी पार्किंग, येलो लाइन पार्किंग बनाने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। निगम अपनी चल संपत्तियों पर बाजार दर की औसत के मुताबिक किराया तय करेगा। इसमें मुख्यतः निगम की दुकानें, हॉल और लीज पर दी गई संपत्ति शामिल है। इससे भी निगम को 3.50 करोड़ आय हो सकती है। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स लागू होने बाद से निगम की आय में बढ़ोतरी होगी।

## 'सबरंग' कार्यक्रम में छात्रों संग सिरमौरी नाटी पर झूमे आचार्य

**नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के छात्रसंघ द्वारा वार्षिक कार्यक्रम सबरंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीलकांत ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात प्रीति ने भजन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विक्रम का राग जौनपुरी शास्त्रीय संगीत से समां बांधा। आदर्श ने फ्रीस्टाइल पॉपिंग से सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में अलग-अलग प्रस्तुति देखने को मिली जैसे - हरियाणवी और पंजाबी नृत्य, बीट बॉक्सिंग मग, गायकी कविताएं, रैंप सॉन्गस आदि द्वारा कॉलेज प्रांगण में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में अनीश, मोनिका व भव्य की अनोखी कला प्रदर्शनी ने सबका दिल जीत लिया। वैध प्राचार्य ने सभी सीएससीए सदस्यों की तारीफ के साथ उन्हें फाइल फोल्डर देकर उनका मनोबल बढ़ाया। छात्रसंघ सचिव डिंपल ने छात्रसंघ समिति की समन्वयक डॉ. उत्तमा पांडे, सदस्य डॉ. रविकांत, प्रो. नवदीप, डॉ. सलोनी का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सिरमौरी नाटी पर सभी छात्र-छात्राओं संग प्राचार्य व आचार्य झूम उठे।

### नगर परिषद नालागढ़ ने शहरवासियों को दिया समय

## 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा न करवाया तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नगर परिषद नालागढ़ के लोग 80 लाख रुपए के करीब गृह कर चुकाने को तैयार नहीं हैं। अगर 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा नहीं करवाते हैं तो उसके बाद परिषद की ओर से नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जबकि 28 लाख के करीब डिफॉल्टर मकान मालिक बीते साल का टैक्स नहीं चुका रहे हैं। इसको लेकर अब परिषद सख्त नजर आ रही है। वहीं, 52 लाख रुपए इस साल का टैक्स बन चुका है, जो कि शहरवासियों से वसूला जाना है। अभी तक एक सप्ताह के भीतर 91 लोगों से करीब दो लाख रुपए गृह कर के रूप में वसूल हुए हैं।

नया सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से नगर परिषद नालागढ़ ने पुराने सर्वे के आधार पर गृह कर वसूलना शुरू कर दिया है। नप ने निजी कंपनी से सॉफ्टवेयर से सर्वे करवाया था, जिसमें लोगों की कई आपत्तियां रह गई थीं। सरकार नया सॉफ्टवेयर बना रही है, लेकिन वह अभी तक पूरी तरह से अपडेट नहीं हो पाया। इसके चलते पुराने सर्वे के आधार पर ही टैक्स वसूला जा रहा है, जिन लोगों ने पिछले साल गृह कर जमा नहीं कराया, उन्हें नए बिल के साथ पुराना टैक्स भी जमा करवाना होगा। गौरतलब रहे कि नगर परिषद नालागढ़ में 3500 के करीब मकान हैं। नगर परिषद ने पिछले वर्ष से यहां पर हाउस टैक्स लगाना शुरू कर दिया है। इस वर्ष भी 15 फरवरी से कर वसूलना शुरू हो गया है। अभी तक 81 लोगों ने ऑफलाइन करीब एक लाख 46 हजार और ऑनलाइन 10 लोगों ने 50,000 रुपए टैक्स जमा करा दिया है। पिछले वर्ष 55 लाख रुपए टैक्स के रूप में नगर परिषद ने वसूल करना था, लेकिन नगर परिषद 32 लाख ही वसूल कर पाई थी।

इसमें करीब 1500 लोगों ने 23 लाख रुपए टैक्स जमा नहीं करवाया। इनमें से कई लोगों का कहना था कि उनका क्षेत्र ज्यादा दिखाया गया है, जबकि मौके पर ऐसा नहीं है। इसके चलते उन्होंने टैक्स जमा नहीं कराया। नगर परिषद के ईओ आरएस वर्मा ने बताया कि 24 फरवरी तक 91 नागरिकों ने करीब दो लाख रुपए टैक्स जमा करा दिया है। अभी 52 लाख टैक्स और लेना बाकी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा करा दें और जिन लोगों ने पिछले साल भी जमा नहीं कराया है, वे भी नए बिल के साथ जमा करवा दें। इसके बाद कार्रवाई भी शुरू की जाएगी।

▶ **नए बिल में जुड़ेगा नहीं दिया हुआ पुराना बिल**

## न्यूज ब्रीफ

### शमशेर विद्यालय में विज्ञान मेला आयोजित


नाहन में साइंस दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों ने विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए।

**नाहन।** राजकीय शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नाहन में साइंस दिवस के उपलक्ष में विद्यालय के छात्रों की ओर से विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं विज्ञान से संबंधित मॉडल बनाए। छात्रों के अभिभावकों ने छात्रों के कार्य की बड़ी सराहना की। साइंस अध्यापिका वीना सोहेल का इस मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### लड़ोग में शिक्षा में गुणवत्ता लाने को चर्चा


लड़ोग स्कूल में चतुर्थ स्कूल शिक्षा संवाद में हिस्सा लेते अभिभावक।

**अर्की।** राजकीय उच्च एवं प्राथमिक विद्यालय लड़ोग में चतुर्थ स्कूल शिक्षा संवाद का आयोजन मुख्याध्यापिका मनोरमा चड्ढा और मुख्य शिक्षक अरुण शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में यशपाल वर्मा ने विद्यालय में उपस्थित एसएमसी प्रधान बंती तनवर और सदस्यों सहित अविभावकों का स्वागत किया। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सुझाव दिए। इस शिक्षा संवाद में अभिभावकों सहित विद्यालय अध्यापक पवन कुमार, भूपेंद्र कुमार, पूर्ण चंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर सनौरा में आरंभ हुई शिव पुराण कथा


शिव मंदिर सनौरा में शिव महापुराण के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा।

**नाहन।** यशवंतनगर के समीप सनौरा में स्थित शिव मंदिर में बुधवार को ग्यारह दिवसीय महा शिव पुराण का कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं और पुरूषों ने भाग लिया। महा शिवपुराण की कथा नौ मार्च को शिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होगी। इस महा शिवपुराण में आचार्य प्रियव्रत शर्मा वेद व्यास की भूमिका निभाएंगे।

### कटोली में शिव महापुराण यज्ञ आरंभ

**राजगढ़।** टिक्कर पंचायत के बधोरली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर कटोली में शिवरात्रि के पावन अवसर पर 11 दिवसीय शिव महापुराण यज्ञ आरंभ हो गया । इस धार्मिक आयोजन में शिव महापुराण का व्याख्यान वेदांत आचार्य रोशन लाल शर्मा द्वारा किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा व पुराण स्वागत के साथ हुआ । नौ मार्च को यज्ञ विशाल भंडारे व हवन यज्ञ के साथ विराम लेगा । मंदिर कमेटी के सदस्य सुरेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में शिवरात्रि के पावन अवसर पर चार पहर की पूजा भी होगी ।

### बातल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अर्की।** बातल पंचायत के सामुदायिक भवन में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए बातल ग्राम के अलावा गाहर जखोली रहेड पोखटू व साथ लगते गांवों के निवासियों ने भाग किया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर निशा वर्मा (उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी) ने अपनी पूरी टीम सहित मुख्य रूप से 120 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. करुणेश नागल, डॉ. इंद्र कुमार गर्ग, डॉ. हेमा, जगदीश शर्मा, कामिनी गुप्ता भी मौजूद रही।

### राजगढ़ में फलों-सब्जियों के दाम आसमान पर

**राजगढ़।** राजगढ़ शहर में फलों एवं सब्जियों के दाम इन दिनों सातवें आसमान पर हैं। इस कारण आम आदमी की थाली से सब्जी गायब नजर आ रही है। अधिकतर फलों के दाम 80 से 150 रुपए प्रति किलो चल रहे हैं। फल विक्रेताओं की मानें तो प्रदेश में इन दिनों फलों का उत्पादन नहीं होता है। ज्यादातर फल दूसरे राज्यों से मंगवाए जा रहे हैं, इसलिए दाम बढ़े हैं।

### युवाओं को नशे से दूर रखने को हों एकजुट : डीसी

**सोलन।** नशा मुक्त अभियान-2 के तहत जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार करने तथा सुझाव लेने के दृष्टिगत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि नशा समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से चंगुल से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि युवास्था की जिज्ञासा और साथियों के दबाव के कारण किशोर नशे की ओर कदम बढ़ाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों द्वारा युवाओं को नशे के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है।


### डबल इंजन की रही सरकार, सांसद भी रहे भाजपा के फिर भी मुद्दा बरकरार

## भाजपा के लिए गले की फांस बना सिरमौर रेल का मुद्दा

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर को रेल के मुद्दे पर सवार होकर लगातार दिल्ली पहुंचे सांसदों को मोदी सरकार आज तक रेल की सौगात नहीं दे पाई। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का संकल्प पत्र कहीं न कहीं कम से कम सिरमौर में जनता के गले से नहीं उतर पाएगा। 2014 से 2024 तक लगातार केंद्र में काबिज रहे शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सिरमौर को रेल नहीं दिलवा पाए।

ऐसा नहीं है कि सांसद रहे वीरेंद्र कश्यप और मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप सिरमौर को रेल की मांग को लेकर चुप रहे, बल्कि दोनों सांसदों ने कई बार केंद्र सरकार के समक्ष सिरमौर को रेल दिलाए जाने का मुद्दा उठाया, बावजूद इसके केंद्र की मोदी सरकार सिरमौर के इस प्रमुख मुद्दे पर चुप रही। गिरिपार विशेष वर्ग आरक्षण पर केंद्र के दिग्गज नेताओं ने भले ही वोटों की राजनीति के तहत सिरमौर को बांटने की कोशिश की हो, मगर विकास के मुद्दे पर जहां रेल इस जिला सहित पूरे प्रदेश के लिए वरदान साबित होती, उस पर केंद्र के दिग्गज भाजपा नेताओं ने कोई आश्वासन नहीं दिया। सिरमौर को रेल न केवल सामरिक दृष्टि से बल्कि किन्नौर से लेकर शिमला जिला के सेब के लिए यह रेल संजीवनी साबित होती।



पांवटा साहिब-शिलाई फोरलेन, रोहड़ू, जुब्बल, कोटखाई और उसके साथ लगते उत्तरांचल की सेब बेल्ट को भी ईजी अप्रोच करता है। ऐसे में यदि पांवटा साहिब में रेल का मुख्य जंक्शन बनता है तो निश्चित ही न केवल प्रदेश के किसानों का सेब बल्कि सिरमौर का टमाटर, लहसुन, मटर देश की बड़ी मंडियों तक सही समय पर पहुंच सकता है। यही नहीं डीआरडीओ तथा देश की स्पेशल फोर्सज का ट्रेनिंग सेंटर भी सिरमौर में है। जिसका सामरिक महत्व भी बढ़ जाता है।

बावजूद इन सबके भले ही अंग्रेजों ने रेल को शिमला जैसे पहाड़ पर पहुंचा दिया हो, मगर दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी होने का परचम लहराने वाली भाजपा सिरमौर को रेल तक नहीं दे पाई है। यही नहीं दून क्षेत्र का किसान अब यह भी समझ चुका है कि धौलाकुआं में बनाया गया आईआईएम उनके लिए केवल और केवल सफेद हाथी साबित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्री रेणुका जी वेट लाइन एरिया तथा चूड़धार, हरिपुरधार क्षेत्र में कुल्लू शिमला से भी अधिक पर्यटन की संभावनाएं थी। बावजूद इसके कोई बड़ी विशेष योजना केंद्र की मोदी सरकार यहां नहीं बन पाई। सिरमौर में इस समय रेल का मुद्दा धीरे-धीरे फिर से हवा पकड़ रहा है। जाहिर है जहां राज्यसभा चुनाव के बाद जो चरित्र केंद्र की भाजपा ने हिमाचल में प्रस्तुत किया है, उसका बड़ा साइड इफेक्ट भले ही सियासी गलियारों पर न पड़ा हो, मगर प्रदेश की जनता पर इसका बड़ा विपरीत असर पड़ा है। न केवल आम जनता बल्कि कर्मचारी वर्ग तक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फिर जनता के द्वारा सरकार चुनने का मतलब ही क्या रह जाता है, जब सब कुछ खरीद फरोख्त से चल जाता है। बहरहाल सिरमौर को रेल का बड़ा मुद्दा अब भाजपा के लिए गले की फांस बनेगा। देखना यह होगा की कांग्रेस इस मुद्दे को किस हद तक कैश कर पाती है। (अनंत ज्ञान)

### पां. कपिल शौनक और बाबा बर्फानी में सुलह

**रेणुका जी।** बाबा बर्फानी क्यारटा के मामले में शिकायकर्ता पंडित कपिल शौनक ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। पंडित कपिल ने बताया कि यह गुरु-शिष्य का मामला था, जिसे गलत तरीके से समझा गया। शौनक ने माना कि बर्फानी बाबा से उनका कोई विवाद नहीं है। गुरु-शिष्य का मामला आपसी बातचीत से सुलझा दिया गया है, जिसकी एक कॉपी पुलिस थाना रेणुका में भी दे दी है।

### बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेला नौ अप्रैल से

**नाहन।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेला त्रिलोकपुर इस बार नौ से 23 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले के आयोजनों से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले के प्रभावी प्रबंधन को लेकर मेला क्षेत्र को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी नियुक्त रहेंगे। बैठक में काला अंब से त्रिलोकपुर तक यातायात नियंत्रण, वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था, सूचना केंद्र की स्थापना, आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, मेला क्षेत्र की साज-सज्जा व विद्युतीकरण, परिवहन सुविधा आदि पर विचार-विमर्श किया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


राणा नवयुवक मंडल टेक के कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**सोलन।** राणा नवयुवक मंडल की ओर से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। इसमें राणा नवयुवक मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि इसमें सभी राणा नवयुवक मंडल टेक के सदस्य, गांव के प्रधान और नंबरदार और गांववासी भी उपस्थित रहे।

### ऋण प्रदान करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण : उपायुक्त शर्मा


वार्षिक ऋण योजना का विमोचन करते उपायुक्त मनमोहन शर्मा।

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लक्षित वर्गों की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने और पात्र व्यक्तियों को समय पर ऋण प्रदान करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मनमोहन शर्मा जिला के अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा निर्धारित जिला सलाहकार समीति की 173वीं की त्रैमासिक एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर आर्थिकी को सुदृढ़ करने में बैंक सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिला के आमजन तक वित्तीय योजनाएं पहुंचाने के लिए सशक्त एवं प्रभावी प्रचार सुनिश्चित बनाएं। मनमोहन शर्मा ने जिला में कार्यरत विभिन्न बैंकों को निर्देश दिए कि लंबित पड़े ऋण मामलों को शीघ्र निपटाएं। इस अवसर पर उपायुक्त ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए संभाव्यता युक्त ऋण योजना तथा वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना का विमोचन भी किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान, पशुपालन विभाग सोलन के अतिरिक्त निदेशक डॉ. विजय कुमार पाठक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

### पांवटा में तीन से चलेगा टीकाकरण अभियान

**पांवटा साहिब।** एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के लिए ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि तीन से पांच मार्च तक पांवटा उपमंडल में राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के अंतर्गत टीकाकरण अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत चार ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं तथा इस दौरान तीन मोबाइल टीमें भी कार्य करेंगी।

ब्लॉक में 138 बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिसमें पांच वर्ष से कम उम्र के 24089 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को बूथ प्वाइंट पर अवश्य लाएं। बैठक के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी राजपुर केएल भागत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## आदेश के बावजूद अर्की अस्पताल को नहीं मिला अल्ट्रासाउंड स्पेशलिस्ट

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

नागरिक अस्पताल अर्की में रेडियोलॉजिस्ट व रंगीन अल्ट्रासाउंड मशीन के अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए अर्की क्षेत्र के लोगों को सोलन व शिमला निजी क्लीनिकों में जाकर समय और धन दोनों की भारी हानि उठानी पड़ रही है। ज्ञात रहे कि अर्की अस्पताल में अर्की के ऐसे क्षेत्रों से लोग आते हैं, जो कि दूरदराज व दुर्गम हैं, जहां से मात्र एक या दो बसें ही अर्की तक आती हैं।

अर्की अस्पताल पहुंच कर जब उन्हें पता चलता है कि यहां अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाएगा तो वे मायूस होकर सोलन या शिमला का रुख करते हैं। इसका खामियाजा ज्यादातर गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गायनी की ओपीडी ही लगभग 60 से 70 होती है। ज्ञात रहे कि पूर्व में जब इस समस्या के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन उप्पल से बात की गई थी तो उनका कहना था कि अर्की में अल्ट्रासाउंड मशीन रेडियोलॉजिस्ट न होने के चलते सील की जाती है। जैसे ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति होगी, यह मशीन शुरू कर दी जाएगी।

इस पर लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल व सीपीएस व अर्की विधायक संजय अवस्थी ने अर्की में रंगीन अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट का पद भी सृजित कर एक स्पेशलिस्ट को अर्की में तुरंत प्रभाव से अपना पदभार संभालने के आदेश जारी कर दिए थे, ताकि लोगों के समय एवं धन की बचत हो सके, लेकिन इस पद पर आज तक अर्की अस्पताल में किसी ने पदभार ग्रहण नहीं किया है। इससे लोगों मे चर्चा है कि आज भी सरकारी क्षेत्र में नोकरशाही हावी है।

> हम प्रति सप्ताह रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजते हैं। अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट के पदभार ग्रहण न करने के बारे में भी उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।
> -डॉ. राजन उप्पल, मुख्य चिकित्साधिकारी जिला सोलन

इसका खामियाजा भविष्य में होने वाले किसी भी चुनाव में किसी भी दल को उठाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए भी निजी अस्पतालों में जाना पड़ेगा, तो सरकार ऐसे आदेश कर लोगों के मन में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने की आस क्यों जगाती है। लोगो ने मांग की कि सरकार अपने द्वारा जारी किए गए आदेशों की शीघ्र ही संबंधित अधिकारी से अनुपालना करवा कर अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त कर क्षेत्र के लोगों में विश्वास कायम करे। (अनंत ज्ञान)

### कार्यक्रम | पाइनग्रोव स्कूल में छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन

## कर्तव्य सूद हेड ब्वॉय और आकांक्षा शर्मा हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में हेड टीचर पंकज शर्मा ने बताया कि नवगठित छात्रों के परिषद का चुनाव लोकतांत्रिक रूप से किया गया। इसमें न केवल शैक्षणिक प्रदर्शन अनुशासन बल्कि खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में प्रदर्शन को मद्देनजर रखा गया।

इस प्रक्रिया को और भी पारदर्शी बनाने के लिए न केवल बारहवीं कक्षा के छात्रों ने मतदान कर अपनी प्राथमिकता दिखाई, बल्कि कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने भी मतदान कर छात्रों के चुनाव में अहम भूमिका निभाई। सर्वप्रथम चार सदनों के नए परिषद कप्तानों के नामों की घोषणा हुई। अनुज सोनी व श्रुति को चिनार सदन का कार्यभार सौंपा गया, वहीं देवदार सदन के लिए त्रिभुवन नरेश तथा कायरा दत्ता को चयनित किया गया।



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में शैक्षणिक सत्र के लिए चयनित छात्र परिषद।

सृजन शर्मा और स्नेहा ठाकुर ओक सदन के लिए मनोनीत किया गए, जबकि रोहन सिडाना और राशि सहारन को टीक सदन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ-साथ एम यूएन का कार्यभार कायरा दत्ता, स्टेज इवेंट की देखरेख कृष गुप्ता और काव्य, जशंनदीप सिंह को बैंड क्लब, गरबोलॉजी की देखरेख अथर्व सिंह और गुरसेहज कौर, त्रिभुवन नरेश को पीए सिस्टम, श्रुति, कायरादत्त, आकांक्षा को देवदार सदन की जिम्मेदारी के साथ-साथ प्रकाशन का कार्यभार सिमरनदीप सिंह ढिल्लों को बैंड क्लब के साथ-साथ खेल कप्तान का कार्यभार सौंपा गया। तत्पश्चात वह घड़ी आ गई जिसका सबको बेसबरी से इंतजार था, कर्तव्य सूद को हेड ब्वॉय तथा हेड गर्ल आकांक्षा शर्मा को मनोनीत किया गया।

नवगठित छात्र परिषद को पद और गोपनीयता की शपथ, गत वर्ष के हेड ब्वॉय प्रणव लिहान्तु ने दिलाई। पाइन ग्रोव स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष एवं निर्देशक कैप्टन एजे सिंह ने छात्रों को कहा कि विद्यार्थी अपना कार्य पूर्ण निष्ठा से करें। इस अवसर पर डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, निर्देशक कैप्टन एजे सिंह, समीक्षा सिंह के अलावा पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू के हेड टीचर पंकज शर्मा, गतिविधि प्रभारी गुरप्रीत सिंह तथा अन्य शिक्षण मौजूद रहे।

## इंडस्ट्री एरिया को जोड़ने वाला बालद पुल अप्रैल तक होगा तैयार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के बालद खड्ड पर हरियाणा को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। अप्रैल माह तक पुल के निर्माण कार्य को पूरा करने का टारगेट है, ताकि आने वाले बरसात के मौसम से पहले यातायात को शुरू किया जा सके।

एनएचएआई ने ठेका कंपनी को हर हाल में बरसात से पहले पुल को तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि बीते अगस्त में हुई भारी बारिश के दौरान बद्दी-पिंजौर मार्ग पर तीन पुल एक साथ टूट गए थे, ऐसे में यहां पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई थी।

सबसे पहले मंडावाल के समीप पुल टूटा, उसके बाद किरतपुर और फिर बद्दी का पुल भी टूट गया था। इस कारण बद्दी से बाहर जाने के लिए वाहन वाया कालका और वाया सिसमा जाते थे। अभी इन तीनों स्थान पर एनएचएआई ने अस्थायी पुल बनाकर मार्ग को चालू तो कर दिया है, लेकिन बद्दी में बालद नदी पर बने अस्थायी पुल के आगे रास्ता तंग होने से वहां पर अभी तक छोटे वाहन ही आवागमन कर पा रहे थे। बड़े वाहन अभी भी बरोटीवाला घूम कर मंडावाला से पिंजौर की ओर जा रहे हैं।

> हरियाणा से जोड़ने वाले पुल को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जा रहा है। अप्रैल माह तक इसे चालू करने का लक्ष्य रखा है। एनएचएआई ने यहां पर अस्थायी पुल बना रखा है, जो बड़े वाहनों के भार को सहन कर सकता है, लेकिन पुल पार करने के बाद जगह तंग है, जिसके चलते बड़े वाहनों के लिए अभी इसे नहीं खोला गया है।
> -सुभाष सकलानी, ओएसडी

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने सात मामलों में पकड़ी चरस की नष्ट

**धर्मशाला।** पुलिस लाइन धर्मशाला में एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री की अगुआई में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने पुलिस थाना पालमपुर व ज्वालामुखी में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सात फैसला शुद्दा अभियोगों में कुल एक किलो 41 ग्राम बरामद चरस को नष्ट किया गया।

### एसडीएम ने दी तीन लाख की राहत राशि



**बैजनाथ।** उपमंडल के नोहरा निवासी कोला देवी को वीरवार को राहत राशि के रूप में एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने तीन लाख रुपए का चेक भेंट किया। गौरतलब है कि गत वर्ष बरसात के मौसम में नोहरा गांव की कोला देवी का मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे सरकार द्वारा राहत राशि के रूप में तीन लाख रुपए का चेक एसडीएम ने आज भेंट किया।

### डंगे से नीचे गिरने से व्यक्ति की मौत

**डाडासीबा।** पुलिस चौकी डाडासीबा के अंतर्गत पड़ती पंचायत उज्जे खास के गांव कसराल में वीरवार को एक व्यक्ति की सड़क किनारे ढंगे से नीचे गिरकर मौत होने की सूचना प्रकाश में आई है । जानाकरी के मुताबिक उक्त व्यक्ति नीचे गिरा स्थानीय लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी जिस पर डाडासीबा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुलदीप कुमार (40) पुत्र रमेश चंद निवासी गांव बाथू डाकघर टिप्परी तहसील डाडासीबा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए चौंकी प्रभारी किशोर चंद ने बताया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### सीपीएस किशोरी लाल को कल करेंगे सम्मानित

**बैजनाथ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ ने कहा कि छह विधायकों को पार्टी से निष्कासित करने क निर्णय पार्टी हाई कमान तथा विधानसभा अध्यक्ष का एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला है । पत्रकारों को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मुख्य सलाहकार अनुराग शर्मा, अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र राव ने संयुक्त वार्ता में कहा कि जिस तरह से भाजपा ने धन और सत्ता का दुरुपयोग करके प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया है बह इस देवभूमि के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा । उन्होंने कहा कि बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल को भी मिशन लोट्स के तहत एक भारी भरकम धनराशि का प्रलोभन दिया गया था, परंतु विधायक किशोरी लाल ने इसे ठुकरा कर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और ईमानदारी का परिचय दिया है। इसके लिए बह बधाई के पात्र है । बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस ने कहा कि जिस तरह से ईमानदारी का परिचय देकर विधायक ने प्रदेश का और इलाके का नाम बदनाम नहीं होने दिया है उसके लिए उन्हें कल ब्लॉक कांग्रेस की ओर से सम्मानित किया जाएगा ।

### सदस्यता रद्द करना सराहनीय कदम

**धर्मशाला।** धर्मशाला के पूर्व महापौर एवं कांग्रेस दिग्गज नेता देवेंद्र सिंह जग्गी ने कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता रद्द करने पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की सराहना की है। उन्होंने कहा कि लोग प्रत्याशी को चुन कर विधानसभा भेजते हैं लेकिन यदि वहीं विधायक दलबदल कर विरोधी पार्टी के प्रत्याशी को वोट करें तो यह पार्टी विरोधी गतिविधि होती है। विधानसभा अध्यक्ष ने दलबदल कानून के तहत यह फैसला सुनाया है जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विधायक किसी और पार्टी से जीतते हैं और किसी और पार्टी को वोट करते हैं। जग्गी ने कहा कि बजट के दौरान यह सभी विधायक गैर मौजूद रहे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को अन्य राज्यों में करती आई है, वह अब हिमाचल प्रदेश में करने का प्रयास कर रही है लेकिन उनका यह मनसूबा कभी पूरा नहीं होगा।

### छात्रों को मुफ्त मिलेंगी संगणक शिक्षा

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय में शिक्षा के साथ एक और नया आयाम जुड़ने जा रहा है संगणक शिक्षा। राजकीय आर्य महाविद्यालय में जीवन के इस परिवेश को देखते हुए बच्चों के लिए संगणक की शिक्षा संगणक शिक्षा और आवश्यकता नाम से प्रारंभ करने जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 घंटे का पाठ्यक्रम करवाया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को आधारभूत संगणक शिक्षा मुफ्त में प्रदान की जाएगी। संगणक की शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ठाकुर ने जानकारी देते हुए यह बताया शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुशिक्षित, सुसंस्कृत एवं स्वावलंबी बनाना है। राजकीय आर्य महाविद्यालय द्वारा संगणक शिक्षा की पहल से एक तो कई विद्यार्थियों का भविष्य सुनिश्चित हो जाएगा । दूसरा विद्यार्थी इसी पाठ्यक्रम के लिए भारी भरकम शुल्क की अदायगी से भी बच जाएंगे तथा निकट भविष्य में उन्हें किसी भी संगणकीय कार्य के लिए उन्हें किसी के सामने खड़े नहीं होना पड़ेगा।

## आपदाओं में मनोसामाजिक देखभाल करना अत्यंत जरूरी : एडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में तीन दिवसीय आपदा पूर्व मनोसामाजिक देखभाल के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी हरीश गज्जू ने करते हुए कहा कि आपदाओं के पूर्व मनोसामाजिक देखभाल एक बहुत जरूरी और गंभीर विषय है। लेकिन अकसर इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जाता। आपदाओं की जद में आने वाले लोगों को मानसिक रूप से स्थिर होने में काफी समय लगता है। जो लोग अपने पारवारिक सदस्यो या घरों को आपदाओं में खो देते हैं उन्हें मानसिक रूप से अपनी जिंदगी फिर से शुरू करने में काफी कठिनाई होती है। ऐसे में समाज के लिए बहुत जरूरी हो जाता है के हम इन लोगों की मनोसामाजिक देखभाल करें। उन्होंने कहा के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मनोसामाजिक देखभाल पर स्थानीय स्तर पर स्त्रोत व्यक्तियों को तैयार करना है, ताकि इस विषय को आम जनता तक पहुंचाया जा सके।

कार्यक्रम में जिला के विभिन्न महाविद्यालयों तथा स्कूलों से आये अध्यापकों तथा विभिन्न हिस्सों से आये आपदा मित्रों ने प्रतिभागियों के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य स्त्रोत पर्सन अनुराधा ने प्रतिभागियों को आपदाओं के पश्चात आपदा प्रभावितों पर पड़ने वाले मनोसामाजिक असर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में प्रतिभागीरों के साथ आपदाओं के पूर्व मानसिक अवसाद से निपटने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा।

---

### दिग्गज नेता विजय इंद्र कर्ण और सुधीर शर्मा समर्थक आमने-सामने, कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हुआ माहौल

# सुधीर शर्मा मुर्दाबाद-जिंदाबाद के नारों से गूंजा धर्मशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

धर्मशाला कचहरी चौक वीरवार को सुधीर शर्मा मुर्दाबाद और सुधीर शर्मा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। एक तरह दिग्गज कांग्रेस नेता विजय इंद्र करण अपने समर्थकों सहित थे तो दूसरी तरफ सुधीर शर्मा समर्थक।



एक समय माहौल ऐसा बन गया जैसे दोनों गुटों में मुर्दाबाद और जिंदाबाद के नारों को लेकर कोई प्रतियोगिता छिड़ गई हो। धर्मशाला उर्पचुनाव 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र करण समर्थकों सहित कांग्रेस के बागी नेताओं के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने कचहरी चौक पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुधीर शर्मा मुर्दाबाद सहित भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए। विजय इंद्र कर्ण एवं उनके करीब 100 समर्थकों ने कांग्रेस से बागी हुए स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने ऐन मौके पर पहुंच कर उनसे पुतला छीन लिया।

इस मौके पर सुधीर शर्मा समर्थक भी पहुंचे और उन्होंने सुधीर शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया। हालात ऐसे हो गए जैसे नारेबाजी को लेकर दोनों गुटों में कोई प्रतियोगिता छिड़ गई हो। दोनों गुटों में बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने बीच बचाव करते हुए माहौल को शांत किया। गौरतलब है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं सदन में अनुपस्थिति के कारण कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता रद्द की गई है। इसी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उक्त नेताओं के खिलाफ रोष पनपा है।



आपस में उलझते कांग्रेस के कार्यकर्ता

> हिमाचल प्रदेश की राजनीति में जो हो रहा है, वह पहले कभी नहीं हुआ। सरकार को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जो अन्य राज्यों में करती आई है, अब हिमाचल में भी करने लगी है, जोकि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के बलवूत राजनीति में बड़ा मुकाम हासिल करने वालों ने ही कांग्रेस पार्टी से गद्दारी की है, जिसके लिए यह रोष प्रदर्शन किया गया। पार्टी के खिलाफ कार्य करना और सदन में अनुपस्थित रहने पर छह विधायकों की सदस्यता रद्द करना एक बेहतरीन फैसला है।
>
> **-विजय इंद्र कर्ण, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस, धर्मशाला।**

> **धर्मशाला** समेत पूरे प्रदेश की जनता सुधीर शर्मा के साथ है। सुधीर शर्मा के विजन से ही धर्मशाला शहर और हिमाचल पूरी दुनिया में शहरी विकास में चर्चा का विषय रहा है। कचहरी में मुख्यमंत्री के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले लोगों को स्थानीय लोगों ने भगा दिया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष की इस सरकार में मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के हितों को ताक पर रखा। धर्मशाला वासी अपने नेता सुधीर शर्मा के साथ हैं उनके समर्थन में पूरी धर्मशाला विधानसभा है।
>
> **-राज कुमार कश्यप, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, धर्मशाला।**

# कुख्यात घोड़ासहन गिरोह का चोर अरेस्ट

### धर्मशाला पुलिस ने सुलझाई लाखों की चोरी की गुत्थी, आरोपी छह दिन के रिमांड पर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



असलम देवान।

धर्मशाला के कोतवाली में एक मोबाइल स्टोर से लाखों के मोबाइल चोरी करने के मामले में बिहार के घोड़ासहन के चोर गिरोह का नाम सामने आया है। धर्मशाला पुलिस टीम की विशेष टीम ने 13 दिन नेपाल तथा बिहार का खाक छानने के बाद आखिरकार एक चोर को कुख्यात क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। धर्मशाला पुलिस ने जिस क्षेत्र से इस चोर को गिरफ्तार किया है उस नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस भी जाने से कतराती है तो ऐसे में पूरी टीम ने बेहतरीन काम किया है। बताते चलें कि करीब अढ़ाई माह पहले चोर गिरोह ने धर्मशाला के कोतवाली स्थित मोबाइल स्टोर लाखों रुपए के आईपेड तथा मोबाइल चोरी कर लिए थे। इसी मामले में जांच के बाद पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को भारत-नेपाल सीमा के इस कुख्यात इलाके से पकड़ा है। धर्मशाला के एएसआई विजय सिंह की अगुआई में साइबर थाना कर्मी के अलावा कुल पांच पुलिस कर्मी इस टीम में शामिल थे। पिछले 13 दिनों से ये लोग नेपाल के कई इलाकों तथा बिहार में आरोपी को काबू करने के प्रयासों में लगे हुए थे। वहीं गत रोज पुलिस को इस आरोपी को बिहार के कुख्यात गांव से पकड़ने में सफलता मिली। बुधवार रात को चोर को धर्मशाला लाया गया। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

#### भारत-नेपाल बॉर्डर पर स्थित है गांव

**भारत**-नेपाल बॉर्डर पर बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन गांव के चोरों ने दशकों से देशभर की पुलिस को छका के रखा है। एक के बाद एक वारदात का खुलासा करने के लिए घोड़ासहन गिरोह पुलिस के लिए परेशानी बन गया है। देश के कई हिस्सों में इस गिरोह ने करोड़ों की चोरियां की है। बताते चलें कि पुलिस अगर वारदात का तरीका अगर घोड़ासहन गिरोह की तरह का पाती है तो खुलासे की उम्मीद छोड़ देती है। वहीं, आरोपी कभी पकड़े भी जाएं तो नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से बरामदगी को नामुमकिन मानना जाता है। घोड़ासहन गांव में चोरों के कई गिरोह हैं। गांव में 100 से ज्यादा युवा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं, वहीं 500 से 800 लोग इससे जुड़े हैं।

#### चोरी के बाद बदमाश तुरंत छोड़ देते जगह

**बदमाश** देश के किसी भी शहर में वारदात करते ही उस जिले और राज्य को छोड़ देते हैं। वारदात के बाद बदमाश रेलवे स्टेशन पर मिलने वाली ट्रेन पकड़ते हैं और आगे से आगे जाकर राज्य के बाहर निकल जाते हैं।

#### बचपन से शुरू हो जाता है चोरी का प्रशिक्षण

**बिहार** के मोतिहारी जिले का घोड़ासहन थाना क्षेत्र चोरी, लूट और डकैती की घटना करने वाले बदमाशों के लिए बदनाम है। यहां दस साल के बच्चे से लेकर 50 की उम्र तक के वयस्क को अपराध का प्रशिक्षण दिया जाता है। आलम ये कि पूरा गांव ही चोरी और अपराध में शामिल है। चोर गिरोह को घोड़ासहन गिरोह से ही जाना जाता है। गिरोह की खासबात है कि इसके सदस्य वारदात को काम कहकर बुलाते हैं और पेशे की पूजा करते हैं। घर की महिलाएं पति के काम को अपराध नहीं मानती।

## बनखंडी-हरिपुर सड़क पर लुढ़का ट्रैक्टर, चालक की मौत



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

देहरा विधानसभा क्षेत्र में हरिपुर पुलिस स्टेशन के तहत गूगा मंदिर के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा पेश आया है। बनखंडी-हरिपुर रोड पर एक ट्रैक्टर सड़क से लुढ़क गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान राम कुमार (44) पुत्र प्रकाश चंद निवासी शेर लुहारा के रूप में हुई है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार, राम कुमार लंबे अरसे से ट्रैक्टर चला रहा था। गुरुवार को राम कुमार खाली ट्रैक्टर पर बनखंडी से हरिपुर की तरफ आ रहा था। बनखंडी-हरिपुर रोड पर गूगा मंदिर के पास राम कुमार ट्रैक्टर से अचानक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सड़क से लुढ़क कर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हरिपुर पुलिस स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ पुलिस थाना हरिपुर पवन कुमार ने हादसे की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कड़ेला गांव में एक साथ लगी तीन गोशालाओं में आग, लाखों का नुकसान

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**



आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मी व स्थानीय लोग।

विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंदड़ के कड़ेला गांव में गुरुवार दोपहर को एक साथ तीन गोशालाओं में अचानक आग लग गई। यह आग कड़ेला गांव के निवासी कुलदीप कुमार, कालू (गुग्गा) व त्रिलोक की गोशालाओं में आग लगी।

दोपहर के समय आग की ऊंची लपेटे प्रभावित परिवारों की महिलाओं ने देखी। उन्होंने आग देखकर आग लगने का शोर मचाया। वहीं, शोर मचाने पर कड़ेला गांव के लोग एकत्रित हो गए। साथ में ही मनरेगा कार्य में लगी महिलाओं ने भी आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगने की खबर मिलते ही ग्राम पंचायत गंदड़ प्रधान बिनता देवी व इनके साथ ग्राम रोजगार सेवक शशिकांत, पंचायत सचिव पूजा, पंचायत चौकीदार व सिलाई अध्यापिका भी मौके पर पहुंचे। उसके बाद जयसिंहपुर अग्निशमन विभाग कार्यालय में आग लगने की सूचना दी। थोड़े समय बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी आग लगने वाले घटना स्थल पर पहुंची, अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ स्थानीय गांव निवासीयों ने भी आग बुझाने का काफी प्रयास किया। वहीं, जयसिंहपुर अग्निशमन विभाग कार्यालय से फायरमैन प्यार चंद, मदन लाल, बाबूराम, कुलदीप चंद, अग्निशमन विभाग के चालक राजकुमार, के द्वारा आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही इस आग वाली घटना से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। गोशालाओं में आग लगने से लाखों संपति को नुकसान पहुंचा है। गोशालाओं के अंदर रखे पशुओं को चारा डालने वाला घास व तुड़ी जल कर राख हो गई। (अनंत ज्ञान)

## एयरपोर्ट विस्तार की सुनवाई अब 19 मार्च को

**अनंत ज्ञान, गगल**

प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है। इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी।

इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा के इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं। क्योंकि इलाका वासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं। बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने, परंतु इंटरनेशनल हवाई अड्डा उस जगह बनाया जाए जहां उजाड़ी करण का मुंह न देखना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट विस्तारित कारण की तारीख पहले 26 दिसंबर को पड़ी थी उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दो जनवरी से लेकर चार जनवरी तक चलाई थी और उसी की मद्देनजर को रखते हुए माननीय ने नौ जनवरी को रखी। अब इस केस की सुनवाई को जारी रखते हुए यह फैसला अब 29 फरवरी को सुनाना था। वहीं, सुनवाई न होने पर अब इसकी सुनवाई 19 मार्च को होगी।

### समलेट स्कूल में सजे मॉडल्स

**नूरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समलेट फतेहपुर प्रांगण में विज्ञान दिवस मनाया गया। तरु ईको क्लब के प्रभारी अनिल कुमार ने विज्ञान दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमा की रूपेरखा सबके सामने रखी। उन्होंने बताया के इस वर्ष विज्ञान दिवस पर विद्यालय में बहुत सी गतिविधियां कराई गई। इसमे पेंटिंग, साइंस क्विज, साइंस फन, साइंस फेयर आदि गतिविधियां शामिल थीं। 28 फरवरी को विज्ञान दिवस पर विद्यालय में विज्ञान, डांस के साथ विद्या साइंस मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के बाद विधालय प्रधानाचार्य कुलभूषण ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने एवं भारतीय वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को एक सार्थक दिशा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान अध्यापक और तरू ईको क्लब प्रभारी अनिल कुमार विद्यार्थि के सामने कुछ वैज्ञानिक गतिविधि प्रस्तुत की।



**डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना के समस्त स्टाफ ने विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने पूजा-अर्चना की व अपने ईष्ट से आशीर्वाद लिया। निदेशक महोदय द्वारा केक काटने के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राणा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्रों ने स्टाफ के साथ कांगड़ी धाम का आनंद लिया।

#### यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की बैठक परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम भवन सकोह में संपन्न हुई। इसमें आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय के जिन भी लोगों ने अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना हो वह परिषद के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर बिहारी लाल, देशराज शर्मा, कमलेश शर्मा, सोमदत, रमेश कुमार, खुशीराम शर्मा, शत्रुघ्न शुक्ला, बाबूराम, अनिल शर्मा, मनु शर्मा, पृथ्वी राज शर्मा, मनोज शर्मा व रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

**सुरक्षा नियम** | बिना सुरक्षा नियमों से हो रही रोड की मरम्मत, निगम की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में


# चालक की हल्की से चूक से कभी भी हो सकता है हादसा

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

न तो साईन बोर्ड, न बैरिगेट और न ही अन्य सुरक्षा नियमों की पालना किए हो रहे नगर निगम के कार्य पर सवाल उठने लगे हैं।

धर्मशाला मुख्य मार्ग के बीचोंबीच नगर निगम द्वारा किया जा रहा कार्य किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। मुख्य मार्ग के केसीसी बैंक चौक पर गत दिनों सड़क को खोद कर आर-पार पाइप लाइन बिछाई गई थी। सड़क के जिस हिस्से को खोदा गया था, उसे हिस्से को अब नगर निगम द्वारा पेवर ब्लॉक लगा कर दुरुस्त किया जा रहा है। इस कार्य को करने से पूर्व न तो निगम द्वारा कोई साइन बोर्ड लगाया गया है और न ही कोई सुरक्षा को लेकर अन्य नियम अपनाए गए हैं। केसीसी बैंक चौक पर एक तो तीखा मोड़ है और साथ ही गहरी उतराई है, ऐसे में उक्त कार्य में जुटे कर्मियों को बड़े खतरे के बीच काम करना पड़ रहा है। वाहन चालक की हल्की सी चूक बड़े हादसे का अंजाम दे सकती है। वीरवार को मौके पर की गई पड़ताल में पाया गया कि उक्त कार्य के दौरान सड़क पर लग रहे यातायात जाम को भी मजदूर ही हटा रहे हैं। बिना सुरक्षा नियमों के मुख्य मार्ग के बीचोंबीच कार्य करना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय दुकानदारों विक्रम चैधरी, संजय अग्रवाल व प्रवीण बाबा सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस चैक पर एक तो तीखा मोड़ है और साथ उतराई भी, ऐसे में किसी दुर्घटना का अंदेशा बन जाता है। उन्होंने बताया कि न तो कोई साइन बोर्ड यहां पर लगाया गया है और न ही बैरिगेट लगाए हैं, ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। (अनंत ज्ञान)



बिना साइन बोर्ड लगाए काम करते कर्मचारी

#### कार्य की स्वयं करूंगी जांच : नीनू शर्मा

**धर्मशाला** नगर निगम महापौर नीनू शर्मा ने बताया कि बिना सुरक्षा नियमों की पालना किए कार्य करना चिंता का विषय है। उक्त कार्य में कोताही बरती जा रही है, यह जानकारी मुझे अभी मिली है। वहीं, मेंं इस कार्य में बरती जा रही लापरवाही की स्वंय जांच करूंगी और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएंगे।

## निष्पक्ष निर्वाचन में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट कमेटी की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कांगड़ा जिला में गठित जिला स्तरीय आदर्श आचार संहिता की स्थायी समिति के सदस्यों को चुनाव आयोग के निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

डीसी आफिस के एनआईसी सभागार में आयोजित आदर्श आचार संहिता की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि निष्पक्ष निर्वाचन में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट कमेटी की अहम भूमिका है तथा कमेटी के माध्यम से चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाई जाती है। इस अवसर पर एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे और निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को 72 घंटों के भीतर हटाना सुनिश्चित बनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री में सभी प्रकार के बैनर, होर्डिंग, नारा लेखन, दीवार लेखन इत्यादि शामिल रहेंगे। कहा कि सभी सरकारी विभाग अपने भवनों, वेबसाइट, व्हाट्सऐप ग्रुप तथा अन्य सोशल मीडिया पर लगी विभिन्न प्रकार की प्रचार सामग्री को निर्धारित समय के भीतर स्वयं हटाना सुनिश्चित बनाएंगे। एडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही केवल उन्हीं विकास निर्माण कार्यों को अनुमति रहेगी जो पहले से ही चले होंगे।

इसके अलावा कोई भी नया विकास कार्य शुरू नहीं किया जा सकेगा। साथ ही सभी विभागों को चल रहे विभिन्न विकास निर्माण संबंधी कार्यों की सूची भी तैयार रखने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को किताबें उपलब्ध करवाएंगे टीचर्स

**डरोह।** शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के अध्यापक स्कूल में मुफ्त पढ़ो आगे बढ़ो के थीम को लेकर बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर हिमाचल सरकार की योजनाओं की अलख जगा रहे हैं। बलाहरा स्कूल के मुख्याध्यापक दुनी चंद ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सरकार तमाम सुविधाएं दे रही है, लेकिन कई अभिभावक भारी भरकम खर्च कर अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। स्कूल के अध्यापक राकेश राणा ने बताया कि स्कूल में हिंदी मीडियम के अलावा इंग्लिश मीडियम में भी प्रशिक्षित और अनुभवी अध्यापकों द्वारा पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि जो भी अभिभावक अपने बच्चों की फीस देने व किताबें लेने में असमर्थ होंगे तो उनके बच्चों की पूरी फीस वह खुद देंगे एवं किताबें भी उपलब्ध करा देंगे।

### पदर में लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली



शिविर में भाग लेती पदर पंचायत की महिलाएं।

**चामुंडा।** आज कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा श्री चामुंडा मंदिर के सौजन्य से ग्राम पंचायत पदर वार्ड नंबर-तीन के भोले शंकर महिला मंडल भवन में नाबार्ड द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक ओमराज ने बैंक के उपभोक्ताओं को बैंक तथा सरकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसमें स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और पदर पंचायत के ग्राम वासियों ने भाग लिया।

### वैष्णवी का लोकगीत सबसे प्यारा

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में वीरवार को हिंदी विभाग की ओर से प्रो. आशा शर्मा के दिशा निर्देश में कांगड़ी लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्थानीय प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांगड़ा की लोक संस्कृति बहुत ही समृद्ध है, लेकिन वर्तमान में विद्यार्थी आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति, अपने लोक गीत अपनी परंपरा और मौलिकता को भूलते जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में वैष्णवी, लज्जत, सोनाली, सलोनी, प्रियांशु चंबियाल, यतिन, मनप्रीत, नवीन, पुष्पांजलि, मानसी, पलक, तमन्ना, सूरज और आशु ने भाग लिया तथा नितिन ने तबला वादन का कार्य किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वैष्णवी, द्वितीय पर नवीन एवं तृतीय स्थान पर मानसी एवं तमना रहीं।

### शाहपुर में आयोजित हुई गांव परिक्रमा यात्रा बैठक



**शाहपुर।** गांव परिक्रमा यात्रा की बैठक किसान मोर्चा मंडल शाहपुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अभिनय भाटिया ने की। इस अवसर पर स्टेट प्रवक्ता डॉक्टर मिन्हास, स्टेकिसान मोर्चा महासचिव संजय, पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी मडल अध्यक्ष शाहपुर रवि शर्मा, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरजीत, सतीश, मंजीत आदि उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

## साइबर ठग हर माह लूट रहे 51 लाख रुपए; झांसे में आने से लोग गंवा रहे पैसा, रोजाना औसतन आ रहे तीन मामले

# 11 माह में हिमाचलियों को साढ़े पांच करोड़ का चूना

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



शातिर साइबर ठग धर्मशाला साइबर सर्किल के तहत आने वाले हिमाचलियों को हर माह करीब 51 लाख रुपए का चूना लगा रहे हैं। साल 2023 में मार्च माह मतलब करीब 11 माह से धर्मशाला में साइबर थाना शुरू होने के बाद से साइबर ठगी के औसतन तीन मामले रोजाना आ रहे हैं।

ठगी के कुल आंकड़ों के अनुसार अब तक के 31 मामलों में 5,624,8222 रुपए की रकम पीड़ितों के खातों से शातिर उड़ा चुके हैं। बावजूद इसके मामलों में कमी आने की बजाए मामले बढ़ रहे हैं। इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि साल 2024 के फरवरी तक के दो माह में दस मामलों में 66,37,819 रुपए की ठगी हो चुकी है। वहीं विगत दो दिनों में ही जवाली के युवक को नौ लाख तो टांडा के एक युवक को साढ़े 11 लाख रुपए का चूना लगा चुके हैं। यहां बताते चलें कि साइबर ठग कभी ऑनलाइन गेम, कभी ट्रेडिंग तो कभी फेक काल्स के जरिए लोगों को आए दिन फांस लेते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए अब तक गवांने पड़े हैं तथा भविष्य में भी इसकी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### जागरूक रहना ही सुरक्षित : एएसपी



**उधर** आंकड़ों की पुष्टि करते हुए एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि जनता को जागरूक रहना होगा तभी ऐसे साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जनता को विभिन्न अभियानों के माध्यम से जागरूक भी किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद लोग ठगे जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्तर्क रहने की अपील की।

### नए-नए तरीकों से होती है ठगी

**आर्टिफिशियल** इंटेलीजेंस के इस जमाने में साइबर ठगी की तकनीक दिन-ब-दिन बदल रही है। ऐसे में शातिर कोई भी तरीका अपना कर ठगी करते हैं। साइबर ठगी के ज्यादातर मामलों में शेयर ट्रेडिंग, टेलीग्राम एप्प, रेटिंग देने तथा कस्टमर केयर सर्विस आदि के नाम पर निशाना बनाया जाता है। शिकार हुए लोगों को अकाऊंट में पैसा आने के फेक मैसेज प्रसारित किए जाते हैं। टेलीग्राम ऐप में काफी लोगों को ठगा जा रहा है। इसमें लोगों को होटलों आदि की रेटिंग कर के कमाने का प्रलोभन देकर लोगों को लुटा जाता है। खास बात ये कि लालच तथा प्रलोभनों के फेर में लाखों कमाने के चक्कर में लोगों के खातों से साइबर ठग लाखों रुपए उड़ा लेते हैं। वहीं, यहां बताते चलें कि साइबर ठग कभी ऑनलाइन गेम, कभी ट्रेडिंग तो कभी फेक काल्स के जरिए लोगों को आए दिन फांस लेते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए अब तक गवांने पड़े हैं तथा भविष्य में भी इसकी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## नारा लेखन प्रतियोगिता में नंदिता ने मारी बाजी

### चंद्रधर गुलेरी कॉलेज हरिपुर गुलेर में सजा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हरिपुर**

गुरुवार को चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर में एनएसएस इकाई व नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अश्वनी पाराशर ने की। इसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका शर्मा तथा नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से सुखदीप सिंह की अगुआई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो मोनिका शर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया तथा मतदाताओं की शक्ति से अवगत करवाया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में नंदिता प्रथम, आर्यन द्वितीय, तथा महक और दीप्ति तीसरे स्थान पर रही। इस उपलक्ष पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजीव रतन, डॉ. प्रभात कुमार शर्मा, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. नवीन भारद्वाज, प्रो. दीक्षा, प्रो. संतोष, प्रो. रूपाली तथा कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-एक कमलेश देवी मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद चंद्रधर गुलेरी कॉलेज के छात्र।

## लोक अदालत नौ मार्च को, समझौतों के आधार पर होगा मामलों का निपटारा

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायलयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने बताया कि मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा।

## बागी विधायकों की सदस्यता रद्द करने का निर्णय स्वागत योग्य : मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस सचिव व राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ली ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पार्टी विचारधारा से बाहर जाकर दूसरे दल को लाभ पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधियों को अनैतिक तरीके अपना कर एक दल से दूसरे दल में जाने से रोकने के लिए ही देश दल-बदल में कानून बनाया गया था। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने इस कानून से जुड़े प्रावधानों के तहत यह निर्णय किया है। मल्ली ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचने वाले अब पूरी तरह बेनकाब हो गए हैं। अपने लाभ के लिए पार्टी से गद्दारी करने वाले ऐसे नेताओं को पार्टी कार्यकर्ता और जनता कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश में पूरी तरह मजबूती के साथ काम कर रही है और पांच साल का अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी। पुनीत मल्ली ने कहा कि छोटे-मोटे मतभेद हर परिवार में होते रहते हैं, लेकिन पार्टी से बढ़कर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी धन-बल के जरिए कांग्रेस सरकार को गलत तरीके से गिराकर प्रदेश की सत्ता हथियाना चाहती है, लेकिन उसके यह मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाइकमान से पार्टी के भीतर रहकर पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

मिसल नं. 931/तह/2024
ता.दा. 21-02-24
ता.पेशी 22-03-2024

**अनुमान मुकदमा**

श्रीमति नीता रानी पुत्री स्व. श्री प्रेम चंद, वर्तमान में पत्नी श्री सुभाष मेहरा निवासी गांव कीर चंबा डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा। **प्राथी पक्ष**

**आम जनता बनाम प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषय :** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13 (3) के अंतर्गत मृत्यु तिथि 26-12-2014 को Municipal Council के रिकाई में दर्ज करवाने बारे।

**अखबारी ईश्तहार**

मिसल मृत्यु तिथि पंजीकरण बारे प्रार्थिया श्रीमति नीता रानी पुत्री स्व. श्री प्रेम चंद, वर्तमान में पत्नी श्री सुभाष मेहरा निवासी गांव कीर चंबा डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगडा ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर पेश की कि मेरी माता श्रीमती निर्मला देवी की मृत्यु दिनांक 26-12-2014 को गांव व डाकघर व तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगडा में हुई। किसी कारणवश संबंधित ग्राम पंचायत/ Municipal Council के रिकॉर्ड में दर्ज न है, दर्ज करने का आग्रह किया है।

अतः इस अदालती नोटिस अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस मृत्यु तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 22-03-2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 21-02-2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


## सीयू के विद्यार्थियों को मिलेगी अपनी बस की सुविधा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने वीरवार को विश्वविद्यालय की अपनी चार बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा सहित अन्य विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। ज्ञान ज्योति, धवलधार, शक्तिरुपा और वीरधरा नाम से चलाई गई इन बसों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवाजाही में काफी सहुलियत मिलेगी। इन बसों से विद्यार्थियों की धर्मशाला कैंपस से बाया सकोह शाहपुर कैंपस, पुरुष छात्रावास से वाया कचहरी-मटौर बाईपास गगल से शाहपुर कैंपस, पुरुष छात्रावास से वाया कचहरी-मटौर बाइपास गगल से धर्मशाला कैंपस और शाहपुर कैंपस से द्रम्मण-गगल-धर्मशाला कैंपस तक आवाजाही रहती है। इस मौके पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि अभी तक विश्वविद्यालय प्रदेश पथ परिवहन निगम की सेवाएं लेता आ रहा था, लेकिन अब विश्वविद्यालय ने अपनी चार बसें ले लीं हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान किसी तरह की समस्या न आए इसके लिए विश्वविद्यालय हमेशा प्रयासरत रहता है।

## स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में पायल लांबा का दबदबा




क्षय रोग जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद छात्र।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

वीरवार को पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के रेड रिबन क्लब के द्वारा टीबी (क्षय रोग) जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ महेंद्र पाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. अभिषेक अवस्थी, बीरबल वर्मा तथा रोहित ठाकुर ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने भाषण में विद्यार्थियों को ट्यूबरक्लोसिस के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं से सबको अवगत करवाया।

इस अवसर पर हैंड पेंटिंग तथा स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में पायल लांबा प्रथम, सेजल कुमारी द्वितीय तथा विनीत शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। हैंड पेंटिंग में रितिका तथा तमन्ना ने प्रथम, पूर्णिमा तथा तमन्ना में द्वितीय तथा स्वाति और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय में एक स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया जिसमें विद्यार्थियो तथा स्टाफ के ब्लड प्रेशर तथा शुगर की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब से डॉ. चेतना शर्मा, प्रो. अंजलि सैनी, प्रो. तृप्ता शर्मा, प्रो. सुशील कुमार, प्रो. अतुल तथा इसके अतिरिक्त डॉ. स्वाति महाजन, प्रो राजेश भारद्वाज, प्रो. अंजलि भारद्वाज, प्रो. रुचि चौहान, प्रो. रूही पठानिया शिक्षक तथा अधीक्षक राजन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने खाई सही जगह वोट डालने की कसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय सेवा योजना धौलाधार परिसर इकाई ने चुनाव का पर्व देश का पर्व इस विषय पर वीरवार को एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में प्रोफेसर मनोज कुमार सक्सेना आचार्य शिक्षा विभाग ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में नागपुर से आए डॉ. अनिल खरवंदे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मलकीत सिंह एनएसएस समन्वयक ने की इस एक दिवसीय संगोष्ठी का संयोजन डॉ. विवेक शर्मा कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस धौलाधार परिसर एक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया गया साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं वैदिक मंत्र उच्चारण किया गया। वहीं, आए हुए अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा एवं बीज वक्तव्य कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विवेक शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया अपने वक्तव्य में डॉक्टर विवेक शर्मा ने कहा वोट का जो अधिकार है, वह संविधान ने हमें दिया है वह हमें आनंद देने वाला भी है। प्रति पांच वर्षों में वोटर जो है वह अपनी सरकार चुनता है अपने भविष्य को ध्यान में रखकर अपने प्रतिनिधि चुनता है। यह एक बड़ा अवसर होता है जो व्यक्ति को वास्तविक स्वतंत्रता का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा कि हमें वोट करने से पूर्व चिंतन करना होगा कि हमारे देश का जो भी प्रतिनिधित्व करेगा, जिसको हम वोट करेंगे वह कैसा हो, उसका व्यक्तित्व कैसा है। कई बार वोट डालने से पहले अपनी जाति देखी जाती है, अपना परिवार देखा जाता है, अपना क्षेत्र देखते हैं अथवा फिर व्यक्तिगत लाभ के अनुसार अपना वोट करते हैं। किंतु वोट डालने की ये प्रवृत्तियां जो आज हमारे देश में चक्रव्यूह की तरह बन गई है उनसे हमारे इस युवा वोटर को बाहर निकलना होगा। हमारा वोट उसी को ही जाए जो देश को प्रथम माने। इसके लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि हो, जिसके लिए परिवार से पहले देश हो, उसी को ही हमारा वोट जाए। वहीं, इस दौरान स्वयंसेवियों ने सही जगह वोट डालने की कसम भी खाई।



कार्यक्रम के दौरान सही जगह वोट डालने की शपथ लेते स्वयंसेवी।

### राष्ट्र को ध्यान में रखकर करें अपना वोट

**जब** भी अपना वोट करें तो हम यह विचार करें कि जिस व्यक्ति को हम अपना वोट दे रहे हैं क्या उसको वोट देने से राष्ट्र मजबूत होगा, क्या वह व्यक्ति राष्ट्र की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि आप सभी यह निश्चय करें कि हमारा वोट कभी बिकेगा नहीं, हमारा वोट कभी झुकेगा नहीं। हम अपना वोट केवल राष्ट्र को ही ध्यान में रखकर, राष्ट्र को ही केंद्र में रखकर करेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत Nounghi विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत nounghi में वित्तीय वर्ष 2024-25 के विभिन्न मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 06-03-2024 तक पंचायत कार्यालय में प्रात की जाएंगी। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। खुली, अधूरी व सीधे तौर पर दी गई निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। सभी निविदादाताओं को जरूरी दस्तावेज साथ सलंग्न करने अनिवार्य हैं। निविदाएं दिनांक 07-03-2024 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। नियम व शर्तें इस प्रकार हैं-

1. निविदादाता के पास अपना पंजीकृत GST नेंबर होना अनिवार्य है। 2. GST/CGST दरें निविदा प्रपत्र में भरी दरों में ही नामिल होंगी। 3. पंचायत पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। 4. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी व निविदा धारक को पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर-2मू.-5000/- रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा रद्द् कर दी जाएगी। 5. निविदाधारक यदि समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है या घटिया सामग्री की आपूर्ति करता है तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने व कार्य का मूल्यांकन के पश्चात माप-पुस्तिका के आधार पर ही की जाएगी।
7. किसी भी निविदा में अनियमितता होने पर बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा।

**सामग्री का ब्यौरा**

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | इकाई | दर प्रति इकाई |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रशर बजरी (10एमएम,20एमएम,40एमएम) | प्रति घन फुट | |
| 2. | क्रशर रेता | प्रति घन फुट | |
| 3. | बोल्डर/बड़ा पत्थर | प्रति घन फुट | |
| 4. | ईंट अव्वल | प्रति ईंट | |
| 5. | इंटरलॉक टाइल 40,60,80एमएम केवल आईएसआई मार्क | प्रति टाइल | |
| 6. | शटरिंग लोहा व लकड़ी भवन/डंगा/नाली व रास्ता इत्यादि | प्रति वर्ग फुट | |
| 7. | पानी टैंकर/पानी टैंकर स्टे चार्ज | प्रति टैंकर/प्रति दिन | |
| 8. | मिक्सचर मशीन तेल सहित | प्रति दिन | |
| 9. | लोकल फेरा | प्रति फेरा | |
| 10. | जीसीबी खुदाई पक्की/कच्ची | प्रति घंटा | |
| 11. | सीमेंट ढुलाई हमीरपुर से नौहंगी स्टोर तक | प्रति बैग | |
| 12. | बैंच कंकरीट | प्रति बैग | |
| 13. | घोड़ों द्वारा ढुलाई गांव समूह, उपरली बड़ोटी, निचली बड़ोटी, कैहरण, उपरला कुठियाणा, निचला कुठियाणा लाहड़, सेर भडवाल अतिरिक्त | प्रति घन फुट/ईंट/ टाइल/ सीमेंट स्टोर टू साइट | |

## कार्यालय ग्राम पंचायत रैल विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**विषय:** विकास खंड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत रैल के विकास कार्यों हेतु वितीय वर्ष 2024-25 के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करने बारे।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खंड नादौन के अतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत रैल के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पंजीकृत ठेकेदार/सप्लाायरों में निर्माण सामगी आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक ठेकेदार/स्पलायरों (फर्म) निविदाएं दिनांक 06/03/2024 शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा सील बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय रैल में जमा करवा सकते हैं, व जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी उसे 15000 रुपए धरोहर राशि के रूप मे पंचायत के नाम निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के भीतर प्लेज द्वारा खोली जाएगी। निम्न लिखित शर्तें दिनांक को सुबह 11 बजे कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निम्न लिखित शर्त पूर्ण न होने पर निविदा स्वीकृत करने व रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को ही होगा (निविदा शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-

1) फर्म को मटेरियल ग्राम पंचायत की प्रत्येक गांव की पक्की सड़क/गली तक पहुंचाना होगा। 2. जिला सामग्री मटेरियल की गुणवत्ता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बाद आपकी निविदा रदद कर दी जाएगी और उस मटेरियल का भुगतान भी नहीं किया जाएगा। 3. paver टाइल पर आईएसआई मार्क होना आवश्यक होगा, आर सी साथ संलग्न करनी होगी। 4. ट्रैक्टर या वाहन की आर सी साथ संलग्न करनी होगी। 5. सामग्री/मटेरियल की आदायगी कनिष्ट अभियंता/तकनीकी सहायक की पैमाइश के बाद ही की जाएगी। किसी भी कार्य की एडवांस पेमेंट नहीं मिलेगी। 6. मटेरियल के साथ एम फार्म भी पंचायत में जमा करवाना अति आवश्यक होगा। यदि मटेरियल के साथ एम फार्म जमा नहीं करवाया जाता है तो उस स्थिति में पंचायत द्वारा रॉयल्टी ही काट कर ही मटेरियल अदायगी की जाएगी। निविदा केवल GST फर्म की और कम दर वाली ही स्वीकृत होगी। निविदा के साथ अपनी GST कॉपी व आर सी की कॉपी साथ लगानी आवश्यक होगी।

| क्र. सं. | निविदा खोलने की दिनांक व समय | निविदा खोलने का स्थान | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 07/03/2024 (10:15 सुबह) | ग्राम पंचायत का कार्यालय रैल | रैल |

**निविदा प्रारूपः**

| क्र. सं. | मटेरियल | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | इंटरलॉक पेवर टाईल 40एमएम,60एमएम,80एमएम व साइन बोर्ड फॉर (पहुंच) | प्रति पीस |
| 2. | पीवीसी पाईप 2,3,4,4,5,6,7,8, (4kg Pressure with ISI Mark) चैंबर, वाल टाइल इत्यादि | प्रति पीस/बाक्स |
| 3. | धुला रेता, रेता दरिया, गटका, स्टोन, डस्ट क्रैशर, क्रैशर बजरी, खड्डु बजरी, पत्थर (10,20,40एमएम) | प्रति फुट |
| 4. | सेटरिंग लकड़ी, वर्ग फुट, ईंटें ए ग्रेड (प्रति ईंट), मिक्सचर मशीन (प्रतिदिन डीजल सहित) जेसीबी खुदाई कच्ची/पक्की (प्रति घंटा), पानी टैंकर (स्टे चार्ज सहित प्रतिदिन) | सेटरिंग बिना किए व करके ईंटें ए ग्रेड |

**प्रधान ग्राम पंचायत रैल**


## धर्मशाला में हाई कोर्ट का सर्किट बेंच स्थापित करे सरकार : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पिछले 50 वर्षों से लंबित जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में उच्च न्यायालय के सर्किट बैंच की स्थापना जल्द से जल्द किए जाने की बात पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर, जिला कांगड़ा बार एसोसिएशन धर्मशाला के सदस्य व प्रवक्ता एवं हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने उठाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल उठाया है कि आखिर क्यों हाई कोर्ट के सर्किट बैंच को स्थापित किए जाने के कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

जबकि इससे सीधे तौर पर आधे से अधिक हिमाचल को घर-द्वार पर न्याय मिलने की आस बंधी हुई है। हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी अधिवक्ता विश्व चक्षु ने कहा कि धर्मशाला में हाई कोर्ट के सर्किट बैंच की स्थापना होने से कांगड़ा-चंबा, ऊना, हमीरपुर सहित आधे हिमाचल के लोगों को सुविधा मिलनी है। ऐसे में उन्होंने लंबित चल रहे मामले पर मुख्यमंत्री को जल्द उचित कार्रवाई करने की बात रखी है। एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के निवासियों को नियमित और कठिन मौसमी परिस्थितियों की स्थिति में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट चक्षु ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश का उच्च न्यायालय शिमला जिले में है। ऐसे में चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर और ऊना जैसे जिलों के अधिकांश लोगों को न्याय की तलाश में शिमला की यात्रा करना मुश्किल है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

01 मार्च, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :** षष्ठी (06:24): **नक्षत्र :** स्वाति (12:49), **पक्ष :** कृष्ण, योग ध्रुव (06:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10)-(12:56), राहुकाल 11:06 - 12:33 ।

### विशेष दिन

01 मार्च 1909 को टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी की स्थापना हुई।

**मेष :** धार्मिक कृत्यों पर व्यय होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें।

**वृषभ :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि हो सकती है। किसी अपने से बेबात विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** कोई पुराना रोग दुख का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। शत्रुभय बना रहेगा। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से बचें। अज्ञात भय सताएगा। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त लाभकारी रहेगी।

**सिंह :** कसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या :** अकारण विवाद हो सकता है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है।

**तुला :** संतान पक्ष से स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**वृश्चिक:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। थकान रह सकती है। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**धनु :** बेचैनी रहेगी। थकान रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कुंभ :** पुरानी वसूली जो नहीं हो पा रही थी, अब वसूली जा सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मीन :** हल्के हंसी-मजाक से बचें। जल्दबाजी से हानि हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कानूनी अड़चन आ सकती है।

यदि आप धनवान हैं, तो विनम्र बनें। फल लगने पर पेड़ झुक जाते हैं।
-साईं बाबा



# नशा एक धीमा जहर, कहीं जीवन न जाए ठहर

**गुजरात** के करीब समुद्र में 33 टन ड्रग्स का पकड़ा जाना अपने आप में कई सवाल छोड़ गया है। ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप कभी नहीं पकड़ी गई थी। बधाई देनी होगी भारतीय नौसेना, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गुजरात पुलिस को, जिन्होंने साझा अभियान चलाकर पोरबंदर के तट पर 3089 किलो चरस, 158 किलो मेथम्फेटामाइन और 25 किलो मॉर्फीन जब्त की। ये इस तरह के नशे हैं, जिनका एक बार सेवन करने से लत लग जाती है। नशे के आदी चाहते हुए भी नशे के चंगुल से नहीं निकल पाते हैं।

इंसान के लिए किसी भी तरह के नशे की लत नुकसानदायक होती है। नशे से छुटकारा पाना तो सभी चाहते हैं, लेकिन यह आसान काम नहीं है। नशा छोड़ने की कोशिश करने पर शरीर पर प्रभाव दिखते हैं, जिस कारण व्यक्ति फिर से नशे की ओर मुड़ जाता है। उसका आत्मविश्वास जवाब दे देता है। ऐसा क्यों होता है? एडिक्शन से कुछ लोगों को छुटकारा क्यों नहीं मिलता? नशे की लत से दिमाग में लंबे समय तक चलने वाले कैमिकल बदलाव होते हैं, जो नशे की लत को छूटने नहीं देते। लत का मतलब यह है कि दिमाग उस नशे का आदी हो जाता है। यह आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक और खतरनाक होता ही है, सामाजिक और आर्थिक स्थिति के लिए भी अच्छा नहीं होता।

लत की वजह से व्यवहारिक दिक्कत हो सकती है। खुद पर नियंत्रण नहीं रहना, याददाश्त कमजोर होना, अपने कार्य पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं होना, बेवजह जोखिम मोल लेना लत से जुड़ी समस्याएं हैं। एनसीबी ने पिछले दो साल में भारतीय नौसेना के साथ मिलकर ऐसे तीन अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। फरवरी 2022 में गुजरात के तट से 221 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन पकड़ी थी। इसी साल अक्तूबर में केरल के तट से 200 किलोग्राम हाई ग्रेड हेरोइन पकड़ी। पिछले साल मई में एनसीबी ने पाकिस्तान से आए एक जहाज से 12000 करोड़ की 2500 किलो मेथम्फेटामाइन जब्त किया था। पिछले कुछ सालों में राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न एजेंसियों ने गुजरात में भारी मात्रा में नशीली दवाएं पकड़ी गई हैं।


अब सवाल यह उठता है कि माफिया गुजरात में ही ड्रग्स की खेप पहुंचाने का बंदोबस्त आखिर क्यों कर रहा है? इसका सीधा से जवाब यह है कि यहां निश्चित रूप से ड्रग्स की डिमांड ज्यादा रहती होगी या फिर यहां की कानून व्यवस्था इतनी लचर हो गई है कि माफिया को अपना माल ठिकाने लगाने में सुविधा होती होगी। कहीं न कहीं इसमें पुलिस की मिलीभगत भी रहती होगी, क्योंकि इतनी बड़ी खेप पुलिस के सहयोग के बिना तब तक आगे नहीं बढ़ सकती, जब तक पुलिस को रिश्वत आदि न दी हो। इस तरह के भ्रष्ट तंत्र से कैसे छुटकारा मिल सकता है, इसके बारे में गहन चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है।

# सैनिकों की शहादत के बाद ही नहीं पहले भी हैं परिवार से जुड़े सरोकार

**हिमाचल** प्रदेश को देवभूमि के साथ-साथ वीर भूमि के नाम से भी जाना जाता है। युद्ध भूमि में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान प्रथम परमवीर चक्र मेजर सोमनाथ शर्मा को मिला था, जो इसी राज्य से थे। यह इस प्रदेश को गौरवान्वित करने वाला सुनहरा पल था। हजारों हिमाचली वीर सपूतों ने इस मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर 1962 के भारत चीन युद्ध, 1965, व 1971 के भारत-पाक युद्ध,1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर उन्हें वहां से बाहर खदेड़ने के साथ साथ, 1990 के दशक से लेकर अभी तक जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं।

कारगिल में बहादुरी के कुल चार सर्वोच्च सम्मानों में से दो परमवीर चक्र हिमाचल के खाते में आए। हिमाचल प्रदेश के हर तीसरे घर से एक सैनिक देश की सेवा में सेवारत है। सैन्य परंपराओं का निर्वहन पीढ़ी दर पीढ़ी लंबी फेहरिस्त के साथ-साथ भारत भूमि की आंतरिक सुरक्षा में सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल इत्यादि में भी हिमाचली रणबांकुरों की भूमिका अतुलनीय है। उनके उच्च कोटि के बलिदान किसी भी त्याग से तुलनात्मक तरीके से कम नहीं हैं। जितना इन सैनिकों का त्याग है, उतना ही उनके बगैर घर पर रहने वाले उनके परिवार जनों का भी, जिसमें उनकी मां, बहन, पिता, बच्चे, पत्नी का सर्मपण सर्वोच्च कोटि का है। यह सब इन सैनिकों से महीनों दूर रहते हैं। यह परिवारजन किसी योद्धा से कम नहीं हैं। जहां सैनिक सीमा पर डटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर इनसे दूर रहकर यह परिवार बहुत मुश्किल एवं विपरीत हालातों में जीवन-यापन करते हैं। आम सामाजिक धारणा के अनुसार इन्हें महीने में मोटी पगार मिलती है। क्या कभी किसी ने सोचा यह पगार किन-किन बलिदानों के बदले मिलती है और उसमें भी टैक्स लगता है। सैनिकों के वृद्धजन माता-पिता बीमार होते हैं, तो इन्हें छुट्टी मिलने तक लंबा इंतजार करना पड़ता है। आंख का ऑपरेशन हो, पत्नी की डिलीवरी हो, चेकअप करवाना हो, माता-पिता जब आखिरी सांसें गिन रहे होते हैं, तब भी यह उन महत्वपूर्ण पलों में नहीं पहुंच पाते। जिस दिन का भारतीय संस्कारों के तहत हर बूढ़े मां-बाप को इंतजार होता है, जब अंतिम संस्कार का समय नजदीक आता है, तो यह सैनिक अपने सहोदरों का आखिरी चेहरा भी नहीं देख पाते, न ही श्मशानघाट में भी आखिरी संस्कार में शामिल नहीं होते हैं। कितनी वेदनापूर्ण चीत्कार निकलती होगी, इनके हृदय से, बच्चों ने कब जन्म लिया, बचपन में भी इन बच्चों को औरों की तरह साथ नहीं मिल पाता फौजी पिता का। साल में मात्र दो से तीन बार फौजी पिता मुश्किल से अपनी शक्ल अपने जवान होते बच्चों को दिखा पाते हैं। पता नहीं छोटे बच्चे कब जवां होंगे और सेवानिवृत्ति तक उनकी शादी में शरीक होंगे या नहीं हो पाएंगे। यह सभी चिंतनीय, सोचनीय विषय हैं।

यदि कभी कोई सैनिक लंबी अवधि के बाद घर पर छुट्टी आता है, तो उसके दोस्त उसे व उसके परिवार की खैरियत नहीं पूछते, केवल पूछते हैं कि कैंटीन की दारू लाया या नहीं, जैसे कि इन्हें कैंटीन से यह दारू मुफ्त मिलती हो। ट्रेन का लंबा सफर छुट्टी से आती बार भारी भरकम सामान सीट आरक्षित है या फिर नहीं, इस सभी के बीच शीशे की भारी दारू की बोतलें पैसे खर्च करके लाना



लेखक : ठाकुर तारा
सोशियोलॉजिस्ट, सुंदरनगर

इतना आसान नहीं है, लेकिन आम लोग व सिविल इसे बहुत आसान समझते हैं। बेटे बेटी का विद्यालयों में दाखिला करवाना हो, चाहे पेरेंट्स टीचर मीटिंग हो, हमेशा सभी पेरेंट्स के बीच सैनिक परिवारों के बच्चे अपने आप को अपने पिता की अनुपस्थिति में असहज पाते हैं, लेकिन फिर भी अपने पिता की भांति मजबूत फौजी इरादे और हौसलों के बुलंद मनोबल इन्हें इस अकेलेपन की राह को और मजबूत करते हैं। देश सेवा का भाव और जज्बा अपनी जान के 24 घंटे के रिस्क, इस बीच सैनिकों के मां-बाप, बच्चों, पत्नी की आंखें एकटक लंबे इंतजार में ही रात-दिन काटती हैं।

अकेली सैनिक की पत्नी घर परिवार, बच्चों, बड़े बुजुर्गों के साथ-साथ अपने कठिन कर्तव्यों का वहन एवं निष्पादन करती है। हम सभी समाज के आसपास के लोगों का इनके अकेले परिवार जनों के प्रति गहरा कर्तव्य बनता है कि हम सभी उनकी सहायता के लिए अपने-अपने कदम आगे बढ़ाएं, क्योंकि इन सैनिकों के खून पसीने से ही हम सभी अपने परिवारों के साथ अपने माता-पिता, बच्चों, प्रियजनों के साथ हर सामाजिक त्योहारों, सामाजिक समारोह, शादी ब्याह समारोह में शरीक होकर उसे आजादी के साथ मना पाते हैं। यह सभी मनोरंजन खुशी हम तभी देख व महसूस कर पाते हैं, क्योंकि ये सैनिक सीमाओं के साथ-साथ आंतरिक शत्रुओं से हमारी ढाल बनकर सुरक्षा करते हैं। पहली गोली अपने सीना में खाकर, उसे रोकते हैं। उनका भी अपने परिवारजनों, प्रियजनों के साथ भावनात्मक रिश्ता, प्यार व जुड़ाव है। वर्दी के भीतर जो फौजी है, वह भी एक भावुक इंसान है, जो कभी समाज को दिखता नहीं है। कोई सिविलियन आसानी से कह देता है कि यह देश के लिए ही मरने के लिए तैयार और पैदा हुए हैं, पर वे यह नहीं जानते कि इन्हें भी दर्द होता है, दुख होता है। शहीद होने पर भी इनकी शहादत को व परिवारों के साथ किए गए वादे पूरे न कर नेताओं द्वारा शहादत के बाद भी छला जाता है।

आज तक इस लोकतंत्र के संचालक कितने नेताओं के बच्चों ने सैनिकों के रूप में अपने प्राणों को देश सेवा, रक्षा के लिए आहूत किया है। शायद यह आंकड़ा शून्य प्रतिशत भी नहीं है। सिर्फ सैन्य सेवाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में गरीब किसान और हाशिए पर खड़े परिवार जनों के ग्रामीण परिवेश के बच्चों ने अपना जीवन इन सेवाओं के लिए समर्पित किया है। कहते हैं कि जब तक खुद पर नहीं बितती, वे दूसरों के दुख-दर्द, बिना पिता के साए को और समस्याओं को समझने योग्य कभी नहीं बनता। हम सभी को उनके बलिदानों, कर्तव्यों को सदैव लहराती पताका की तरह रखना होगा। कोरोना काल में भी घर छुट्टी आए सीआरपीएफ के एक जवान को उसके ही घर पर पुलिस द्वारा पीटा गया और हथकड़ी लगा कर थाने में बंद करने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जब कोई सैनिक छुट्टी पर लंबे अरसे के बाद आता है, तो समाज कानून के बदलते स्वरूप, रीति-रिवाजों, परंपराओं को समझ पाने में असमर्थ होता है क्योंकि वह छोटी सी उम्र में ही समाज से हटकर सैन्य सेवा में संलग्न हो जाता है। पुलिस आम नागरिकों के बीच व्यवहारिक तौर पर हर रोज डील करती है, इसके विपरीत सैनिक सामाजिक तौर पर एक अरसे के बाद आम लोगों के साथ सीधे रू-ब-रू होते हैं। किसी कारण गलती से हेल्मेट न पहनना, गाड़ी पार्किंग स्थान, गाड़ी को ड्राइव करने के साथ-साथ ही इन सभी नियमों की साधारण जानकारी तक नहीं होती। इसके अंतर्गत ये सैनिक दोषी पाए जाते हैं, तो सिविल कानून के दांव पेंच में फंसकर रह जाते हैं। हम सभी के साथ हर सरकारी कार्यालय में बैठे अधिकारीगणों को समझना होगा कि साल में दो-तीन बार यह इस काम को इतनी कम छुट्टी में ही लंबे अंतराल बाद बहुत ही मुश्किल और सुनियोजित ढंग से निपटाते हैं।

यह मात्र बिजली, राजस्व जमीन, पानी का कनेक्शन लेने, पंचायत से जुड़े छोटे-छोटे कार्य करवाने की सोचते हैं। इन सभी के प्रति सम्मान की दृष्टि रखकर सिविल से पहले एक सैनिक के इन कार्यों को सुलझाने की प्राथमिकता देनी चाहिए। यह बात प्रशासन के साथ-साथ सरकार को भी कार्यालय आदेश निकालकर सभी कार्यालयों को लिखित रूप से निर्दिष्ट अवश्य करनी चाहिए। यह सब हमारी ओर से इन सैनिकों के प्रति एवं अकेले समाज में संघर्ष करते इनके परिवारजनों के लिए एक छोटी सी भेंट होगी।

नजरिया

# इस बार लोकसभा चुनाव में बसपा सर्वाधिक संकट में

**लोकसभा** चुनाव का शंखनाद होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है, जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना-नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है।

बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है। कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदों के टिकट काटने जा रही हैं, ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। कुछ ने तो पाला बदल भी लिया है। त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा-रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी।



लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है, उसके एकमात्र ब्राह्मण सांसद रितेश पांडेय ने जो अब भारतीय जतना पार्टी का दामन थाम चुके हैं।

बसपा सांसद रितेश पांडेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था। अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पांडेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गए। बसपा को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2007 में 30 प्रतिशत मत मिले थे जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र 12 प्रतिशत मत मिले। केवल एक विधायक ही विधानसभा में पहुंच सका। मायावती के राज में घोटालों की बाढ़ से सब परिचित हैं। बसपा की वेबसाइट पर आज भी हिंदू सनातन विरोधी बयानों को देखा जा सकता है। लोग कह रहे हैं कि बसपा ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके अपना राजनीतिक अंत कर लिया है।

## अंदाज-ए-बयां
### आया है ऋतुराज

आया है ऋतुराज, धरा पे
यौवन छाया।
पीले सरसों फूल, मधु बसंती
है लाया।
लिए यौवन खुमार,
कली देखो मुस्काई।
भौंरों की यह मौज, मिलन
की है ऋतु आई।
दूर हुई है ठंड, मौसम
कितना सुहाना।
देह हुई आजाद, उतरा सर्दी
का बाना।
बैठ आम की डाल, कोयल
गीत है गाती।
गोरी हुई निढाल, पिया की
याद सताती।
मन में निखरा प्यार, खूब
हरियाली छाई।
धरा हुई गुलजार, ऋतु
सुहानी है आई।
ले आया मधुमास, लगे
खुशियों के मेले।
रंगों के त्योहार, प्यार
घर-घर में खेले।
जाते नभ में डार, प्रीत
की बातें करते।
हो न जाएं शिकार, सब
शिकारी से डरते।
इन का है मधुमास, इन्हें भी
दो मनाने।
इन का भी संसार, मानव तुम
दो बसाने।



शिव सन्याल (जवाली)

# आतंक से कोई समझौता नहीं, आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका और भारत साथ-साथ हैं

**भारत** और अमेरिका के आपसी संबंध समय-समय पर कभी बहुत मधुर और कभी अत्यधिक गर्म होने के साथ ही विरोधाभासी दिखाई देते रहे हैं। इसके बावजूद एक स्थिति है जो कभी नहीं बदली, वह है आतंक के मुद्दे पर दोनों देशों का समान दृष्टिकोण। दोनों देश भारत-अमेरिका ने आतंक से अब तक कोई समझौता नहीं किया है। आतंक किसी भी तरह का हो उसका समाप्त होना आवश्यक है, यही इन दोनों देशों की नीति रही है। इसलिए तमाम विरोधाभासों के बीच भी यह दोनों देश आतंक के मुद्दे पर बार-बार मिलते हैं और इसके संपूर्ण समापन के लिए मिलजुल कर प्रभावी योजनाएं बनाकर रणनीतिक तौर पर परिणामकारी कार्य करते रहे हैं।

वस्तुत: हाल ही में हुई इस विषय से संबंधित दोनों देशों की बैठक, होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) ने फिर एक बार साफ कर दिया है कि आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और ड्रग्स ट्रैफिकिंग समेत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर भारत और अमेरिका एक तरह से ही सोचते हैं। दोनों ही देशों ने फिर एक बार आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने की क्षमता को बाधित करने की दिशा में उपायों पर चर्चा की है। इनका दुनिया के सभी देशों से कहना है कि वे तत्काल ऐसे अपरिवर्तनीय कदम उठाएं, जिससे यह सुनिश्चित हो कि उनके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमलों के लिए नहीं किया जाएगा। मीटिंग में दोनों देशों के बीच आंतरिक सुरक्षा संवाद, सहयोग के साथ ही खुफिया जानकारी साझा करने पर भी बात हुई है।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

आज जब देश की राजधानी दिल्ली में भारत की तरफ से केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिका से होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की कार्यवाहक उपसचिव क्रिस्टी केनेगेलो और इनके प्रतिनिधिमंडल आपस में मिले हैं, तब फिर से आतंकवाद से जुड़े कई विषयों पर समान रूप से सहमति बनती दिखाई दी है। दोनों पक्षों ने आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करने, नार्को-तस्करी और आतंकवाद से इसके जुड़ाव, संगठित अपराध और टेरर फंडिंग, कट्टरता को रोकने और उसका मुकाबला करने, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग, मानव रहित एरियल सिस्टम, वर्चुअल एसेट्स और डार्क वेब और उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्यों के लिए उपयोग समेत आतंकवाद रोधी चुनौतियों पर जोर देने पर गहरा विचार-विमर्श हुआ है।

यहां अमेरिका से भारत ने संगठित अपराध और टेरर फंडिंग के मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। मीटिंग में भारत की तरफ से अमेरिका की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ न हो और खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों पर अमेरिका पूरी निगरानी रखने के साथ उनकी रोकथाम करने का उपाय भी करे, इसके लिए भी कहा गया है। भारत से साक्ष्यों के साथ अमेरिका का आज यह बताया है कि कैसे यूएस में बैठे कुछ खालिस्तानी समर्थक भारत में अलगाववाद तत्वों को वित्तीय और अन्य तरह से मदद मुहैया करा रहे हैं। जिसे तत्काल रोके जाने पर भारत का जोर है।

# नशे के मकड़जाल में बुरी तरह जकड़ रहा देश का भविष्य

**समाज** में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशाखोरी की प्रवृत्ति से युवा वर्ग दिशाविहीन होता जा रहा है। नशे का बढ़ता कारोबार वर्तमान समाज के सामने गंभीर चुनौती बन गया है। अभिभावक अपने बच्चों को इस नशे की गर्त में जाने से कैसे बचाएं, यह उनके लिए सबसे बड़ी समस्या हो गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे अपने बच्चों को नशे के इस दानव से कैसे बचाएं? आए दिन नशेड़ियों के साथ घट रही अनहोनी घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए वे अपने बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए घर से दूर भेजने से भी कतराने लगे हैं।

कुसंगति के कारण युवा वर्ग नशे के मकड़जाल में बुरी तरह से जकड़ता जा रहा है। नशे के कारण कई घरों के चिराग बुझ गए तथा अनेक बसेरे हमेशा के लिए ही उजड़ गए। पहले नशा तंबाकू, भांग व शराब तक सीमित था, लेकिन अब भुक्की, हेरोइन, अफीम व चिट्टा आदि न जाने कैसे-कैसे जानलेवा नशे हैं। बताया जाता है कि यदि इन नशों की एक बार किसी को लत लग गई, तो वह उस स्थिति में किसी भी हद तक जा सकता है। नशा खरीदने के लिए यदि पैसे का जुगाड़ न हो तो वह घर के बर्तन, पत्नी के जेवरात तक नशेड़ी बेच देता है। उससे भी पूरा न पड़े तो जमीन-जयदाद तक बारी आ जाती है। इससे उसका परिवार कंगाल हो जाता है। नशेड़ी को नियमित रूप से नशा न मिलने के कारण कुछ समय बाद उसकी मौत निश्चित है। निरंतर नशे का कारोबार बढ़ने से अपराधों का ग्राफ भी बढ़ने लगा है। नशेड़ी किसी भी हद तक गिर जाता है। नशे का आदी हो चुका नशेड़ी नशे में या नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसे अपना-पराया, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसके लिए वह बड़े से बड़ा अपराध भी कर देता है । अब तक ऐसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। बुजर्गों के अनुसार



लेखक : रामलाल पाठक
बिलासपुर (हिप्र)

नशा करने वालों के घरों में दरिद्रता का बास होता है। धन का सदैव अभाव बना रहता है। घर में मूलभूत सुविधाओं की कमी रहती है तथा कलह-क्लेश बढ़ता है। हर किसी से झगड़ा होता रहता है। नशेड़ी का परिवार बुरी तरह से बिखर जाता है। नशेड़ी को मां-बाप की परवाह नहीं होती।

परिजनों से गाली-गलौज व मारपीट करना तो आम बात है। इससे बच्चों के मन-मष्तिक पर बुरा असर पड़ता है। समाज में नशेड़ी की कोई इज्जत नहीं होती। आसपास पड़ोस भी उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं। नशेड़ियों के परिवार हर समय परेशानी में रहता है। परिजनों को न खाने का समय होता है और न सोने का। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता रहता है, ऐसी स्थिति में परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या तक कर लेता है। नशेड़ी के घर में सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। संयुक्त परिवारों के टूटने से भी बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। माता-पिता उनके पालन-पोषण व अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए रात-दिन व्यस्त होते हैं। उनके पास बच्चों पर नजर रखने के लिए प्रयाप्त समय नहीं होता, इसलिए बच्चों में अपनेपन की कमी खलती रहती है। नतीजतन ऐसे बच्चे कुसंगति में फंस जाते हैं तथा अपने उद्देश्य से बुरी तरह भटक जाते हैं। उन्हें अपना भला-बुरा भी नजर नहीं आता । संयुक्त परिवारों में बड़ों के प्रति आदर व छोटों के प्रति प्यार होता था, इसलिए सभी के दिल में एक-दूसरे के प्रति मान-सम्मान होता था। घर का बड़ा व्यक्ति कोई ऐसा काम नहीं करता था, जिससे छोटों पर बुरा असर पड़े। छोटों को बड़ों का डर रहता था, लेकिन अब छोटे परिवार हो गए हैं।

मां-बाप अपने काम में जरूरत से ज्यादा व्यस्त हैं, इसलिए बच्चे मनमानी कर रहे हैं। जो बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं, वे ही जीवन में कुछ कर पाते हैं, लेकिन जो चलती-चलाते हैं, वे जीवन में बहुत बड़ा धोखा खाते हैं। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए वे छिट-पुट नशा करना शुरू करता है। फिर धीरे-धीरे उसकी यह आदत बन जाती है तथा उसके स्वर्णिमय भविष्य अंधकार में बदल जाता है। यही नहीं कई बार नशेड़ी को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। नशे की यह प्रवृत्ति पहले बीड़ी-सिगरेट, भांग व शराब तक सीमित थी। एक समय था, जब समाज में शराब पीने वाले व्यक्ति का कोई मान-सम्मान ही नहीं होता था। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीता था तो उसके बेटे या बेटी का रिश्ता करने में भी बड़ी मुश्किल से होती थी। शराबी व्यक्ति से पूरा खानदान ही कलंकित माना जाता था, लेकिन अब शराब स्टेटस सिंबल बन गया है तथा यह अब सामान्य नशा हो गया है। विवाह-शादियां हों या अन्य कोई कार्यक्रम, शराब का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोगों को यह भी कहते सुना जा सकता है कि जिस आयोजन में शराब नहीं परोसी जाती, उसे फीका ही समझा जाता है। बीड़ी-सिगरेट पीना तो अब आम बात है।

इनका प्रयोग करने के बाद मुंह से दुर्गंध आती है, जो कि काफी देर तक रहती है, लेकिन अब ऐसे भी नशे उपलब्ध हैं, जिनसे न दुर्गंध आती है और न ही आसानी यह पता ही लग पाता है सामने वाला व्यक्ति नशे में है। उसकी हरकतों से ही पता चलता है, यदि उसने नशे की डोज कुछ ज्यादा ले ली हो तो अन्यथा यह पता लगाना ही मुश्किल हो जाता है। ऐसे नशे नशेड़ी को अंदर ही अंदर से खोखला कर देते हैं। पिछले कई वर्षों से नशे का कारोबार बड़ी तेजी से फैल रहा है। अब तक नशे से कई जानें चली गई हैं तथा कई घरों में हमेशा के लिए अंधकार छा गया है। अब तो ऐसे-ऐसे नशे उपलब्ध हैं, जिनका नाम आम आदमी को पता तक नहीं है। इसलिए यदि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना है तो समाज की चिंता करने वाले नागरिकों को एकजुट होना पड़ेगा, अन्यथा नशे के साथ ही अपराध भी बढ़ेंगे और हमारे देश का भविष्य भी सुरक्षित हाथों में नहीं रहेगा।

# संदेशखाली की घटना पूरे देश के लिए बहुत शर्मनाक है

**संदेशखाली** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित है। यह पश्चिम बंगाल की राजधानी से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है। सबसे पहले संदेशखाली तब पूरे भारत में चर्चा में आया, जब गत पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले की जांच करने शेख शाहजहां के घर दबिश देने पहुंची। उस समय प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर शेख शाहजहां के समर्थकों ने हमला किया। उसमें प्रवर्तन निदेशालय के कई सदस्य जख्मी हो गए। यह घटना अपने आप में बहुत शर्मनाक है।

इसके पश्चात लगभग एक महीने के बाद संदेशखाली की महिलाओं ने शेख शाहजहां और उसके साथियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। उन महिलाओं के अनुसार शेख शाहजहां और उसके साथियों ने उनकी भूमि को हड़प लिया है और उनके साथ यौन उत्पीड़न किया है। यह एक बहुत बड़ा आरोप है, जो मामला आज तक दबा हुआ था। अब पूरे देश के सामने यह आ चुका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री कह रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लोग तृणमूल कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं, लेकिन संदेशखाली की महिलाएं जो आज तक शेख शाहजहां के खौफ से इतनी डरी हुई थीं कि इतना अत्याचार होने के बाद भी खुलकर सामने नहीं आती थीं और न ही कोई पुरुष और महिला उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाती थी। शेख शाहजहां और उसके गुर्गे सरेआम गुंडागर्दी करते थे। ममता बनर्जी जो एक खुद महिला है, इन महिलाओं पर हुए अत्याचार को साजिश बता रही हैं।



ब्लॉगर
नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

उन्हें इस इतने गंभीर मामले को अपने हाथ में लेकर उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए ताकि सच्चाई का पता चल सके और उन पीड़ित महिलाओं को न्याय मिल सके और उनकी खोई हुई जमीन वापस मिल सके। ये पीड़ित गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। यह सब न जाने कब से चल रहा था और वे पीड़ित परिवार शेख शाहजहां के खौफ इतने डरे हुए थे कि कोई भी मुंह खोलने को तैयार नहीं था। इससे पता चलता है कि उसकी उस इलाके में कितनी दहशत थी।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जहां सभी लोगों को समान रूप से जीने का अधिकार है, वहां पर ऐसी घटनाओं का होना बहुत ही शर्मनाक है। यदि इस प्रकार की घटनाएं घटती रहें और सरकार कोई संज्ञान न ले तो वह प्रजातंत्र कैसा। जहां प्रवर्तन निदेशालय की टीम को रोका जाए और उस पर हमला किया जाए तो इस बात का अंदाजा लग सकता है कि संदेशखाली में सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है और भयानक अराजकता फैली हुई है। किसी भी चुनी हुई सरकार का कर्तव्य बनता है कि अपने देश और प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा करे, न कि अपना राजनीतिक फायदा और नुकसान देखे। महिला सुरक्षा किसी भी दल की प्राथमिकता होनी चाहिए। देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। इनकी सुरक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। हमारे देश भारत में महिलाओं को लक्ष्मी का दर्जा दिया गया है तो फिर उनके साथ अन्याय और उत्पीड़न क्यों।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 100 वर्ष यानी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, वह महिलाओं की सुरक्षा के बिना पूरा नहीं हो सकता। आए दिन हम लोग मीडिया द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न खबरें सुनते और पढ़ते हैं, इससे बहुत दुख होता है। संदेशखाली की घटना ने सारे देश को झकझोर कर रख दिया है। पूरे विश्व में भारत को जो अच्छी छबि बनी हुई है, इस घटना से उस छबि को भी कुछ धक्का जरूर लगा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को इस घटना को राजनीतिक चश्मे से न देख कर इसका स्वयं कड़ा संज्ञान लेकर पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना चाहिए, इसके लिए चाहे दोषी उनकी पार्टी के ही क्यों न हों। इससे पूरे देश में उनकी छवि बहुत अच्छी बनेगी और आने वाले समय में पूरे देश में महिलाओं के उत्पीड़न की पर कुछ न कुछ रोक अवश्य लगेगी। यह केवल संदेशखाली का ही मसला नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए एक संदेश है कि महिलाओं का उत्पीड़न कितनी बड़ी समस्या है।

सामूहिक रूप से इतनी अधिक महिलाओं का उत्पीड़न का मामला बहुत गंभीर है। इसके लिए सभी लोगों और पार्टियों को इस तरह के कुकृत्य की घोर निंदा करनी चाहिए, ताकि उन महिलाओं का मनोबल बढ़े और दोषियों के मन में डर पैदा हो। पार्टियों के बीच में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन ऐसे संवेदनशील मामलों पर सभी दलों को देशहित में एकजुटता दिखानी चाहिए, तभी देश आगे बढ़ सकता है।

## अपनी बात

**मोबाइल** फोन आपकी सुविधा के लिए है, पर क्या आपने नोट किया कि इन दिनों आप अपने दिन का अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ ही बिता रहे हैं। यह न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सेल फोन की लत से सिफ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेल फोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। इस कारण हमें एक दिन में कम से कम दो घंटे ही इस पर बिताने होंगे। **-स्वास्तिका, पपरोला**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# खजुराहो की मूर्तियां देखने चंबा पहुंचते हैं विदेशी व स्वदेशी कला प्रेमी


**एमएम डैनियल, चंबा**

भारत का दूसरा खजुराहो चंबा में विद्यमान हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। इस बात के प्रमाण चंबा के ऐतिहासिक शहर मुख्यालय में मौजूद कई मंदिरों की दीवारों में अलंकृत खजुराहो की हुबहू निर्मित मूर्तियां हैं। जिन्हें निहारने के लिए विदेशी व स्वदेशी कला प्रेमी यहां पहुंचते हैं। हालांकि इस सांस्कृतिक धरोहर को विख्यात करने में अभी तक किए गए प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। जिसकी बदौलत चंबा मुख्यालय में मौजूद खजुराहो की यह मूर्त कला विश्व या राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त नहीं कर पा रही है।

मध्य प्रदेश राज्य में मौजूद खजुराहो को विख्यात करने में वहां की सरकार की तरह प्रदेश सरकार व धरोहर विशेषज्ञ रुचि दिखाएं, तो वह दिन दूर नहीं जब मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला की भांति चंबा के खजुराहो की कलाकृतियां भी विश्वविख्यात हो सकती हैं। गौर हो कि करीब 1017 वर्ष प्राचीन चंबा शहर अपने में कई धरोहरों को समेटे हुए है। जिसके चलते एक हजार वर्ष पूर्ण होने पर 14 अप्रैल से 20 अप्रैल वर्ष 2006 में सहस्त्राब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया गया ताकि ऐतिहासिक शहर चंबा में मौजूद धरोहरों को संरक्षण प्राप्त हो सके।

इस समारोह के पश्चात कुछ वर्ष इस दिशा में धरोहर प्रेमियों, साहित्यकारों, शोधकर्ताओं ने धरोहरों के संरक्षण एवं उनके शोध पर अनेक कार्य किए मगर कहीं न कहीं खजुराहो पर आधारित प्राचीन मंदिर चंपावती (चमेश्नी में) व बंसी गोपाल (नजदीक मेडिकल कॉलेज चंबा) मंदिरों में विद्यमान कामक्रीड़ा मूर्तियों की शैली पर न पूर्ण शोध और न ही इन्हें इतिहास के पन्नों पर उकेरा गया। जिसके चलते विश्वभर के आगंतुक और पर्यटक प्रेम के इस अप्रतिम सौंदर्य के प्रतीक को देखने के लिए प्राचीन शहर चंबा के इन मंदिरों से अनजान है।

वहीं कलाकृतियों को लेकर चंबा के शोधकर्ता अपनी धारणाएं व्यक्त करते है। जिसमें कई शोधकर्ता इसे बौद्ध धर्म की तत्काल उत्पत्ति से जोड़ते हैं, कई संसारिक जीवन का त्याग कर चुके व्यक्तियों की वापसी लौटने से तो कई शोधकर्ता इन्हें जीवन से परित्याग कर धार्मिक राह का अनुसरण करने की बात कहते हैं। (अनंत ज्ञान)


ऐतिहासिक चंपावती मंदिर।


ऐतिहासिक बंसी गोपाल मंदिर।


चंपावती व बंसी गोपाल मंदिर में मूर्तियां।

अनंत ज्ञान स्पैशल

## राजा साहिल वर्मन ने पुत्री के नाम पर बनवाया था चंपावती मंदिर

रावी नदी के किनारे पर बसा हुआ चंबा शहर अपने प्राकृतिक दृश्यों के अलावा यहां पर बने हुए प्राचीन मंदिरों की वजह से भी प्रसिद्ध है। समुद्रतल से 996 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चंबा हिमाचल के सबसे प्राचीन शहरों में से एक माना जाता है। मूलरूप से चंबा की स्थापना 10वीं शताब्दी (920 ईस्वी) में राजा साहिल वर्मन ने की थी। उन्होंने इस नगर का नाम अपनी एकलौती पुत्री चंपावती के नाम पर रखा था। ऐतिहासिक अभिलेखों में चंबा दूसरी शताब्दी के आसपास कोलियन जनजातियों के निवास स्थान होने का उल्लेख भी किया गया है। जबकि चंबा के संस्थापक राजा साहिल वर्मन ने 10वीं शताब्दी (920 ईस्वी) में अपनी पुत्री की याद में चंपावती मंदिर का निर्माण करवाया था। चंपावती मंदिर चंबा के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक माना जाता है। मंदिर के निर्माण में नेपाली वास्तुकला का उपयोग किया गया है। मंदिर के शिखर भाग पर पहिया बना हुआ है जो की इस मंदिर को चंबा के अन्य मंदिरों से अलग बनाता है। वास्तु और प्रसिद्धि के मामले में यह मंदिर चंबा के लक्ष्मी नारायण मंदिर के समान माना जाता है। चंपावती मंदिर के गृभगृह में देवी दुर्गा के नौ अवतारों में से एक महिषासुरमर्दिनी की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। मंदिर परिसर में वासुकी नाग और वजीर के मंदिर भी निर्मित किए गए है। वहीं मंदिर की दीवार के एक भाग में कामक्रीड़ा मूर्तियों की शैली उकेरी है, जोकि खजुराहो मूर्ति शैली को दर्शाती है।

## बंसी गोपाल मंदिर में भी मौजूद है मूर्ति शैली

बंसी गोपाल की मूर्ति बहुत सुंदर और आकर्षक है। यह मंदिर 16वीं शताब्दी में बना है और शिखर शैली में निर्मित किया गया है। इस मंदिर का निर्माण चंबा के शासकों द्वारा करवाया गया था। जिसके साक्षी मंदिर में 1594 ई. का राजा बलभद्र वर्मन का एक ताम्रपत्र शिलालेख है। जिसमें मंदिर में किए गए नवीकरण गतिविधियों और मंदिर को दिए गए भूमि अनुदान का विवरण दर्ज है। मंदिर वास्तुकला की नागर शैली का अनुसरण करता है। मंदिर में गर्भगृह और मुख मंडप हैं। गर्भगृह योजना में वगार्कार है। गर्भगृह में भगवान कृष्ण और राधा की एक पत्थर की छवि स्थापित है। उन्हें बांसुरी थामे खड़ी मुद्रा में दशार्या गया है। कहा जाता है कि राधा की छवि बाद में जोड़ी गई थी। गर्भगृह का दरवाजा तांबे की चादरों से मढ़ा हुआ है और चौखट पर गणेश की छवि बनी हुई है। बंसी गोपाल मंदिर की बाहरी दीवारों पर सूर्य, हरिहर, नवनीत कृष्ण, हनुमान, महिषासुर मर्दिनी, अनंतशायी विष्णु, तीन मुख वाले विष्णु (हनुमान, एक शेर और एक सूअर), उमा महेश्वर, नरसिम्हा और वराह की छवियां स्थापित हैं। जबकि बंसी गोपाल मंदिर की बाहरी दीवार पर खजुराहो के मंदिरों के समान कामुक दृश्यों का चित्रण है।

## कदम संस्था ने महिलाओं को किया जागरूक

**चंबा।** कदम संस्था के सहयोग से ग्राम पंचायत बाट के संडुह वार्ड की नारी शक्ति महिला मंडल की महिलाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक पाठशाला संडुह के एसएमसी सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में स्रोत व्यक्ति एफएचडब्ल्यू कमला ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। वहीं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज कुमारी ने योजनाओं की भी जानकारी दी। इसके उपरांत राजकीय प्राथमिक पाठशाला संडुह की मुख्याध्यापक वालो शर्मा ने शिक्षा के अधिकार के बारे में जागरूक किया। वहीं, कदम संस्था की टीम ने लोगों से आह्वान किया कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं। बैठक में कदम संस्था की ओर से शोभा कुमारी, ममता कुमारी व चूहड़ू राम सहित आशा वर्कर राधा, नीलू, अनु व बबिता ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### तुन्नुहट्टी में चरस सहित युवक गिरफ्तार


बस में 326 ग्राम चरस के साथ धरा गया युवक पुलिस कर्मियों के साथ।

**डलहौजी।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत जिला चंबा के प्रवेश द्वार तुन्नुहट्टी में बुधवार को प्रभारी राकेश धीमान की अगुआई में रोजमर्रा की तरह गाड़ियों की चेकिंग की गई। इस दौरान पंजाब रोडवेज बस पीबी 06-एटी1328 आकर रुकी और पुलिस ने शक के आधार पर सभी सवारियों के सामान की तलाशी ली। इस दौरान नीले रंग की जैकेट एवं गर्म ऊनी मफलर पहने युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। जब पुलिस ने उसके काले रंग के बैग की तलाशी ली तो बैग में एक प्लास्टिक नुमा थैली में कुल 326 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुलिस थाना चुवाड़ी में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान 38 वर्षीय ललित कुमार पुत्र हरबंस लाल निवासी टी/2/264 डाकघर जुग्याल शाहपुर कंडी तहसील एवं जिला पठानकोट के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने की है।

### नगर परिषद के वार्डों में छाया रहता है अंधेरा

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अधीन कुल 11 वार्डों में से अधिकांश वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। जिसके चलते वार्ड वासियों को रात्रि के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नप अधीन वार्ड चौगान एक, दो, सपड़ी, जनसाली, हटनाला, सुराड़ा, हरदासपुरा व सुल्तानपुर वासियों में अजय सिंह, किशोर कुमार, मनोज, विरेंद्र सिंह, राज, विनोद, मोहब्बत आजाद, रवि कुमार, विशाल, संजय, राजा, राजवीर महाजन, दीपक, राघव, कबीर, ध्यान चंद, राजेंद्र कुमार, पंकज, लाल चंद, प्रवीण, हंसराज, दिनेश, आकाश, अभिनव, इंद्र, उमेश, इमरान, सोनू, अनिल कुमार, महेंद्र कुमार, पुष्पा, आशा देवी, मंजू, संतोष, सविता, कौशल्या, सुशीला देवी, ऊषा, सुभद्रा, रोशनी, सीमा, ज्योति, नैंसी, प्रिया, निशु व संगीता आदि का कहना है कि उक्त वार्डों में व्यवस्थित स्ट्रीट लाइट घटिया किस्म की लगाई जा रही है। जो कि हर बार रिपेयर के बाद एक-आधा सप्ताह तक सुचारू सेवा देने के पश्चात बंद पड़ जाती है। वहीं वार्डों के कई ऐसे स्थल है जहां स्ट्रीट लाइट की अति अवश्यकता है लेकिन उन स्थलों को नप नजरअंदाज कर रही है। जिसके चलते कहा जाए तो नप के वार्डों में चलाई गई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एकदम न के बराबर है। जिसके चलते वार्डों में अंधेरे वाले स्थलों पर शरारती तत्व सक्रिय रहते है। वार्डवासियों ने नगर परिषद चंबा व संबंधी वार्ड पार्षदों से गुहार लगाई है कि वार्डों में लचर स्ट्रीट व्यवस्था में सुधार लाया जाए।

### चौहड़ा बांध-बरंगाल मार्ग की हालत खस्ता

**चंबा।** चौहड़ा बांध-बरंगाल मार्ग की हालत दिन प्रतिदन बदहाल होती जा रही है। हालांकि इस बारे में क्षेत्र के बंशिदों सहित राहगीर कई बार संबंधित विभागों से लेकर जिला प्रशासन से मार्ग की सुध लेने की गुहार लगा चुके है, लेकिन इसके बावजूद मार्ग की हालत जस की तस है। इसके चलते भलेई तथा लचोडी पंचायतों के लोगों ने एनएचपीसी प्रबंधन चमेरा चरण एक से मांग की है कि चौहड़ा बांध से लेकर बरंगाल तक मार्ग की हालत सुधारी जाए। उक्त मार्ग बांध से लेकर बरंगाल झरने तक एनएचपीसी के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत दयनीय है। झरने ले लेकर बरंगाल तक सड़क लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत भी ठीक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि हालांकि बरंगाल में ही लोक निर्माण विभाग का उपमंडलीय कार्यालय है मगर विभाग सड़क की सुध लेना जरूरी नहीं समझ रहा है। लिहाजा गांववासियों ने एनएचपीसी तथा लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि चौहडा बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क की मरम्मत की जाए।

# पार्षदों ने बांधी काली पट्टियां

## नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर 12वें दिन भी सांकेतिक धरना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों ने 12वें दिन मुंह पर काली पट्टियां बांध कर व हाथों में तख्तियां लेकर अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। वहीं धरने पर बैठे पार्षदों ने नगर परिषद चंबा हाऊस अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित समर्थक पार्षदों पर आरोप लगाया कि एक सोची समझी साजिश एवं राजनीतिक भावना से पार्षदों की मांगों व धरने को इंग्नोर किया जा रहा है।

इस अवसर पर धरने पर बैठे पार्षदों की ओर से चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने कहा कि नगर परिषद चंबा धांधलियों व घोटालों में इतनी धंस चुकी है कि खफा पार्षदों की मांगों व मांगे गए विषयों संबंधी जवाबों का सामना नहीं करना चाहते है। जिसके चलते कभी वे झूठे आरोप लगा कर मांगों को दबाने का प्रयास करने सहित समय व्यतीत करने में लगे हुए है। जिसकी मुख्य वजह सर्वप्रथम नप चंबा में नियुक्त ईओ चंबा की सेवानिवृत्ति तारीख से लेकर लोकसभा चुनाव के तहत लगने वाली आचार संहिता है। जिसके लगने के बाद हड़ताल पर बैठने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, लेकिन नप चंबा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को यह स्पष्ट कर देना चाहते है कि यह धरना तब तक समाप्त नहीं होगा जब तक विकास कार्यों से संबंधी जवाब नहीं मिल जाते, ऑललाइन टेंडर खुल नहीं जाते। वहीं अब नप चंबा को गत नौ वर्षों में किए तमाम विकास कार्यों का लेखा-जोखा भी सार्वजनिक करना होगा। जिसकी जांच के तहत उपायुक्त चंबा से सहायक आयुक्त के माध्यम से पत्राचार किया है।



मुंह पर काली पट्टियां बांध व हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे पार्षद।

उन्होंने कहा कि धरना अवधि के दौरान अगर लोस चुनाव आचार संहिता लागू भी हो जाती है तो यह धरना आचार संहिता खत्म होने के बाद पुनः शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त नप चंबा में हुई धांधलियों की पोल जल्द ही पूर्ण साक्ष्यों के साथ खोली जाएगी। जिसमें शामिल कई नामी चेहरे बेनकाब होंगे। इस मौके पर सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, मनोनीत पार्षदों में भावना गुलाटी, जीवन सलारिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# नप ठेकेदारों की गुहार टेंडर खोले जाएं या वापस की जाए राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

- प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग

नगर परिषद चंबा द्वारा ऑनलाइन टेंडर न खोले जाने पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को सभी नप ठेकेदार प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन से अवगत करवाते हुए ठेकेदार प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नगर परिषद चंबा में वह लंबे समय से ठेके का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहली फरवरी 2024 को हम सभी ठेकेदारों ने नगर परिषद चंबा द्वारा लगाए गए ऑनलाइन कार्यों के टेंडर भरे थे और उन टेंडरों की खोलने की तारीख दो फरवरी 2024 रखी गई थी मगर एक महीना समाप्त हो गया है लेकिन अभी तक नगर परिषद चंबा द्वारा उन्हें नहीं खोला गया है। उन्होंने कहा कि सभी डी क्लास के ठेकेदार हैं।

जबकि ठेकेदारों ने ईएमडी पर 40000 से 70000 तक खर्च किया है। उन्होंने कहा कि नप चंबा को कई बार बोला की या तो टेंडर खोल दें या रिजेक्ट कर दें और हमारे पैसे वापस कर दें लेकिन नगर परिषद चंबा अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे समस्त ठेकेदार हरास और हताश हो रहे हैं।

उन्होंने उपायुक्त चंबा से गुहार लगाते हुए कहा कि नप चंबा में रूके टेंडर कार्य खुलवाए जाएं या रिजेक्ट करके देय राशि वापस करवाई जाएं। इस मौके पर नगर परिषद चंबा ठेकेदार प्रतिनिधिमंडल में ठेकेदार सरफराज मोहम्मद, रोहित शर्मा, लोकेंद्र कुमार, भूपेंद्र गुलेरिया, दीपक हांडा यादव नंदन चोणा, देवेंद्र शर्मा, अमिन मलिक, पवन कुमार, ईशान गुलेरिया, अब्दुल गनी, शिव कुमार, अविनाश ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# दुंदेई में 24 घंटे के भीतर दुरुस्त की बिजली की लाइन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

विद्युत अनुभाग गरोला के अंतर्गत गांव दुंदेई में बिजली की लाइन की शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर ही विभाग ने यहां पर नया पोल लगाकर बिजली की समस्या का हल कर दिया है। जिसके लिए लोगों ने विभाग का आभार व्यक्त किया है। बता दें की अनंत ज्ञान समाचार पत्र में इस खबर को प्रमुखता के साथ उठाया था। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर समस्या का हल कर दिया है।

गौरतलब है कि यहां पर बिजली की तार को पेड़ से बांधकर सप्लाई दी जा रही थी। उसके कारण यहां पर कभी भी कोई भी अनहोनी घटना घट सकती थी। इसकी शिकायत मिलने पर विभाग के कनिष्ठ अभियंता दिनेश ठाकुर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर इस लाइन को दुरुस्त कर दिया है। स्थानीय लोगों ने इतनी पुरानी समस्या का 24 घंटे के भीतर हल करने के लिए विभाग का आभार व्यक्त किया है। लोगों ने इसके लिए कनिष्ठ अभियंता दिनेश ठाकुर का विशेष आभार व्यक्त किया है।


दुंदेई में बिजली की लाइन ठीक करता बिजली बोर्ड का कर्मचारी।

## तलाई में मोबाइल सिग्नल नहीं

**चंबा।** पंचायत तलाई, झौड़ा डंडी, पुखरी व बाड़का में मोबाइल सिग्नल सारा दिन गुल रहा। इस कारण उपभोक्ता अपनों से संपर्क नहीं कर पाए। उपभोक्ता हंस राज, मनोज, मदन कुमार, बृज मोहन, नवल किशोर, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, योगराज, सुरेंद्र कुमार, प्यार सिंह, तेज सिंह, चतरो राम ने कहा कि क्षेत्र में बीएसएनएल का मोबाइल सिग्नल न होने से मोबाइल नहीं चले। उन्होंने कहा कि सिग्नल न होने के कारण उपभोक्ता सारा दिन अपनों से बात नहीं कर पाए। बीच में सिग्नल आ भी रहा था, तो कमजोर होने के कारण हेल्लो-हेल्लो में ही काल कट जा रही थी। उन्होंने कहा कि सिग्नल समस्या बारे कई बार निगम को अवगत करवाया जा चुका है। अभी तक समस्या का हल नहीं हो पाया है। उन्होंने निगम से मांग की है कि जल्द ही समस्या का हल किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जहां निजी कंपनियों का मोबाइल सिग्नल सही रहता है, वहीं निगम का सिग्नल हर दूसरे दिन ही गुल हो जाता है।

# कांदू के दुकानदार डर के साये में दुकानदारी करने के लिए मजबूर

## एनएच प्राधिकरण से डंगा लगाने की मांग, जल्द मांगी कार्रवाई

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित कांदू बाजार में पहाड़ी दरकने से गत बरसात भारी प्राकृतिक संपदा एवं दुकानों का नुकसान देखने को मिला था। बताते चलें की इस भूस्खलन में छोटे-बड़े चीड़ के पेड़ भारी मलबे के साथ नीचे आ गिरे थे।

मौजूदा समय में हालत तो सामान्य है परंतु एनएच प्राधिकरण शायद यहां पर डंगें लगाना भूल गया है और अब हो सकता है दोबारा किसी बड़े नुकसान के इंतजार में है, इसलिए शायद एनएच प्राधिकरण डंगें लगाना उचित नहीं समझ रहा। यहां बड़े चीड़ के पेड़ों की जड़ें साफ दिख रही है जो आने वाली बरसात में मिट्टी सहित भूस्खलन का शिकार होते हुए किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती हैं। पंजौह पंचायत की प्रधान और स्थानीय दुकानदारों ने एनएच प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां डंगे का निर्माण करवाया जाए क्योंकि कांदू बाजार में आने जाने वाली गाड़ियां चाय पानी के लिए यहां जरूर रुकती हैं।


कांदू बाजार में भूस्खलन वाली जगह जहां डंगा लगाने की मांग उठाई है।

हमेशा यहां कोई न कोई गाड़ी या सवारियां खड़ी मिल ही जाती हैं अगर यह भारी भरकम पेड़ नीचे गिरते हैं तो बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए स्थानीय दुकानदारों और ग्राम पंचायत प्रधान ने एनएच प्राधिकरण एवं प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां डंगे का निर्माण करवाया जाए ताकि स्थानीय दुकानदार भी चैन की सांस ले सकें क्योंकि उनकी दुकानों के ठीक ऊपर खतरे की तलवार लटकी हुई है। (अनंत ज्ञान)

# चनेड में एचआरटीसी की दो बसें खराब, यात्री हुए परेशान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम का चंबा डिपो इन दोनों जगह-जगह खड़ी अपनी खराब बसों से अच्छा खासा परेशान प्रतीत हो रहा है तो वहीं अपनी खराब बसों के हालात को लेकर एचआरटीसी प्रबंधन के पसीने भी छूटे हुए हैं। बताते चलें कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की दो बसें एनएच 154 ए पर स्थित चनेड में एक किलोमीटर के अंतराल पर खराब हो जाने से सवारियों को अच्छा खासा परेशान होना पड़ा।

एक बस तो पठानकोट से भरमौर आ रही थी जो कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे चनेड में हांफ गई जिससे सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आनन फानन में एक अतिरिक्त बस को चनेड भेजा गया जहां राष्ट्रीय महामार्ग पर खड़ी सवारियां को लेकर भरमौर पहुंची। बुधवार देर शाम तक दोनों बसे खराब स्थिति में चनेड में ही खड़ी रही। इस बारे में एचआरटीसी कार्यालय चंबा शुगल सिंह ने बताया कि चंबा डिपो के लिए नई बसो की मांग की गई है। जिला में हर रूट पर बस चलाना उनके लिए भी एक चुनौती बनी हुई है। खराब बसों को रिपेयर कर सड़कों पर दौड़ना जोखिम भरा है। इस बारे में परेशान सवारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब तो एचआरटीसी की बसों में सफर करना अत्यंत जोखिम भरा है क्योंकि इन बसों का पता नहीं कब कहां किस मोड़ पर खराब हो जाएगी। लोगों का विश्वास निगम पर से उठता जा रहा है। बताते चलें कि चंबा में बसों की हालत ज्यादा दयनीय है। जिला में एचआरटीसी के जो हालात हैं वह किसी से छिपे नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)


एनएच 154 ए पर स्थित चनेड में खराब हुई निगम की बस।

बैठक

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग के दौरान डीसी मुकेश रेपसवाल का अधिकारियों से आह्वान

# स्वास्थ्य अभियानों की सफलता को दें सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सघन दस्त और निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा तथा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस जिला स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने पल्स पोलियो अभियान, सघन दस्त और निमोनिया नियंत्रण व जिला स्तरीय टास्क फोर्स व सभी विभागों से आए हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की उपरोक्त अभियानों को सफल बनाने के लिए अपना अपना भरपूर सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि जिला चंबा में स्वास्थ्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में विभागीय अधिकारी बल दें ताकि स्वास्थ्य सेवाओं से जिला चंबा के अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो सकें।


जिला स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

इससे पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने बताया कि सघन दस्त और निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा 14 मार्च से 27 मार्च तक चल रहा है। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशु और पांच साल से कम के बच्चों में दस्त और निमोनिया की वजह से होने वाली मौतों को कम करना है। उन्होंने बताया कि हर आशा वर्कर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जिस भी घर में जीरो से पांच वर्ष के बच्चे हैं उन्हें एक-एक ओआरएस का पैकेट और 14 गोलियां जिंक की मुहैया करवाएंगी। इसके साथ आशा वर्कर्स बच्चों की माता को डफर को बनाने की विधि तथा जिंक की गोली खिलाने का तरीका भी बताएंगी। गृह भ्रमण के दौरान यदि किसी बच्चे को दस्त लगे हैं तो ऐसे बच्चों के लिए दो ओआरएस के पैकेट मुहैया करवाएंगी।

इसके साथ-साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रोहित नड्डा ने तीन मार्च 2024 को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला चंबा में तीन मार्च को जीरो से पांच वर्ष तक के लगभग 53764 बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी, जिसके लिए पूरे जिला में 542 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। हर एक बूथ पर चार कर्मचारियों की बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लिए ड्यूटी लगाई गई है तथा 108 सुपरवाइजर इन कर्मचारियों की किसी भी तरह की स्थिति में सहायता के लिए तैनात किए गए हैं। इस बैठक में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा के प्राचार्य, डीएसपी चंबा, जिला कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम चंबा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा, ओएसडी एलिमेंट्री एजुकेशन, अधीक्षक डीआरडीए तथा सभी खंड़ों के खंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# दो देशों की कला-संस्कृति की यादगार है रोरिक आर्ट गैलरी, शामिल हैं 13 आर्ट गैलरियां

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के नग्गर गांव में स्थित आर्ट गैलरी दो देशों को एक रिश्ते की डोरी में बांधने वाला कला का वह स्थल हैं जहां आज भी प्राचीन संस्कृति जीवित मिलती है। इस आर्ट गैलरी में चार म्यूजियम सहित 13 आर्ट गैलरियां है।

यहां भारतीय सहित रशियन संग्रहालय अध्यक्ष सुरेश नड्डा मौजूद हैं जो इसकी देखरेख करते हैं। जानकार बताते हैं कि वर्ष 1928 में निकोलस रोरिक अपने परिवार सहित जिला कुल्लू आए और उन्होंने यहां नग्गर में 150 बीघा भूमि खरीदी। जहां घर को आज म्यूजियम में बदल दिया है। रोरिक आर्ट गैलरी को उनकी मौत के बाद उनके बेटे स्वेतसवान और देविका रानी ने 1993 में इसे ट्रस्ट में बदल दिया। इसमें भारतीय सहित रशियन नेताओं व अधिकारियों को सदस्य बनाया गया। (अनंत ज्ञान)

## मरने के बाद जलाए गए थे रोरिक

**निकोलस** रोरिक ने कहा था कि उनकी मौत के बाद उनको जलाया जाए न कि दफनाया। वर्ष 1947 में जब उनकी मौत हुई तो उनको उनकी इच्छा अनुसार जलाया गया लेकिन ईसाई धर्म की रीत का भी पालन करते हुए उनकी राख को दबाया गया।


जिला कुल्लू के नग्गर गांव स्थित रोरिक आर्ट गैलरी में सजी पेंटिंग।

## बॉलीवुड की पहली अभिनेत्री थी देविका रानी

देविका रानी को बॉलीवुड की पहले हेरोइन माना जाता है। अपने पहले पति की मौत के बाद उनकी मुलाकात स्वेतासवान से हुई और उन्होंने उनके साथ विवाह कर नग्गर में रहने लगी।

## दो मंजिला है आर्ट म्यूजियम अंदर जूते पहनकर जाना वर्जित

**दो** मंजिल का आर्ट म्यूजियम में बदला गया है। यहां पर पहले पहुंचने पर किसी को भी जूते डालकर अंदर जाने की अनुमति नहीं है। इसके लिए अंदर ही कुल्लू में पहने जाने वाली पूलें एक प्रकार की चप्पल का प्रबंधन संचालकों ने कर रखा है। यहीं पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ उनकी तस्वीर।

## देवता गुग्गा का है मंदिर

**आर्ट** गैलरी के आंगन में ठीक एक तरफ देवता गुग्गा का मंदिर है। जहां आज भी उनकी पूजा की जाती है। संग्रहालय अध्यक्ष रमेश चंद्रा बताते हैं कि निकोलस रोरिक इन प्राचीन मूर्तियों को यहां लाए और इनका महत्व सबको समझाया।

## प्राचीन शिलाओं में छिपा है राजा का इतिहास

**निकोलस** रोरिक द्वारा एकत्रित की गई प्राचीन शिलाएं भी अपने आप में एक इतिहास समेटे हुए हैं। भारतीय संग्रहालय अध्यक्ष सुरेश नड्डा बताते हैं कि इन शिलाओं में प्राचीन समय के पहनावे, किस देवता को राजा मानते थे इसके बारे में जानकारी है।

## खूबसूरत फूलों और पेड़ों की छाया में है गैलरी

**रोरिक** आर्ट गैलरी में प्रवेश करते ही पेड़ों की लताओं से बना एक प्राकृतिक गेट और साथ लगे बागीचे के खूबसूरत फूल लोगों का स्वागत करते हैं। बैनर आफ पीस यानी शांति का झंडा लहराया जाता है। भारत व रूस का झंडा भी लहराया जाता है।

## रोरिक की कार सबसे अधिक आकर्षक



1940 के आस पास की निकोलस रोरिक की पुरानी विंटेज कार पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल ऐप से प्रमाण पत्रों के लिए करें आवेदन



**आनी।** आनी के रिवाड़ी स्थित राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान में तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी ने दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जानकारी प्रदान की। तहसीलदार आनी ने कहा कि मोबाइल ऐप के द्वारा भी प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश ने तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी और सेवानिवृत्त सीएमओ डॉक्टर ज्ञान ठाकुर का संस्थान में पधारने पर स्वागत किया तथा उनको सराहा।

### थाटीबीड़ में साक्षरता शिविर आयोजित



**बंजार।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक बंजार के तत्वावधान में ग्राम पंचायत थाटीबीड़ के सभागार में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आठ स्वयं सहायता समूह के 52 सदस्यों ने भाग लिया। इस शिविर में बैंक अधिकारी सुरेश शर्मा, दया राम व खंड विकास अधिकारी बंजार कार्यालय से डोलम ठाकुर, मोनिका व थाटीबीड़ पंचायत की पूर्व प्रधान ठाकुरी देवी ने भाग लिया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों को वितीय प्रबंधन व डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सड़क सुरक्षा पर बांटी जानकारी




**आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा कॉलेज सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो. धन प्रकाश ने की। इस मौके पर प्रो. डाक्टर संगीता नेगी, प्रो. रजनीश, प्रो. भुवनेश्वर, प्रो. सीमा, प्रो. विनोद ठाकुर के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### पेयजल के लिए अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**पतलीकूहल।** पेयजल संकट से जूझ रहे बड़ाग्रां के ग्रामवासियों ने जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामवासी संजीव ठाकुर, जितेंद्र नेगी, दीपक ठाकुर, निशांत नेगी, दिनेश कटोच व उत्कर्ष आचार्य, प्रदीप ठाकुर ने कहा की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है इसलिए प्रशासन जल्द से जल्द समस्या का समाधान करें। मांग पत्र देने में महिला मंडल बड़ाग्रां की सदस्य मालतु ठाकुर, नीमा नेगी, गीता नेगी, वीना देवी, आशा नेगी व कई अन्य सदस्या भी मौजूद रहे।

# लाहौल-स्पीति व कुल्लू में बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला की ऊंची चोटियों पर एक बार फिर बर्फ के फाहे गिरे हैं। वीरवार को सुबह के समय जहां धूप खिली रही वहीं, दोपहर बाद फिर से मौसम ने करवट बदल ली और मनाली सहित लाहौल घाटी में बादल छा गए। शाम के समय रोहतांग सहित कुंजम, शिंकुला, बारालाचा व उंची चोटियों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया।

**जिले में 275 सड़कें आवाजाही के लिए बंद**

पहाड़ों में बर्फ के ढेर लग गए हैं जिससे किसानों बागवानों को अच्छी फसल होने की तथा पर्यटन कारोबारियों को आने वाले समय में बेहतर कारोबार की उम्मीद जगी है।

वीरवार को रोहतांग सहित राहनीनाला, मढ़ी, भृगु, दशोहर सहित समस्य चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। लाहौल की ओर लेडी ओर केलंग, चन्द्रताल, चंद्रभागा पीक, छोटा व बड़ा शीघ्री ग्लेशियरों सहित पहाड़ियों में बर्फबारी हुई। लाहुल की दारचा घाटी के ग्रामीण दोरजे व टशी ने बताया कि सुबह धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली लेकिन शाम को फिर से बर्फ के फाहे गिरने का दौर शुरू हो गया है। मनाली सहित लाहुल घाटी में वाहनों की आवाजाही सुचारू है।

**चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे**


लाहौल घाटी में बिछी बर्फ की चादर का दृश्य।

## बर्फीले इलाकों से दूर रहने की हिदायत

**मौसम** विज्ञान केंद्र के अलर्ट के बाद जिला प्रशासन ने सैलानियों और आम लोगों को बर्फ वाले इलाकों से दूर रहने की हिदायत दी है। जिले में अभी 275 सड़कें आवाजाही के लिए बंद हैं।

केलांग-मनाली और कुल्लू से आनी वाया जलोड़ी दर्रा बस सेवाएं एक माह से बंद हैं। दोनों जिला प्रशासन ने सैलानियों को अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोटल, सिस्सू, कोकसर, साउथ पोर्टल धुंधी, हामटा, सोलंगनाला के साथ जलोड़ी दर्रा और सोझा का रुख न करने की चेतावनी दी है। स्थानीय लोगों को भी ऐसे इलाकों की ओर न जाने की हिदायत दी है।

## अटल टनल होकर नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू पहुंचने लगे पर्यटक

**लाहौल** घाटी में डेढ़ महीने बाद पर्यटकों का तांता लग गया है। पर्यटक अटल टनल होकर नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू पहुंचने लगे हैं। हालांकि अभी फोर बाई फोर वाहनों को ही सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति है लेकिन अब धीरे-धीरे बर्फ से ढके पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल होने लगे हैं। अटल टनल व लाहौल घाटी के बहाल होने से पर्यटकों को अब सोलंगनाला के अलावा घूमने के लिए अन्य पर्यटन स्थल भी मिल गए हैं। पुलिस ने गुलाबा बेरियर को कोठी में स्थापित किया है लेकिन मौसम साफ रहा तो जल्द ही पर्यटक गुलाबा की वादियों को भी निहार सकेंगे। उधर, वीरवार को सोलंगनाला सहित सिस्सू व नार्थ पोर्टल में पर्यटकों का मेला लग गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक लाहौल की ओर जा रहे हैं। शुक्रवार को पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

**चिकित्सकों की पेन डाउन स्ट्राइक का 10वां दिन**

# अढ़ाई घंटे के इंतजार से मरीज परेशान



चिकित्सक का इंतजार करते मरीज व (नीचे) स्ट्राइक के दौरान मौजूद चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पेन डाउन स्ट्राइक को शुरू हुए अब 10 दिन हो चूके हैं और कुल्लू जिला के क्षेत्रीय अस्पताल सहित विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में अढ़ाई घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक जारी है। जिला के सभी चिकित्सक मांगों को लेकर पेन डाउन स्ट्राइक पर डटे हुए हैं।

पेन डाउन स्ट्राइक के 10वें दिन भी चिकित्सकों ने मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से पेन डाउन स्ट्राइक को जारी रखा। क्षेत्रीय अस्पताल सहित जिले के सभी चिकित्सा केंद्रों में अढ़ाई घंटे की स्ट्राइक से मरीज ओर परिजन भी चिकित्सकों की स्ट्राइक से परेशान दिखे।

इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों के आए मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लंबे सफर के बाद अस्पताल में अढ़ाई घंटे के लंबे इंतजार से मरीज काफी परेशानी में दिखे।

# हिमाचल में लहराएगा भगवा : वंदना


जिला महिला मोर्चा की बैठक के दौरान वंदना योगी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोक सभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य को लेकर भुंतर में जिला महिला मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्षा कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई।

वंदना ने बताया बैठक का

**जिला महिला मोर्चा ने की बैठक**

मुख्य लक्ष्य अबकी बार 400 पार, केंद्र में नरेंद्र मोदी तीसरी बार रहा।

केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का भी आग्रह किया। इस बार हिमाचल प्रदेश की चारों लोक सभा सीटों पर भगवा लहराएगा।

# भनारा गांव के समीप पहाड़ी में लगी आग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के जगतसुख के समीप भनारा गांव में किसी ने पहाड़ी में आग लगा दी। देखते ही देखते आग पूरी चारों ओर फैल गई।

खतरा बढ़ता देख ग्रामीण एकत्रित हुए और आग बुझाने में जुट गए। अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई और आग को काबू पाया। ग्रामीण हरकत में नहीं आते तो तीन घरों को नुकसान पहुंच सकता था।

ग्रामीण रोशन, राजेश व दीपक ने बताया कि आग पहाड़ी में फैल गई थी। ग्रामीण सतर्कता नहीं दिखाते तो कुछ घरों को नुकसान


जगतसुख में पहाड़ी में लगी आग।

हो सकता था। ग्राम पंचायत जगतसुख के प्रधान बुध राम ने बताया कि आग लगाने वाले का पता लगाया जाएगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार निधि

**घर जलने से बचे, लोगों ने उठाई कार्रवाई की मांग**

सकलानी मौके पर पहुंची और नुकसान का जायजा लिया।

अग्निशमन विभाग मनाली के प्रभारी सरनपत ने बताया कि उन्हें दोपहर पौने एक बजे आग लगने की सूचना मिली। टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची और आग को काबू किया।

उन्होंने बताया कि आग लगने से भनारा के ग्रामीण छापे राम के 10 सेब के पेड़ तथा साइना देवी के 15 सेब जबकि जगतसुख निवासी रुप चन्द के 50 सेब के पेड़ जल गए हैं।

# मनाली-एक में आज बंद रहेगी बिजली

**मनाली।** विद्युत उपमंडल मनाली-एक के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता आदर्श गोयल ने बताया कि शुक्रवार को 11केवी न्यू फीडर कन्याल फीडर व रूरल फीडर उच्च ताप की लाइनों को दुरुसत रखने हेतु पेड़ों की टहनियों का कटान किया जाना है।

अत: सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए कन्याल सिमसा चियाल, बलसरी नसोगी, ओल्ड मनाली के साथ लगते क्षेत्रों मे विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सांय पांच बजे तक बाधित रहेगी।

# घरों की छतों पर लगेंगे सौर बिजली उपकरण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जनमानस के सतत विकास तथा बेहतरी हेतु प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। कुल्लू जिला सीएससी प्रबंधक प्रवीण ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार पूरे भारत वर्ष में एक करोड़ घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली सौर उपकरणों के माध्यम से प्रदान करेगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना पर भारत सरकार 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इस

**योजना घरेलू बिजली कनेक्शन पर होगी लागू**

योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर या उपयुक्त खाली स्थान पर सौर बिजली उत्पादन उपकरण स्थापित किए जाएंगे। सौर उपकरण लगाने हेतु भारत सरकार लाभार्थियों को आकर्षक सबसिडी प्रदान करेगी।

आवेदक को सीएससी केंद्र में अपना मोबाइल फोन ओटीपी के लिए और बिजली का बिल लाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह योजना घरेलू बिजली के कनेक्शन पर ही लागू रहेगी।

# स्थानीय बोलियों से जुड़े रहना आवश्यक : वरयाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्थानीय बोलियों में व्याकरण की सापेक्षता है तथा हमें तुकबंदी से मुक्त होना आवश्यक है। यह बात कुल्लू साहित्य उत्सव के दौरान जेएनयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं भाषाविद डॉ. वरयाम सिंह ने कही।

देवसदन कुल्लू में हिमतरु प्रकाशन समिति तथा भाषा संस्कृति विभाग के तीन दिवसीय संयुक्त आयोजन 'कुल्लू साहित्य उत्सव-2024' के अवसर पर पूर्वा तथा प्राची द्वारा कुल्लू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान घर के बाहर रहने की असामाजिक परंपरा तथा उन्हें होने वाली मानसिक



कुल्लू में आयोजित हो रहे साहित्य उत्सव के दूसरे दिन सभी गणमान्य लोग।

**'कुल्लू साहित्य उत्सव-2024'का दूसरा दिन**

पीढ़ा से संबद्ध लघु डॉक्यूमेंटरी प्रस्तुत की।

दिल्ली से लेखक संजय जोशी ने साहित्य और सिनेमा के अंत संबंध विषय पर अपना वक्तव्य दिया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ लेखक डॉ. सुशील कुमार थे जबकि जिला भाषा अधिकारी, कुल्लू सुनीला ठाकुर बतौर विशेष अतिथि उत्सव में सम्मिलित हुई।

इस दौरान हिमतरु के सचिव


कार्यक्रम में जानकारी देते गणमान्य।

एवं साहित्य उत्सव के समन्वयक किशन श्रीमान, साहित्य उत्सव कोर समिति सदस्यों में डॉ. निरंजन देव शर्मा, अजेय, डॉ. उरसेम लता, रमेश पठानिया, डॉ. संजू पॉल, हिमतरु प्रकाशन समति के सलाहकार युवराज बोध आदि उपस्थित रहे।

# विधायक रवि कैसे गुमराह हुए कमेटी को भी नहीं पता : सहगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रदेश के पूर्व पंचायतीराज संगठन के महासचिव अनिल सहगल ने कहा कि क्रॉस वोटिंग करके हिमाचल प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार को अपने ही पार्टी के छह विधायकों ने सरकार गिराने का शर्मनाक कृत्य किया है।

इन विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी से निष्कासित कर जो बड़ा संज्ञान लिया है वह स्वागत योग्य है। जिला पार्टी अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर और पूर्व जिला अध्यक्ष नोरबू बोध, प्रदेश पार्टी सचिव प्यारे लाल, उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह ओर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नोरबू पांस ने विधायक रवि ठाकुर द्वारा क्रॉस वोटिंग करने पर कड़ा विरोध किया।

जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने कहा कि विधायक रवि का मुख्यमंत्री या किसी व्यक्ति विशेष से नाराजगी रही होगी तो विधायक ने कभी भी इस बारे जिला कांग्रेस कमेटी को नहीं बताया।

**भ्रमण**

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत मिशन' के तहत केरल पहुंचा प्रदेश के शिक्षकों का दल

# केरल की संस्कृति को जान रहे प्रदेश के 120 शिक्षक

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश और केरल राज्य के बीच में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना मिशन' के तहत सांस्कृतिक आदान प्रदान एवं एक-दूसरे के संस्कृति, भाषा, खान पान, पर्यटन ओर सांस्कृतिक विविधता को समझने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से गए प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

इस मिशन के तहत पूरे प्रदेश से 120 शिक्षकों का दल केरल के लिए बतौर कल्चरल एक्सपोजर पर गया है। इन दिनों प्रदेश के सभी 120 शिक्षकों का दल केरल में चार दिवसीय दौरे पर हैं और केरल की संस्कृति को करीब से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इन्ही 120 शिक्षकों के दल में सात शिक्षक जिला कुल्लू के शामिल हैं।

शिक्षकों में शामिल स्वर्ण पदक विजेता एडीपीईओ कुल्लू किशन लाल, राकेश शर्मा लेक्चरर शोवाड़, डोला राम लेक्चरर, जीत राम लेक्चरर डाइट कुल्लू, जगरनाथ टीजीटी पतलीकूहल, यमुना सीएचटी गड़सा, घनश्याम जेबीटी जुआली ने बताया कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना मिशन' देश के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का एक वर्ष के लिए किसी अन्य राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के साथ जोड़ा बनाया गया है।


केरल के भव्य मंदिरों के दर्शन को पहुंचे कुल्लू के शिक्षक।

## भव्य मंदिरों का किया दौरा

**दोनों** ही राज्यों के प्रतिनिधि जिनमें शिक्षक और स्कूली छात्र एवं छात्राएं शामिल हैं यहां की भाषा ओर बोली, साहित्य, वहां की खान पान, वहां के प्रचलित एवं मुख्य त्योहारों, वहां की सांस्कृतिक कार्यक्रमों ओर उक्त क्षेत्रों में हो रहे पर्यटन के संदर्भ में करीब से जानने के लिए एक-दूसरे के साथ जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

इनका दल इस मिशन के दौरान केरल सहित कन्याकुमारी ओर यहां के भव्य मंदिरों का भी दौरा कर रहे हैं साथ ही यहां के खान पान ओर रहन सहन को भी समझने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब एक दिन ओर केरल में रहेंगे और उसके बाद हिमाचल के लिए वापसी करेंगे।

# रास्ते की खराब हालत से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर के वार्ड नंबर छह में प्राकृतिक आपदा से टूटे रास्ते को बनवाने के लिए वीरवार को सभी दुकानदारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर परिस्थिति से अवगत करवाया।

प्रभावित दुकानदारों में राजेश कुमार, गीता ठाकुर, सुनील शर्मा, राकेश कुमार, सुनीता ठाकुर, योगेश्वेर, संजय कुमार, रामलाल, शुभम, संसारचंद, राजू, बिट्टू, सिमरन, कोमल, नैना, शेर सिंह, अंकुर भोपाल, ललिता देवी, सोनी शर्मा, जीवन और सुनीता भोपाल ने बताया कि वार्ड नंबर छह में प्राकृतिक आपदा के कारण पुराने पुल वाला रास्ता टूट गया था जिसे नगर पंचायत भुंतर अभी तक नहीं बनवा पाई है।


रास्ते को दुरुस्त करवाने बारे तहसीलदार को मांग पत्र सौंपते हुए लोग।

**दुकानदारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

इस रास्ते को टूटे हुए लगभग आठ महीने हो गए हैं लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया है। नगर पंचायत को इस बारे में कई बार बताया गया था परंतु नगर पंचायत इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

> नगर पंचायत को टूटे हुए रास्ते का एस्टीमेट बनाकर रास्ते को जल्द बनाने के लिए कहा जाएगा ताकि जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।
> -आकांक्षा शर्मा, तहसीलदार भुंतर।

दुकानदारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर वर्तमान परिस्थिति से हो रही परेशानी के बारे विस्तार से बताया गया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वेबसाइट तीन दिन से ठप

**जाहू।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वेबसाइट ठप होने की वजह से इस योजना में ऑनलाइन आवेदन करने में लाभार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से सर्वर ठप रहने की वजह से लोग आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों को न सिर्फ ट्रेनिंग दी जाएगी बल्कि कम ब्याज पर लोन भी ले सकेंगे। सरकार के द्वारा ट्रेनिंग करवाने के बाद अपना कारोबार करने के लिए इस योजना के तहत औजार खरीदने के लिए 15 हजार रुपए भी दिए जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति लोन लेना चाहता है तो पांच फीसदी ब्याज की दर पर एक लाख रुपए मिलेगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लाभार्थियों को हो रही परेशानी**

लोगों ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर में विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदन करने के जाते हैं तो वहां पर पीएम विश्वकर्मा की वेबसाइट नहीं चल रही है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि सर्वर को सुचारु किया जाए, ताकि आवेदन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। विश्वकर्मा योजना शिमला अधिकारी गुरुलाल नेगी ने बताया कि वेबसाइट का संचालन दिल्ली कार्यालय से होता है। वेबसाइट में समस्या आने की शिकायतें मिल रही है। इसके बारे में उन्होंने दिल्ली कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से अवगत करवा दिया है।

# पशुपालन विभाग करेगा भेड़-बकरियों का बीमा

## पशुपालक 31 मार्च से पहले नजदीकी पशु औषधालयों में करवा सकते हैं बीमा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

पशुपालन विभाग प्रदेश के 38 हजार से अधिक भेड़-बकरियों का बीमा करेगा। भेड़-बकरियों की बीमित राशि 912 रुपए रखी गई है, हालांकि बीपीएल, एससी और एसटी पशुपालकों को भेड़-बकरियों की बीमित राशि 173 रुपए जमा करवानी होगी, जबकि एपीएल पशुपालकों को 365 रुपए बीमित राशि रखी गई है। शेष राशि विभाग की तरफ से जमा करवाई जाएगी। पशुपालक 31 मार्च से पहले अपने पालतू भेड़-बकरियों का बीमा करवाना सुनिश्चित करें।

पशुपालन विभाग प्रदेश के पशुपालकों की 38,300 पालतू भेड़-बकरियों का बीमा कर रहा है। विभाग बीपीएल, एससी और एसटी पशुपालकों की 21,050 भेड़-बकरियों का जहां बीमा करेगी। इन पशुपालकों को भेड़-बकरियों की 173 रुपए बीमित राशि जमा करवानी होगी, जबकि 739 रुपए विभाग अपनी ओर से जमा करवाएगा।



इसी तरह एपीएल पशुपालकों की 17,250 भेड़-बकरियों का बीमा किया जाएगा। इन पशुपालकों को भेड़-बकरियों की 365 रुपए बीमित राशि जमा करवानी होगी, जबकि 547 रुपए की राशि विभाग जमा करवाएगा। पशु पालन विभाग पांच माह से अधिक आयु के भेड़-बकरियों का ही बीमा करेगी।

पशुपालकों की भेड़-बकरियों का यह बीमा तीन वर्ष के लिए किया जा रहा है। इस बीच अगर पशुपालकों की भेड़-बकरियों की बीमारी के चलते मौत होती है, तो उसे 8000 रुपए की राशि बीमे के तौर पर मिल सकेगी। हालांकि, पशु की उम्र व वजन के मुताबिक बीमा राशि इससे कम भी दी जा सकती है। प्रदेश सरकार ने एचआईबीएल कंपनी को बीमे का जिम्मा सौंपा है। विभाग ने सभी जिलों को इसके लिए अलग-अलग टारगेट दिए हैं।

> पशुपालन विभाग प्रदेश के पशुपालकों की 38,300 भेड़-बकरियों का बीमा करेगा। इसके लिए भेड़-बकरियों का 912 रुपए प्रीमियम रखा गया है। बीपीएल, एससी और एसटी पशुपालकों से भेड़-बकरियों का 173 होगा। शेष विभाग द्वारा जमा करवाई जाएगी। पशुपालक 31 मार्च से पहले अपने पालतू भेड़-बकरियों का बीमा करवा सकेंगे।
> -डॉ. सतीश कुमार वर्मा, सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग हमीरपुर

कांगड़ा और चंबा जिला में सबसे ज्यादा बीमा करने का लक्ष्य रखा गया है, वहीं हमीरपुर जिला में भी 1000 भेड़-बकरियों के बीमे का टारगेट दिया गया है। ऐसे में प्रदेश के जिन पशुपालकों ने अपने घरों में भेड़-बकरियां पाल रखी हैं वह पशुपालक अपने नजदीक के पशु औषधालयों में जाकर अपनी भेड़-बकरियों का बीमा 31 मार्च से पहले करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें समय पर मुआवजा राशि मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## सीएम के खिलाफ जाने वाले विधायकों को जनता नहीं करेगी माफ : विजय बन्याल



ब्लॉक कांग्रेस भोरंज के अध्यक्ष विजय बन्याल प्रेस वार्ता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर आए संकट के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। यह बात ब्लॉक कांग्रेस भोरंज के अध्यक्ष विजय बन्याल ने प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जो बजट पेश किया गया वह आम आदमी के लिए हितैषी व लाभ देने वाला है। हमीरपुर की जनता सब देख रही है, क्योंकि हमीरपुर ने पहले भी मुख्यमंत्री खोया है और मुख्यमंत्री का क्या महत्व होता है यह जनता भली-भांति जानती है। हमीरपुर के जिन तीन विधायकों ने मुख्यमंत्री की मुखालफत की है उनको हमीरपुर की जनता माफ नहीं करेगी और जनता आने वाले समय में सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार जिस तरीके से मुश्किल समय में मुख्यमंत्री के साथ कंधे से-कंधा मिलाकर खड़े रहे उनके लिए भोरंज की जनता विधायक का धन्यवाद कर रही है और भविष्य में भी मुख्यमंत्री को साथ देखना चाहती है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, दीपचंद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गोल्डी, मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वतंत्रता सेनानी पंडित इंद्रपाल की जयंती मनाई

**नादौन।** क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार पंडित इंद्रपाल की जयंती हर वर्ष भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय साहित्यकारों के सहयोग से हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष पंडित इंद्रपाल की जयंती पांच अप्रैल को मनाई जाएगी। साहित्य परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा ने इस संदर्भ में भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि स्वतंत्रता सेनानी पंडित इद्रपाल की जयंती को राज्य स्तर पर उनके पैतृक स्थान नादौन में मनाया जाए।

### सेवानिवृत्त सर्वहित संस्था ने लोगों को दी आर्थिक सहायता

**नादौन।** नादौन की सामाजिक संस्था सेवानिवृत्त संस्था साधबड़ गलोग की बैठक गांव गौना में आयोजित की गई, जिसमें पात्र लोगों को 9700 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने की। बैठक में दिलवाग सिंह, अर्मी चंद, छोटू राम, डॉ. तरलोक शर्मा, रत्न कौंडल आदि ने भाग लिया। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था के प्रवक्ता सूबेदार राम सिंह ने बताया कि संस्था ने जरूरतमंद आवेदकों अनामिका को 1400 रुपए, विकास पठानिया दो हजार रुपए, नीलम कुमारी, 3100 रुपए व आशा कुमारी को 3200 रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

### हिमाचल गो सेवा समिति सनातन धर्म का करेगी प्रचार

**हमीरपुर।** हिमाचल गो सेवा समिति की बैठक ठाकुर द्वारा जमली धाम में वीरवार को आयोजित की गई, जिसमें समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार चारों धामों पर करने का निर्णय लिया है। हिमाचल गो सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि 18 से 24 मार्च तक तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम पर भागवत सम्मेलन, कर्म कांड एवं यज्ञ करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए सोमराज शर्मा, प्रकाश चंद भारद्वाज, रणजीत सिंह गुलेरिया सहित छह लोगों की कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी रामेश्वरम में धर्म प्रेमियों को ठहरने, भोजन व अन्य कार्यक्रमों की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के 120 लोगों ने इस कार्यक्रम में जाने के लिए अपना पंजीकरण कमेटी के पास करवा दिया है। यह सभी लोग 15 मार्च से चंडीगढ़ से रामेश्वरम के लिए ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम में जुब्बल कोटखाई के आचार्य प्रवेश दत्त शर्मा व उनकी पूरी टीम इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सात दिन तक सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करेगी।

### विधायकों को बर्खास्त करने पर भड़के कांग्रेसी

**सुजानपुर।** कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता भंग करने पर जिला हमीरपुर के कांग्रेसी भड़क गए हैं। हमीरपुर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लेख राज ठाकुर, महासचिव जोगिंद्र ठाकुर, सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन ज्योति प्रकाश, महासचिव अशोक राणा, सुजानपुर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष मनोज ठाकुर आदि ने जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा असंतुष्ट छह कांग्रेस विधायकों की सदस्यता भंग करने और केवल एक ही पक्ष को सुनने और तवज्जो देने के एकतरफा फैसले ने आग में घी डालने का काम किया है, जो कि कांग्रेस पार्टी के लिए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में आत्मघाती कदम साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व से इस फैसले पर पुनर्विचार कर इस संकट को हल करने के लिए गंभीरता से विचार करना चाहिए और सरकार की स्थिरता के लिए तुरंत बर्खास्त विधायकों के असंतोष को सुनकर इस पर उचित कार्रवाई करके उन्हें बहाल किया जाना चाहिए।

### आयुर्वेदिक फार्मेसी बैचवाइज भर्ती को पंजीकरण अनिवार्य

**हमीरपुर।** आयुष विभाग में आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर के पांच पद भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के विभिन्न वर्गो से बैचवाइज भर्ती के तहत भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बैचवाइज भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इनमें से एक पद सामान्य वर्ग भूतपूर्व सैनिक आश्रित, दो पद एससी भूतपूर्व सैनिक आश्रित, एक पद एसटी भूतपूर्व सैनिक आश्रित और एक पद ओबीसी भूतपूर्व सैनिक आश्रित से भरे जाएंगे। इन पदों के लिए आवेदक मान्यता प्राप्त संस्थान से बारहवीं पास तथा आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट का डिप्लोमा या डिग्री धारक होना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि वे अपने नाम नजदीकी रोजगार कार्यालय कि लिस्ट में जरूर देखें और लिस्ट में नाम न होने की सूरत में तीन मार्च तक कार्यालय की वेबसाइट ईईएमआईएस.एचपी पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा लें।

### 15 मार्च तक बंद रहेगी खोडपा-ब्याड़ सड़क

**हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल में खोडपा-ब्याड़ सड़क की मुरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 15 मार्च तक बंद किया जा रहा है। डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि खोडपा-ब्याड़ सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही एक से 15 मार्च तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सलौणी-जोल-ब्याड़ सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

## नकल करते पकड़े गए तो होंगे बाहर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन स्कूलों में दसवीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। वार्षिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की जाएं इसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हमीरपुर जिला में शिक्षा विभाग ने दसवीं व बाहरवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के लिए सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 155 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। हालांकि इन परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं यदि फिर भी छात्र नकल करते हुए पकड़े जाते हैं तो उन्हें एक से तीन साल तक बाहर किया जा सकता है।



> परीक्षा केंद्र में आने से पहले स्टूडेंट्स की पूरी तरह से जांच कर लें। उन्होंने बताया कि यदि किसी स्टूडेंट्स के पास परीक्षा के दौरान परीक्षा से संबंधित सामग्री पकड़ी जाती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।
> -अनिल कौशल,उपनिदेशक उच्च शिक्षा

**नकल करवाने के मामले पकड़े गए तो पूरा स्टाफ होगा सस्पेंड**

इस दौरान छात्र कोई भी परीक्षा नहीं दे पाएंगे। इसके अलावा जिस भी परीक्षा केंद्र में नकल के मामले पकड़े जाएंगे उसके लिए परीक्षा केंद्र के संयोजक और सुपरिंटेंडेंट पूरी तरह से उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्र में तैनात स्टाफ को सस्पेंड किया जाएगा और नया स्टाफ वहां पर तैनात किया जाएगा। किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल न हो इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आठ फ्लाइंग टीमें बनाई गई हैं जो परीक्षा केंद्रों में जाकर निरीक्षण करेंगी। इसके अलावा शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की टीम भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगी।

पहली मार्च को बाहरवीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर है और इसके लिए स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र में सुबह 8.30 बजे तक हर हाल में पहुंचना होगा, 8.45 पर उत्तरपुस्तिका स्टूडेंट्स को दी जाएगी और 15 मिनट का समय प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए दिया जाएगा। पेपर सुबह नौ बजे शुरू होगा और 12 बजे समाप्त होगा। (अनंत ज्ञान)

## राजेंद्र राणा ने सुजानपुर की जनता के साथ किया विश्वासघात : राजेंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा अब विधायक नहीं पूर्व विधायक हो गए हैं। उनके द्वारा बनाई गई ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जो आए दिन पार्टी मीटिंग में भी प्रदेश सरकार व पार्टी को कोसते रहे हैं, उन्हें भी निष्कासित किया जाए।

ब्लॉक कांग्रेस सुजानपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने सुजानपुर विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने पार्टी के साथ गद्दारी की है, जिसकी सजा मिली है, जो बिलकुल सही है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा कभी कांग्रेस पार्टी के हुए ही नहीं, कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर उन्होंने चुनाव जरूर लड़ा, मगर उनका मन हमेशा भाजपा में ही रहता था। उन्होंने कभी हमीरपुर जिले के मुख्यमंत्री को अपना मुख्यमंत्री माना ही नहीं। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से लेकर वर्तमान तक उन्होंने हमेशा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को भला बुरा ही कहा है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को शर्मसार किया है और जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। इस मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चमेल सिंह, राजकुमार शर्मा, विनय शर्मा, सुदर्शन कुमार, गुलशन ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता करते ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा।

## बड़सर में कांग्रेस मजबूत थी और रहेगी : पवन कालिया

**बड़सर।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पहले भी मजबूत थी और आगे भी रहेगी, किसी के आने या जाने से बड़सर कांग्रेस में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, नितिन शर्मा, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमल पठानिया, उपाध्यक्ष नरेश लखनपाल, विपन ढटवालिया, रूबल ठाकुर, अरविंद बन्याल, पूर्व जिला परिषद सुभाष ढटवालिया ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि बड़सर में मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ कांग्रेस स्थिर है और सबने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि बड़सर में व्यक्ति विशेष की आरती उतारने वालों को तरजीह दी जा रही थी और कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पिछले कई समय से कमजोर किया जा रहा था उसके बावजूद मुख्यमंत्री के पिछले दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने जितनी भी मांग उस समय के विधायक ने रखी सबको पूरा ही नहीं किया तारीफों के भी पुल बांधे गए।

## कांग्रेस के विधायक अपनी ही पार्टी से नाखुश : अरुण धूमल

**सुजानपुर।** आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने हाल ही में निर्वाचित हुए हिमाचल से राज्यसभा के सांसद हर्ष महाजन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी के पास बहुमत था, लेकिन हिमाचल के कुछ एक विधायकों ने हिमाचल के व्यक्ति को जीत दिलाई और हिमाचली होने का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में परिवर्तन की लहर है। हर व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक अपनी ही सरकार से नाखुश है, क्योंकि कांग्रेस ने झूठी गारंटियां लोगों को दी। जिसके चलते प्रदेश की जनता के साथ-साथ उनकी अपनी पार्टी के विधायक ही उनसे नाराज हैं। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि हिमाचल की सरकार चंद दिनों की मेहमान है।

## आरबीआई ने स्टूडेंट्स को दिए बैंक योजनाओं के टिप्स

**हमीरपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत वीरवार को आईटीआई हमीरपुर और औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए। इन शिविरों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय के प्रबंधक भरत राज आनंद ने स्टूडेंट्स को बैंकों की ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, लेन-देन की प्रक्रियाओं और डिजिटल बैंकिंग इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक 26 फरवरी से एक मार्च 2024 तक देश भर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह मना रहा है और इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य स्कूलों-कॉलेजों के स्टूडेंट्स को वित्तीय साक्षर बनाना है। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी रवि शर्मा ने भी स्टूडेंट्स को वित्तीय साक्षरता के कई महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया।

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के कारसेवकों दिया सम्मान

**हमीरपुर।** मातृ वंदना संस्थान शिमला द्वारा मातृवंदना विशेषांक का विमोचन कार्यक्रम हमीरपुर में वीरवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि मातृ वंदना संस्थान शिमला के सचिव डॉ. उमेश मोदगिल मुख्य वक्ता रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिलासपुर विभाग के संघ चालक शांति स्वरूप शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर मातृ वंदना के विशेषांक का विमोचन किया गया। साथ ही ऊना हमीरपुर और बिलासपुर जिला के श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के कारसेवकों को भी सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना निराश्रितों का बनी सहारा : चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुजानपुर**

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना प्रदेश में वंचित और निराश्रित लोगों का सहारा बनकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का उचित, सम्मानजनक और न्याय संगत अवसर प्रदान कर रही है। प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कल्याणकारी राज्य की उस धारणा को मूर्त रूप प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिसमें राज्य से समाज के संवेदनशील, असुरक्षित एवं वंचित वर्गों, बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के मामले में अभिभावक की भूमिका का निर्वहन करने की अपेक्षा की जाती है।



ग्राम पंचायत रंगड़ में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

यह बात सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत रंगड में आयोजित जागरूकता शिविर में कही। उन्होंने कहा कि यह योजना अनाथ बच्चों के लिए न केवल आईआईटी, आईआईएम, पीजीआई और और एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं अपितु विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के भी द्वार खोलने की व्यवस्था करेगी। उनके लिए स्टार्टअप जैसी व्यवस्था के लिए वित्त पोषण (फाइनेंशियल अस्सिटेंस) की सुविधा के साथ-साथ विवाह अनुदान के रूप में दो लाख और गृह निर्माण हेतु तीन बिस्वा भूमि के अतिरिक्त गृह अनुदान राशि के रूप में तीन लाख रुपए की सहायता राशि की भी व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने जन समुदाय से इस योजना का व्यापक प्रचार एवं प्रसार करने का अनुरोध किया ताकि सभी पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि परियोजना क्षेत्र में छह से 18 वर्ष आयु वर्ग के कुल 12 बच्चे अनाथ हैं जो पारिवारिक माहौल में फोस्टर केयर (पालन पोषण संबंधी देखभाल) में रह रहे हैं। इसी प्रकार 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग में तीन, 21 से 23 वर्ष आयु वर्ग में चार और 23 से 27 वर्ष में 7 बच्चे हैं जिन्हें लाभ पहुंचाने की अनुशंसा की गई है। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमारी, वृत्त पर्यवेक्षक मंजुला कुमारी, विशाल कुमार चांगरा, कमलजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु अध्यापकों को बताया लाइब्रेरी का महत्व

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर की श्रृंखला को जारी रखते हुए लाइब्रेरियन पूनम शर्मा ने लाइब्रेरी साइंस विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर दिया। फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर की समन्वयक ज्योति ने पूनम शर्मा का स्वागत किया। पूनम शर्मा ने लाइब्रेरी साइंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रशिक्षु अध्यापकों को दी। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी उन स्टूडेंट्स के लिए है जो पुस्तकें खरीद नहीं सकता। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी के कुछ नियम होते हैं जिन्हें हमें फोलो करना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति या स्टूडेंट्स लाइब्रेरी का लाभ उठा सकते हैं। अंत में सुनीता गौतम ने व्याख्यान के लिए पूनम शर्मा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डीएलएड के सभी प्रशिक्षु अध्यापक व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

## भुक्कड़ स्कूल में अभिभावकों ने जांची बच्चों की प्रोफाइल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में चौथे चरण का शिक्षा संवाद कार्यक्रम प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय पंचायत प्रधान व स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष किशोर चंद और स्कूल क्लस्टर प्रबंधन समिति की अध्यक्ष कांता देवी विशेष रूप से उपस्थित रही।



शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावन व प्रतिनिधि।

इस दौरान सबसे पहले अभिभावकों ने स्कूल में प्रत्येक बच्चे की तैयार की तमाम गतिविधियों की प्रोफाइल फाइल का अवलोकन करके स्कूल के प्रयास की सराहना की और कहा कि इससे बच्चों को शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के उपलब्धि स्तर का पता अभिभावकों को चलता है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक, अभिभावक व स्कूल प्रबंधन समिति का विशेष योगदान है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में सबसे बड़ी चिंता बच्चों को घटती संख्या है, जबकि सरकार द्वारा स्कूलों में अनुभवी अध्यापकों के साथ आधुनिक सुविधाओं का लाभ गया दिया है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए गांवों में पड़ोसियों को जागरूक करें तथा स्कूल की सुविधाओं से अवगत करवाएं। इस दौरान रेखा देवी, रक्षा देवी, पूनम, कुंता देवी, देवी आदि उपस्थित रहे।

## आपरेशन लोटस फेल होने से कांग्रेसियों ने पटाखे फोड़कर मनाई खुशी

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

प्रदेश सरकार द्वारा बहुमत से बजट पारित करने एवं प्रदेश भाजपा द्वारा सुक्खू सरकार को गिराने के लिए चलाए गए आप्रेशन लोटस को फेल होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सुक्खू सरकार द्वारा विधानसभा सदन में बहुमत के साथ बजट पास करने पर बुधवार रात को नादौन विधानसभा क्षेत्र का माहौल देखने लायक था।

देर रात तक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाए। जगह-जगह कार्यकर्ताओं को डीजे की धुनों पर थिरकते हुए देखा और लोगों को मिठाइयां भी बांटीं। प्रदेश भाजपा के आप्रेशन लोटस को प्रदेश सरकार द्वारा फेल करने पर वीरवार को नादौन में एनएसयूआई इकाई नादौन ने एक विजय रैली निकाली और कांग्रेस के छह बागी विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने आप्रेशन लोटस को जिस तरह से हैंडल करके इसको फेल किया हैं, उस बारे में नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना हैं कि नादौन से हमने शेर नहीं बबर शेर चुन कर भेजा है। हमारा ये शेर शांत रहना भी जानता है और दहाड़ना भी, कोई हमारे इस बबर शेर का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।



मिनी सचिवालय नादौन में मिठाई बांटते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

**एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने निकली विजय रैली**

**स्वरोजगार** | अब बिल की कोई चिंता नहीं, सरप्लस बिजली लेगा बिजली बोर्ड

## सौर ऊर्जा से जगमगा रहे देशराज-दिलेराम के घर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश को अगले दो वर्षों में हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ उठाकर अब आम लोग अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। 80 प्रतिशत सब्सिडी के साथ सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बाद यह लोग अपने घर में ही बिजली पैदा कर रहे हैं। हमीरपुर के निकटवर्ती गांव बरोहा के गांववासी देशराज और दिले राम शर्मा ने हिम ऊर्जा की मदद एवं मार्ग-दर्शन से अपने घरों पर तीन-तीन किलोवाट के सोलर पैनल लगाए हैं और वे अपनी दैनिक जरूरत के लिए घर में ही बिजली पैदा कर रहे हैं।



बरोहा गांव में लगे सोलर पैनल को दिखाते हुए।

उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए हिम ऊर्जा की मदद और मार्गदर्शन से उन्होंने तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया। इस सोलर पैनल से पैदा होने वाली बिजली से उनके घर की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो जाती है। अब उनको बिजली का बिल नहीं देना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि घर में ही तैयार बिजली सरप्लस होने की स्थिति में इसे बिजली बोर्ड को देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे उन्हें काफी लाभ होगा। इस प्रकार हरित ऊर्जा के उत्पादन और उपयोग के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास काफी अच्छे एवं उत्साहजनक परिणाम ला रहे हैं।

### युवाओं को मिलेंगे स्वरोजगार के अवसर

**राजीव** गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के दूसरे चरण में 100, 200 और 500 किलोवाट सौर परियोजनाएं स्थापित करने के लिए लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत सिक्योरिटी 25 वर्ष के लिए जमा करवाने पर 70 प्रतिशत बैंक ऋण तथा 30 प्रतिशत इक्विटी सरकार द्वारा दी जाएगी। इससे जहां युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# नलवाड़ी मेले में पहली बार होगा लाइट एंड साउंड शो

## शाम के समय दिखाया जाएगा मेले का इतिहास | आधुनिक तकनीक का किया जाएगा प्रयोग, प्रशासन बना रहा प्लानिंग | 17 मार्च से मेला होगा शुरू

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू मैदान में 17 मार्च से नलवाड़ी मेला शुरू होने जा रहा है। नलवाड़ी मेले को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन आए दिन नई-नई प्लानिंग तैयार कर रहा है। वहीं, इस बार नलवाड़ी मेले में जिला प्रशासन लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन करवाने का प्लान तैयार कर रहा है, जिसमें मेले के दौरान शाम के समय लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से नलवाड़ी मेले का इतिहास बताया जाएगा, जिसमें नलवाड़ी मेला कब से शुरू हुआ था और इस मेले के पीछे का इतिहास क्या है। यह सब इस शो के माध्यम से बताया जाएगा। आपको बता दें कि पहली बार नलवाड़ी मेले में इस तरह से आधुनिकता से इतिहास बताया जाएगा। अगर यह सब सफल रहा, तो नलवाड़ी मेले में लाइट एंड साउंड शो मुख्य आकर्षक होगा।



जानकारी के अनुसार लाइड एंड साउंड शो काफी रोचक होता है। इस शो में लाइट और साउंड के माध्यम से तस्वीरें व वीडियो बताई जाती हैं। वहीं, प्रशासन का कहना है कि अगर यह संभव हुआ, तो जल्द ही स्थान भी चिन्हित किया जाएगा। जहां पर यह शो करवाया जाएगा। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया है कि मेले को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दें, लोगों के सुझावों को प्रशासन प्राथमिकता देगा। नलवाड़ी मेले को शुरू होने में मात्र अब 17 दिन बाकि रह गए हैं। वहीं, प्रशासन की ओर से लुहणू मैदान को एक करोड़ में बेचा गया है, पिछले साल की भांति प्रशासन को इस बार काफी फायदा पहुंचा है। वहीं, बिलासपुर के इतिहास में पहली बार एक करोड़ में मेले ग्राउंड की बोलि लगी है। इसी के साथ प्रशासन मेले में सांस्कृतिक संध्याओं को लेकर भी प्लान तैयार कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि मेले की मुख्यत 23 मार्च की अंतिम संस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

> नलवाड़ी मेले में लाइट एंड साउंड शो करवाने का प्लान प्रशासन कर रहा है। मेले को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन कार्यरत है। मेले में कुछ नया करने के लिए प्रशासन प्लानिंग कर रहा है। 17 मार्च से नलवाड़ी मेला शुरू होगा।
> **आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।**

## पेड न्यूज पर नजर रखेगी मीडिया सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग कमेटी

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में चुनाव आयोग के निर्देशों पर लोकसभा चुनाव-2024 में पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी का गठन किया गया है।

यह कमेटी आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही अपना कार्य शुरू कर देगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। एमसीएमसी की ओर से सभी समाचार पत्र, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, सिनेमा हाल व सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार पेड न्यूज किसी भी मीडिया में लगवाता या प्रकाशित करवाता है, तो रिटर्निंग अधिकारी की ओर से संबंधित उम्मीदवार को नोटिस भेजा जाएगा, जिसका उम्मीदवार को निर्धारित अवधि के भीतर जवाब देना अनिवार्य है। संबंधित उम्मीदवार के जवाब के बाद जिला स्तरीय एमसीएमसी अपना अंतिम निर्णय लेगी। पेड न्यूज घोषित किए जाने पर जहां उम्मीदवार के चुनाव खर्चे में इसे शामिल किया जाएगा, वहीं चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उक्त उम्मीदवार का नाम पेड न्यूज लगवाने वाले उम्मीदवारों में शामिल कर प्रकाशित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है। विज्ञापन की पोस्ट अपलोड करने से पहले इसकी जिला स्तरीय कमेटी से पूर्व मंजूरी निर्धारित फार्म पर लेना जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही अपना कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए।

# बिलासपुर कॉलेज में गुलताब मिस्टर और सृष्टि मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में वीरवार को विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीएससी प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

आयोजन में कॉलेज के उपप्रधानाचार्य प्रो. कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि को विद्यार्थियों की ओर से सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में प्रो. कटवाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थी कॉलेज में बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बिलासपुर कॉलेज के कई किस्से भी विद्यार्थियों के साथ शेयर किए। इस आयोजन में मंच संचालन में आईशा और वंशिका ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई। इस आयोजन में विद्यार्थियों की ओर से कई प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें अंततः गुलताब को मिस्टर व सृष्टि को मिस फेयरवेल चुना गया। इस मौके पर कॉलेज विद्यार्थी सहित कॉलेज स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहा।



बिलासपुर कॉलेज में विदाई पार्टी के आयोजन पर मौजूद मिस्टर व मिस फेयरवेल।

# मणिपुर ने 22-19 से हिमाचल की टीम को किया पराजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

72वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबाल क्लस्टर जो कि नागपुर महाराष्ट्र में हो रही हैं, जिसमें हिमाचल पुलिस महिला हैंडबॉल टीम पहली बार हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रही है।

टीम मैनेजर कोच राजीव मेहता तथा असिस्टेंट टीम मैनेजर अरविंद बेदी की अगुआई में हिमाचल पुलिस महिला हैंडबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हिमाचल महिला पुलिस हैंडबॉल टीम को यहां तक पहुंचाने में बहुत कम समय में सीनियर टीम कोच बलबीर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है तथा उनके नेतृत्व में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनके साथ असिस्टेंट टीम कोच सुरेश कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

क्वार्टर फाइनल मैच मणिपुर पुलिस के साथ खेला गया, जिसमें मणिपुर टीम ने 22-19 के स्कोर से हिमाचल टीम को पराजित किया। हिमाचल की तरफ से सैलजा ने छह, प्रगति ने पांच, रंजना ने तीन और अनीता ने दो, रचना ने एक तथा साक्षी ने दो गोल किए। हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने पहली बार हिमाचल पुलिस महिला हैंडबॉल टीम को ऑल इंडिया खेलने का मौका दिया, जिसके फलस्वरूप महिला हैंडबॉल टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल तक खेला।



72वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबाल में हिमाचल महिला पुलिस की टीम।

## घुमारवीं कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# 400 मीटर रेस में मोहित प्रथम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी खेलकूद तथा योग को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं क्योंकि इससे हमारा शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है।

खेलकूद से हमारा मन-मस्तिष्क सक्रिय होता है। इस अवसर पर उन्होंने मेजर ध्यानचंद, पीटी उषा, कपिल देव, मिल्खा सिंह जैसे कई खिलाड़ियों को भी याद किया। जिन्होंने विभिन्न खेलों में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. रमेश और विभिन्न प्रतिगोगिताओं में भाग ले रहे स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं। विभिन्न प्रतिगोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, चक्काफेंक, भाला फेंक, 100 मीटर 200 मीटर तथा 400 मीटर की रेस प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिनमें लंबी कूद में मीनाक्षी प्रथम, किरण द्वितीय, 400 मीटर रेस में मोहित प्रथम, अक्षय द्वितीय, राहुल तृतीय रहे। 200 मीटर में आशीष प्रथम, आयुष वर्मा द्वितीय और शॉट पुट में अंकिता और अंकित प्रथम, शबनम और अरनब द्वितीय ऊंची कूद में मीनाक्षी प्रथम, नेंसी ठाकुर द्वितीय स्थान पर रही।




घुमारवीं कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

# गति के नियम व एस्ट्रोनॉमी थीमों पर आधारित वर्किंग मॉडल किए प्रदर्शित

**डाइट जुखाला में मनाया विज्ञान सप्ताह**

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान केंद्र में विज्ञान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एक दिवसीय विज्ञान मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ डाइट जुखाला के उपप्रधानाचार्य संजय सामा ने किया।

प्रदर्शनी में डीएलएड प्रशिक्षुओं और जुखाला स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान संबंधित संतुलन, चुंबक, प्रकाश के गुणधर्म, बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स, गति के नियम और एस्ट्रोनॉमी जैसी विभिन्न थीमों पर आधारित सभी वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान दिवस का संचालन डॉ. नीलम शर्मा ने किया। साइंस सेंटर के समन्वयक रमेश कुमार ने विज्ञान दिवस के बारे में जानकारी दी। इस मेले का प्रबंध साइंस सेंटर के समन्वयक रमेश कुमार, रुबीना, कंचन ने संयुक्त रूप से किया। उपप्रधानाचार्य ने स्टूडेंट्स और प्रशिक्षुओं से कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से अपने ज्ञान को अच्छी तरह से संगठित करके, आगे बढ़ने और शिक्षा जगत में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। इस तरह की गतिविधियों से अध्यापन को रूचि पूर्ण बनाया जा सकता है।

# जीवन में कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर कॉलेज में करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल एवं इतिहास विभाग की ओर से आईएएस हब अकादमी चंडीगढ़ के साथ छात्रों को सिविल सेवा और विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला की शुरुआत करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एसोसिएट प्रोफेसर ने की। उन्होंने आईएएस हब अकादमी से आए विशेषज्ञों का स्वागत किया और छात्रों को बताया कि समय-समय पर कॉलेज का करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतरता से करता रहता है। इस कार्यशाला में इतिहास विभाग और विभिन्न संकायों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यशाला में छात्रों को वर्कशीट के माध्यम से प्रश्न-उत्तर हल करने के लिए दिए गए, जिसमें अधिकतर छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में इतिहास विभागाध्यक्ष के प्रो. हितेश शर्मा ने आए हुए अतिथि विशेषज्ञों का धन्यवाद किया और छात्रों को प्रेरित किया कि वे जीवन में कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़े और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करें।



बिलासपुर कॉलेज में परीक्षाओं की तैयारी के लिए कार्यशाला के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

# मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल : धर्माणी

**सरकार विधायकों और आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है**

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश में चल रहे राजनीतिक संकट के समय सुक्खू सरकार के एक महत्वपूर्ण मंत्री की ओर से त्याग पत्र की घोषणा, मुख्यमंत्री की कार्य प्रणाली की आलोचना तथा अपने परिवार की कांग्रेस में हो रही उपेक्षा के आरोप ये सिद्ध करते हैं कि प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने राजनीतिक अंतर्द्वंद के कारण संकट में है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार व कांग्रेस पार्टी की है।

सरकार के मंत्री व विधायकों की ओर से अपनी उपेक्षा और अनदेखी के आरोपों से सरकार व कांग्रेस संगठन की असलियत जनता के सामने आ गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सुक्खू सरकार पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की खींचतान व विधायकों की उपेक्षा से आज प्रदेश में राजनीतिक संकट पैदा हुआ है और सुक्खू सरकार अपना विश्वास खो चुकी है और अल्पमत में आ गई है। महेंद्र धर्माणी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठाया कि मुख्यमंत्री के जिले के तीन विधायक और उपमुख्यमंत्री के जिला के दो विधायक सरकार की कार्य प्रणाली से नाराज होकर सरकार के खिलाफ खड़े हो गए हैं।

इससे यह स्पष्ट होता है कि विधायक बड़ी संख्या में सरकार से नाराज हैं। सरकार विधायकों और आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। झूठ की गारंटियों के सहारे सत्ता में आई सुक्खू सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। सुक्खू सरकार सत्ता में रहने का अपना नैतिक अधिकार पूर्ण रूप से खो चुकी है, मंत्री व विधायकों की अपेक्षा नाराजगी और खड़े किए गए प्रश्न सरकार की कार्य प्रणाली की तस्वीर को उजागर करते हैं।

# शिव-पार्वती की झांकी व कलश यात्रा निकाली

**बरठीं।** शिव शक्ति मंदिर कोटलू ब्राह्मणा में 11 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ।

श्रीराम कथा में मंदिर कमेटी के प्रधान मनोहर लाल महाजन और सदस्यों ने संतोषी माता मंदिर बरठीं में कथावाचक पंडित मदन लाल दुर्वासा नालागढ़ वाले का स्वागत किया। संतोषी माता मंदिर से लेकर करीब चार किलोमीटर दूर शिव शक्ति मंदिर कोटलू ब्राह्मणा तक शिव और पार्वती की सुंदर झांकी सहित कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर कमेटी के प्रधान मनोहर लाल महाजन ने कहा कि झांकी को निकालने में पुलिस का भी काफी सहयोग रहा। इसके लिए उन्होंने डीएसपी घुमारवीं का आभार जताया। इस अवसर पर अमरनाथ भारद्वाज, रतन लाल, कर्नल राजेंद्र कुमार, पवन कुमार, सुभाष चंद्र, होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

## जामली स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व शिक्षा संवाद का आयोजन

# मोटे अनाज पर दी जानकारी




जामली स्कूल में शिक्षा संवाद और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में शिक्षा संवाद के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जामली में शिक्षा संवाद व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, छात्रों के अभिभावकों तथा जिला कृषि विभाग से आए हुए जिला कृषि अधिकारी व उनके विभाग के आए अधिकारियों ने भाग लिया। शिक्षा संवाद के पश्चात जिला कृषि अधिकारी राजीव शर्मा ने छात्रों, अभिभावकों व अन्य सदस्यों को मिलेट्स अर्थात् मोटे अनाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने स्थानीय कृषकों को मिलेट्स उगाने तथा उन्हें अपने भोजन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विभाग से दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया। इस मौके पर पाठशाला में एक मॉडल व चार्ट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें अक्षिता व तन्वी की ओर से बनाए गए वर्षा संचयन के मॉडल व दिव्यांश द्वारा बनाया गया सौर रोशनी पर मॉडल, सभी अभिभावकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सिमरो भटनागर ने छात्रों और अभिभावकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान शेर सिंह, भारतीय फाउंडेशन के समन्वयक संसार सिंह पठानिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# आसान नहीं है बिलासपुर में उद्योग स्थापित करना : टीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बहुजन रिपब्लिक सोशलिस्ट पार्टी हि.प्र. के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. टीपी पांडेय ने कहा कि बिलासपुर में उद्योग स्थापित करना आसान नहीं है। बिलासपुर में उद्योग लगाकर कई उद्योगपति अपनी बर्बादी कर चुके हैं।

> **सरकार से नहीं मिल पाई कोई उचित व्यवस्था**

उद्योगों के प्रति सरकार की ओर से जो घोषणाएं की जाती हैं, उनका लाभ बिलासपुर के उद्योगपतियों को नहीं मिल पा रहा है। बिलासपुर में कच्चे माल की कोई भी व्यवस्था नहीं है उद्योगपतियों को कच्चा माल बाहर से लाना पड़ता है। इसके बाद प्रोडक्ट तैयार करो और उसे बेचने के लिए बाजार की तलाश करो क्योंकि बिलासपुर शहर की जनसंख्या कम होने से सामान की खपत बिलासपुर में नहीं हो पाती। विपरीत परिस्थितियों को झेल कर यदि कोई उद्योग चल पड़ा, तो उस पर नेताओं की नजर लग जाती है। नेता विभाग पर दबाव बनाकर उद्योग को परेशान करते हैं। या तो चुनावी चंदा या कमीशन, कौडियों के भाव खरीदना चाहते हैं यदि व्यक्ति हिम्मत जुटाकर कोर्ट में न्याय मांगने चला भी जाए, तो लंबी तारीखों से समय बीतता रहता है। निरंतर उद्योग का भारी भरकम नुकसान होता रहता है। लाखों का कर्जा, ब्याज की वापसी न होना अंत में नीलामी की प्रक्रिया। यदि बिलासपुर से बाहर के व्यक्ति ने उद्योग लगाया तो विपत्तियों का पहाड़ उसे चारों तरफ से घेर लेगा। दुनिया का दस्तूर है कि पुरानी चीजों को बेचने पर डेपरीसेशन लगाया जाता है क्योंकि हिमाचल की भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में 40 वर्ष पुराने शेडों को लीज पर देने के लिए निर्माण कीमत पर 10 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ा दिया।

**प्रदर्शन** पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

# एबीवीपी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का फूंका पुतला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सरकार से पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने और अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलवाने की मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिलासपुर इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को लेकर वीरवार को बिलासपुर परिसर में प्रदर्शन किया। परिषद के इकाई अध्यक्ष निखिल राजपूत की अगुआई में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला भी फूंका। इकाई अध्यक्ष निखिल राजपूत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2011 से पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राज है। उन्होंने कहा कि जब से टीएमसी की सरकार सत्ता में आई है, तब से प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं पर अत्याचार करने वाले पश्चिम बंगाल की सत्तासीन पार्टी के ही नेता हैं। आरोप लगाया कि टीएमसी के नेता सर्वे के नाम पर आए दिन घरों में जाकर यह देखते थे कि कौन सी महिला सुंदर है, रात को उस महिला को पार्टी ऑफिस में बुलाकर उनके साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। महिलाओं ने आरोप लगाए हैं कि सरकार की शरण में पनपे इन गुंडों ने बहुत अत्याचार किए हैं।

पुलिस भी इन गुंडों के कहने पर चलती है। सरकार से पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने और अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलवाने की मांग की है।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिलासपुर इकाई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंकते हुए।

## सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

# स्टूडेंट्स को बांटे मेडल और प्रमाण पत्र




सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज घुमारवीं में वार्षिक सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ, जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि तथा डॉ. सुरेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि प्रो. रामकृष्ण ने शिविर के सफल आयोजन के लिए एनएसएस के अधिकारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कि सेवा ही सर्वोत्तम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करनी चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अहंकार, दंभ तथा घमंड को समाप्त करने से ही जीवन में शुद्धता और पवित्रता हो सकती है। उन्होंने 'अच्छी बात सुनो, अच्छी बात कहो' गजल गाकर विद्यार्थियों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रो. रमेश चंद ने सात दिन के शिविर में किए गए कार्यों तथा डॉ. रीता ने सात दिवसीय योग प्रशिक्षण पर संक्षिप्त में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने एनएसएस स्वयंसेवियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा योग शिविर के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। स्वयंसेवी धीरज और निकिता ने मंच संचालन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चीड़ की लकड़ी से भरी पिकअप जब्त

**हरोली।** पुलिस थाना हरोली के तहत पिकअप से अवैध रूप से ले जाई जा रही चीड़ की लकड़ी को पकड़ा गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप गाड़ी संख्या एचपी 67-6936 चीड़ की लकड़ी लोड करके होशियारपुर की तरफ जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा गाड़ी को जैंजो मोड के पास रोकने की कोशिश की गई लेकिन ड्राइवर गाड़ी को ओवर स्पीड से चलाते हुए भगा ले गया। पुलिस ने गाड़ी का लगातार पीछा तथा इंडस्ट्रियल एरिया पंडोगा के पास जाकर गाड़ी को पकड़ लिया। गाडी के ड्राइवर से पूछताछ करी तो ड्राइवर ने अपना नाम प्रकाश चंद बताया तथा बताया कि गाड़ी में चीड़ की लकड़ी लोड है, परंतु गाड़ी चालक प्रकाश गाड़ी में लोड लकड़ी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। गाड़ी को वन खंड पंडोगा में लाकर चैक किया तो गाड़ी के अंदर अलग-अलग साइज के चीड़ की लकड़ी के 12 मोछे पाए गए। पुलिस ने गाड़ी चालक प्रकाश चन्द पुत्र कालटू राम निवासी गांव धमचयम डाकघर थालटू खोड थाना और तहसील पद्दर जिला मंडी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शूरू कर दी गई है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने इस मामले की पुष्टि की है।

### लीडिंग फायरमैन करतार चंद सेवानिवृत्त



**ऊना।** फायर विभाग के सब स्टेशन बंगाणा से लीडिंग फायरमैन करतार चंद वीरवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके विदाई पार्टी कार्यक्रम में गृह रक्षा व फायर विभाग के कर्मचारियों व उनके पारिवारिक सदस्यों ने भाग लिया। बंगाणा में आयोजित कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी मदन लाल ने करतार चंद की सेवाओं को सराहनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि इनका सेवाकाल बेहतरीन रहा है। इस मौके पर लीडिंग फायरमैन कुलदीप सिंह, फायर ब्रिगेड यूनियन के प्रधान मुकेश जसवाल आदि मौजूद रहे।

### गेहूं की ढुलाई/परिवहन को निविदाएं आमंत्रित

**ऊना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं खरीद केन्द्रों से जिले के विभिन्न स्थानों तक गेहूं की ढुलाई/परिवहन कार्य के लिए 6 मार्च तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदाएं 5 मार्च सायं 5 बजे तक ऑनलाइन पॉर्टल *http://hptender.gov.in* पर अपलोड हो जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्राप्त निविदाएं 6 मार्च को प्रातः 11 बजे अतिरिक्त उपायुकत या उनके द्वारा प्राधिकृति अधिकारी तथा गठित समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

### विकसित भारत का सपना हो रहा साकार: चौधरी



**अंब।** पूर्व विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। वीरवार को अंब में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। यूपीए सरकार के दौरान देश कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। परंतु पिछले दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था को शीर्ष के पांचवे स्थान पर लाकर खड़ी कर दी है और मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते आने वाले चंद वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर आने के लिए अग्रसर है। भारत के अन्न दाता के कल्याण करने में भारत सरकार सर्वाधिक कार्य कर रही है। लगभग 11 करोड़ 80 लाख किसानों को 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष उपलब्ध करवाया जा रहा है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत लगभग 4 करोड़ किसानों को 1.4 लाख करोड़ रुपए फसल बीमा के रूप में उपलब्ध करवाया गया है।

# ब्लेड से पत्नी का गला रेतने का आरोपी ओयल में गिरफ्तार

## अंब न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

अपनी पत्नी का ब्लेड से गला रेत डालने के बाद खुद का भी ब्लेड से गला काटने वाले उपमंडल गगरेट के ओयल गांव के महावीर को गगरेट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वीरवार को उसे अंब न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में वनगढ़ जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अब ये कार्रवाई मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर में जुड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 326 के तहत की है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर की कार्रवाई**

गौर रहे कि उपमंडल गगरेट के ओयल गांव के महावीर के अक्सर अपनी पत्नी के साथ झगड़े होते रहते थे। कुछ दिन पहले महावीर का फिर से पत्नी से झगड़ा हो गया और वह इतने आवेश में आ गया कि उसने पत्नी का गला ब्लेड से रेत डाला। इससे उसकी पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई। उसे आस-पड़ोस के लोग घायलावस्था में गगरेट अस्पताल लेकर आए तो पीछे से खबर आई कि महावीर ने खुद पर भी ब्लेड से हमला कर लिया है और वह घर से गायब है। इस पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसकी तलाश शुरू की तो वह सोमभद्रा नदी के किनारे गिरा मिला। उसे भी पुलिस उठाकर उपचार के लिए अस्पताल ले आई।

हालांकि, स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर रोष था कि महावीर को गिरफ्तार नहीं किया गया। पुलिस की दलील थी कि डाक्टरों द्वारा मेडिकल रिपोर्ट देने पर भी उसी आधार से मामले में धाराएं जुड़ेंगी और अगर कोई धारा गैर जमानती हुई तो आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। अब मेडिकल रिपोर्ट में डाक्टरों ने घातक व गहरे घाव की पुष्टि की है। जिस पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 326 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी महावीर को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महावीर को न्यायालय के आदेश पर चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में वनगढ जेल भेज दिया गया है।

## शिविर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य

**हरोली।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम उपमंडल हरोली के विभिन्न गांव में पहुंचकर डॉ. प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निःशुल्क टेस्ट किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में वीरवार को स्वास्थ्य टीम ने ग्राम पंचायत घालुवाल के पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। 40 लोगों के टेस्ट किए गए जिसमें उच्च रक्तचाप के 9 शुगर के 10 तथा जोड़ों के दर्द के 19 लोग पाए गए। टीम द्वारा मरीजों को परामर्श तथा निःशुल्क दवाई दी गई। उप प्रधान अनिल जसवाल ने स्वास्थ्य टीम के कार्य की सराहना की।

इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

## मंडी और कुल्लू की टीमों ने पहली पारियों में हासिल की बढ़त

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में किन्नौर और मंडी के बीच चल रहे मुकाबले में मंडी ने पहले खेलते हुए 10 विकेट खोकर 269 रन बनाए थे। खेल के दूसरे दिन जवाब में किन्नौर की टीम 231 रन बना सकी। किन्नौर के ऋषभ जैन ने 44 रन बनाए, विकास ठाकुर ने 58 रन, दिनेश ठाकुर ने 31 रन , के यशटु 25, अक्षय ने 26 रन बनाए, राकेश ने 19 रन बनाए। मंडी की ओर से प्रशांत बख्शी ने दो विकेट, शिवम शर्मा ने दो, आयुष जमवाल ने 3 विकेट, राहुल ने 3 विकेट मंडी ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 45 रन बना लिए हैं।



**उधर** सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कल्लू और सोलन के बीच में दूसरे दिन का खेल ऊना के इंदिरा स्टेडियम में कल्लू की टीम ने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए 337 रन बनाए, विजय ने टीम के लिए शतक लगाया और टीम के लिए 111 रन का योगदान दिया। अपनी पारी में विजय ने 17 चौके लगाए , अभिनंदन ने 82 रन बनाए, युतिष जमवाल 37 रन बनाए, परीक्षित कश्यप ने 17 रन बनाए। सोलन के दिवेश ने चार विकेट झटके, राहुल ने दो विकेट झटके और पारस धनिक ने तीन विकेट झटके। हिमांशु ने एक विकेट प्राप्त किया। सोलन की टीम ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और उसके जवाब में कुल्लू ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और पहली पारी में बढ़त हासिल की। कल्लू ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट 122 रन बनाए। शुभम नेगी ने 33 रन बनाए, एडी ने 33, प्रवीण 20 रन बनाकर खेल रहे हैं हिमांशु 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। सोलन के दक्ष नारायण ने तीन विकेट लिए, और प्रशिक्षित कश्यप ने एक विकेट प्राप्त किया।

# बिन विधायक दर-बदर हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता

## ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रवक्ता कुलदीप कुमार से मांगा मार्गदर्शन



प्रवक्ता कुलदीप कुमार के निवास स्थान पर चर्चा करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

दल-बदल कानून की जद में आने के बाद अब विधानसभा क्षेत्र गगरेट बिना विधायक के हो गया है। ऐसी स्थिति में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी दर-बदर हो गए हैं। नया विधायक चुने जाने तक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखकर आगे बढ़ने की चुनौती ब्लॉक कांग्रेस पर है, लेकिन बिना विधायक के लोगों के जरूरी कार्य कैसे करवाए जाएं और लोगों की समस्याओं को किसके समक्ष उठाया जाए दल-बदल कानून की जद में आने से अयोग्य करार दिए गए विधानसभा क्षेत्र गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के बाद गगरेट में उत्पन्न हुए राजनीतिक संकट को लेकर ब्लॉक कांग्रेस भी चिंतित है। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह कंवर, महासचिव वेद पराशर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अश्विनी ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राणा यशपाल, ठाकुर गुरचरण सिंहव ठाकुर रंजीत सिंह पर आधारित प्रतिनिधिमंडल वीरवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप कुमार के निवास स्थान शिवबाड़ी में पहुंचकर उनसे मिला और मार्गदर्शन मांगते हुए वर्तमान राजनीतिक परिदृष्य पर चर्चा की।

कुलदीप ने भी इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए प्रदेश सरकार के विरुद्ध रचे इस षड़यंत्र को भाजपा की चाल बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनता ने कांग्रेस के पक्ष में जनमत दिया था। हैरत की बात है कि कांग्रेस की टिकट पर जो विधायक बने वे भाजपा की चाल समझ नहीं सके और उनके ट्रैप में फंस गए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस की चिंता पर मुख्यमंत्री सुक्खू व प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह से वह बात करेंगे, ताकि नया विधायक चुने जाने तक ब्लॉक कांग्रेस या किसी पदाधिकारी को अधिकृत किया जाए, जो विभिन्न कार्यालयों में जाकर लोगों के काम करवा सके।

## बेहतर प्रदर्शन पर एनएसएस स्वयंसेवक सम्मानित



एनएसएस शिविर के समापन पर सामूहिक चित्र में अध्यापक और स्वयंसेवी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय महाविद्यालय खड्डु में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय एनएसएस शिविर का वीरवार को समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि व प्रोफेसर रवि राज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। सरस्वती वंदना के साथ सुनैना ने गणेश स्तुति की। तत्पश्चात छठे दिन की रिपोर्ट प्रिया द्वारा प्रस्तुत की गई।

रोमिता द्वारा आज का विचार 'व्यक्ति कर्म से महान बनता है, जन्म से नहीं' प्रस्तुत किया गया। इस पर शिवम, रूबी, वंदना ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इकाई की लीडर सुनैना ने सात दिवसीय शिविर के रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। निकिता शर्मा और शिवम सागर ने सात दिवसीय शिविर के अनुभव का विवरण सांझा किया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से मधुर संगीत व डांस की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. राजेंद्र ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों और यूनिट के सभी स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिवानी ने मंच का संचालन किया।

# सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी ही बचाव : अशोक



जागरूकता कार्यक्रम में आरटीओ के साथ छात्राएं और अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा स्थानीय हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से आयोजित जागरूकता अभियान में यातायात नियमों की जानकारी दी। उनकी उपस्थिति में छात्राओं का सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों संबंधी व्याख्यान करवाया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार व उनकी टीम ने यातायात से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक कुमार ने बताया कि यातायात संबंधी सतर्कता बहुत आवश्यक है। सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी ही बचाव है। सभी छात्राओं को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा सुरक्षा चिन्ह व संकेतावली भी बांटी गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अरुणा भारद्वाज ने आरटीओ ऊना और उनकी टीम का धन्यवाद किया।

महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि क्लब द्वारा ऐसी जागरूकता संबंधी गतिविधियां प्राय आयोजित करवाई जाती हैं। इस मौके पर डॉ रमन जसवाल, डॉ. दविंद्र एटलस, प्रो. सनी शर्मा, प्रो. स्वर्ण, प्रो. ममता, प्रो. नीना, प्रो. रमन, प्रो. कनिका, प्रो. मदन, प्रो. निनाद इत्यादि मौजूद रहे।

# लोगों को बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल/जोल**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा अजौली द्वारा आयोजित एवं नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत छतरपुर व ग्राम पंचयात मजारा के परिसर में किया गया। दोनों शिविरों में करीब 100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप छतरपुर की प्रधान दलजीत कौर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैंक मैनेजर दलजीत सिंह ने कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा लोगों को बैंक की भिन्न-भिन्न ऋण संबंधी योजनाओं बारे जागरूक किया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, सेल्फ हेल्प ग्रुप, गृह ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन फसल बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अटल बीमा योजना, और एटीएम साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।




वित्तीय जागरूकता शिविर में भाग लेते बैंक कर्मी व अन्य लोग।

शाखा अजौली के क्लर्क परमजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा की अगर आपको कोई भी फ्रॉड कॉल आती है तो आप इस बारे बैंक में आकर या फोन के माध्यम से बैंक कर्मचारियों से सलाह मशवरा करें और किसी को भी अपना बैंक अकाउंट नंबर या एटीएम नंबर न दें। उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल के जरिए कई लोगों के खाते से पैसे निकल चुके हैं तो इसमें सतर्कता जरूरी है। उन्होंने बचत योजना के बारे में भी लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम पंचायत मजारा के सचिव जगवीर सिंह, प्रवेश कुमार सहित गणमान्य लोग उपस्थिति रहे। वहीं, कांगड़ा केंद्रीय सरकारी बैंक सीमित शाखा झलेड़ा द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन वीरवार को राजकीय उच्च पाठशाला बसाल लोअर में किया गया। बैंक शाखा प्रबंधक हरमिंद्र सिंह एवं सीनियर क्लर्क सुषमा देवी ने बच्चों को बैंक द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। हरमिंद्र सिंह ने बच्चों को नेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड का उपयोग व एजुकेशन लोन के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने छात्रों से कभी भी अपना एटीएम कार्ड का पासवर्ड किसी से भी शेयर न करने के बारे में बताया।

## साइबर फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

**ऊना।** ओपटेक आईटीआई टकराला मोड़ में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर, भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय से एलडीओ आशीष सांगड़ा, अग्रणी जिला बैंक के मुख्य प्रबन्धक गुरचरण भट्टी , प्रबंधक निदेशक सुशील शर्मा, धर्मपाल धीमान वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता, ऊना , कार्यक्रम संयोजक आकाश भरद्वाज साथ साथ 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एलडीओ आशीष सांगड़ा द्वारा विद्यार्थियों को बचत के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में सभी लोगों को बैंकों की विभिन्न प्रक्रियाओं, लेन-देन, डिजिटल बैंकिंग और विभिन्न ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण एवं साइबर फ्रॉड एवं उसे रोकने हेतु डिजिटल जागरूकता से जुड़े आवशक कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# वीरेंद्र कंवर बोले- हर दृष्टि से फेल हुई कांग्रेस सरकार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि भारजपा के प्रति जो लोगों में आस्था है। इसके कारण ही पूरे विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। संगठन की विचारधारा में आस्था जताने वाला कोई भी व्यक्ति इसका सदस्य बन सकता है। भाजपा के राज्य में 25 विधायक थे और जिस तरह से कुछ अन्य लोगों ने भी इस विचारधारा का समर्थन किया है तो इससे पार्टी को मजबूती मिली है। हालांकि वे एक पूर्व कांग्रेस विधायक को लेकर यह कहने से नहीं चूके कि व्यक्ति को सोच समझकर सियासी बयान देने चाहिए।



उन्होंने कहा कि सता में आने के लिए कांग्रेस ने जो गारंटिया दी थी वो अभी तक पूरा नहीं कर पाए। लोगों में एक अविश्वास पैदा हुआ है। भले विकास का मामला हो या कानून व्यवस्था की स्थिति हर दृष्टि से सरकार फेल हुई है। बर्खास्त विधायक भाजपा प्रत्याशी होंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा अथाह समुद्र है और बहुत सारे लोग इसमें आ रहे हैं। अगर लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव होते हैं तो भाजपा का मुख्यमंत्री भी होगा और प्रधानमंत्री भी। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता में होते हैं उन पर आरोप लगते हैं, लेकिन अब जो परिस्थितियों हैं इसमें माफिया पनपा है। उन्होंने कहा कि पिछले बीस सालों से उन्होंने कुटलैहड़ में माफिया नहीं पनपने दिया, लेकिन लोग स्वाद बदलना चाहते थे और अब लोगों ने स्वाद भी ले लिया और पता भी चल गया है।

कंवर ने कहा कि कांग्रेस का सत्ता सुख का जो नशा है वह दूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग उन्हें कभी मच्छी, बकरी और न जाने किन किन बातों को लेकर कीचड़ उछालते थे उनको भी जनता ने देख लिया है।

# नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच और व्यवहार की आवश्यकता: देवेंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विज्ञान दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला में धूमधाम से मनाया गया। विज्ञान दिवस पर विद्यालय के 261 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं 58 छात्र-छात्राओं ने गणित के विभिन्न कॉन्सेप्ट्स पर मॉडल्स तैयार कर प्रदर्शित किए। विज्ञान दिवस पर आयोजित विज्ञान सर्कल्स को अन्य भागों में बांटा गया, जिसमें जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के तहत 110 मॉडल्स प्रस्तुत किए गए। वहीं गणित के 20 ओरीगेमी, क्ले माडलिंग, पोस्टर्स एवं मॉडल्स प्रस्तुत किए गए। विज्ञान दिवस पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं परिचर्चा का उदघाटन देवेंद्र चंदेल, उप-निदेशक (शिक्षा), ऊना के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की स्वागत समिति के सदस्यों, अमित कुमार, गीता बिंद्रा, अनीता रतीश ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।



उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल मॉडल का अवलोकन करते हुए।

देवेंद्र ने छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनके प्रयासों को सराहा और अपने अभिभाषण में संदेश देते हुए कहा कि पूरा विश्व बहुत तेजी से बदल रहा है। इस बदलाव में विज्ञान की भूमिका सबसे अधिक होने के कारण नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच और व्यवहार की आवश्यकता है। उन्होंने विज्ञान विषयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं अलोक शर्मा, संजय कुमार, अंकिता संदीप कुमार एवं गणित के डॉ. सरिता, अजय कुमार एवं राकेश शर्मा को साधुवाद दिया और नई पीढ़ी की सुदृढ़ नींव रखने में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को भी विकास की दिशा में बढ़ रहे कदमों के लिए शुभकामनाएं दी। अनुशासन समिति में संजय , साधना, नेहा नेगी, सारिका, दिनेश राठौर एवं सुखदेव की भूमिका सराहनीय रही।

**राजनीति** भाजपा को विधानसभा चुनावों में ऊना जिले में चार सीटों पर मिली थी करारी हार

# अब लोस चुनावों में खुद को साबित करने में जुटे भाजपा नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भाजपा नेता लोकसभा चुनावों की आड़ में खुद को भी साबित करने की जुगत में हैं। चलो गांव की ओर कार्यक्रम हो अथवा कोई अन्य जनसंपर्क अभियान ये नेता मोदी सरकार और अपने एजेंडे से मतदाताओं को लुभाने में पीछे नहीं हैं। इनमें कई नेताओं की अपने क्षेत्र वर्चस्व को साबित करने की भी चुनौती है।

प्रदेश में सियासी हलचल के बाद भाजपा और कांग्रेस नेताओं की सक्रियता अचानक बढ़ने जा रही है। इसका कारण ऊना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा के उप चुनाव भी हो सकते हैं। ऐसी संभावनाओं को देखते हुए संभावित उम्मीदवार और नेता अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क करने लगे हैं। कांग्रेस की ओर से भी इन क्षेत्रों में जो संभावित दावेदार रहे हैं उनके समर्थक भी उत्साहित हुए हैं। हालांकि, कांग्रेस की ओर लोकसभा चुनावों को लेकर किसी तरह की हलचल शुरू नहीं हुई थी, लेकिन शिमला में हुए सियासी घमासान के बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में वर्चस्व दिखाने के लिए तैयार हो चुके हैं।

उधर, जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत पूरी तरह सक्रिय हो गई है। भाजपा के तमाम संगठन गांवों और कस्बों में बनाई गई रणनीति के तहत मतदाताओं के पास पहुंच रहे हैं। ऊना जिले में चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने के लिए बकायदा भाजपा के प्रमुख नेताओं सतपाल सत्ती और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर आदि ने कमान संभाली है। ऊना जिले में भाजपा द्वारा पिछले महीने से चलो गांव की ओर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इसमें भाजपा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती जो वर्तमान में ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स देकर मैदान में डट जाने की हिदायत दी है। उसके बाद सभी संगठन सक्रिय तौर पर मैदान में जुट गए हैं। कुटलैहड़ में भी पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर अपने पार्टी के प्रमुख लोगों के साथ गांव-गांव में पहुंचकर चलो गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। इस दफा संसदीय चुनाव में भाजपा नेताओं को जिले में अपनी पकड़ का एहसास भी कराने की चुनौती है। जिले में पांच में चार विधानसभा सीटों पर यहां कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। अब जो सीटें हारी हैं। वहां नेताओं के पास संसदीय चुनाव ऐसा अवसर है, जिसमें वे अपना रिपोर्ट कार्ड सुधारेंगे।



ऊना में एक केंद्रीय योजना के शुभारंभ पर उपस्थित राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर, अधिकारी और भाजपा नेता।

## 'चलो गांव की ओर' कार्यक्रम में जनता से जुड़े नेता

**भाजपा** के बलवीर चौधरी चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में अपनी पैठ को फिर से साबित करने के लिए चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जनता को भुनाने लगे हैं। इस कार्यक्रम से उन्हें एक दफा फिर से जनता से सीधे जुड़ने का अवसर मिल रहा है। हर घर तक उपस्थिति दर्ज करने के इस अवसर को न तो बलवीर चौधरी जाने देंगे और न ही कोई दूसरा। ऐसे ही गगरेट में विधानसभा चुनावों में मात खाने के बाद राजेश ठाकुर भी बदले के लिए पूरी मेहनत के साथ जुट गए हैं। वे स्वयं कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते जिससे आने वाले लोकसभा के आम चुनाव में फिर वैसी स्थिति पैदा हो। धरातल पर उतरकर यह नेता भी जुटा हुआ दिखाई दे रहा है।

